# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. V, Second Session, 2019/1941(Saka)**
**No.2, Tuesday, November 19, 2019/Kartika 28,1941(Saka)**

| S U B J E C T | P A G E S |
|---|---|
| **ORAL ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| *Starred Question Nos.21 to 25 | 10-55 |
| **WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS** | |
| Starred Question Nos.26 to 40 | 56-107 |
| Unstarred Question Nos. 231 to 460 | 108-658 |

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 659-660

**ASSENT TO BILLS** 660-661

**BUSINESS ADVISORY COMMITTEE** 661

8 th Report

**STANDING COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY, ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE** 662

325th Report

**ELECTIONS TO COMMITTEES**

(i) Committee on Public Accounts 662

(ii) Committee on Public Undertakings 663

(iii) Committee on Welfare of Scheduled Tribes and Scheduled Tribes 663

**MATTER UNDER RULE 377** 702-715

(i) Need to develop the path of '84 Kosi Parikarma' in Sitapur and Hardoi districts of Uttar Pradesh

Shri Ashok Kumar Rawat 702

(ii) Need to recover leased Government land lying unutilized in Satna district, Madhya Pradesh

Shri Ganesh Singh 703

(iii) Regarding a railway line from whitefield to Chittoor via Mulabagale in Karnataka

Shri S. Muniswamy 703

(iv) Need to address the problem of scarcity of drinking water in Latur Parliamentary Constituency, Maharashtra
Shri Sudhakar Tukaram Shrangre 704

(v) Need to set up a medical college at Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar
Shri Sushil Kumar Singh 704

(vi) Need to enhance the ceiling for procurement of moong by Government agencies in Rajasthan
Sushri Diya Kumari 705

(vii) Regarding utility of existing free trade agreements
Shri G. S. Basavaraj 705

(viii) Regarding land pattas in Tripura
Shri Rebati Tripura 706

(ix) Need to dissolve the committee to monitor implementation of laws prohibiting commercial use of residential premises
Shri Parvesh Sahib Singh Verma 706

(x) Need to provide electricity connection to farmers for operation of tubewells in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan
Shri Rahul Kaswan 707

(xi) Regarding development of Rourkela as a smart

city

Shri Jual Oram 707

(xii) Need to set up a Passport Seva Kendra in Jalaun district, Uttar Pradesh

Shri Bhanu Pratap Singh Verma 708

(xiii) Regarding setting up of a Medical College in Rayagada district of Odisha

Shri Saptagiri Sankar Ulaka 709

(xiv) Regarding special cultural Heritage Pilgrim Tourism Circuit

Shri T. N. Prathapan 709-710

(xv) Regarding deaths caused due to falling into bore wells

Dr. T. Sumathy (A)Thamizhachi Thangapandian 710

(xvi) Need to develop Tarakeshwar Railway Station in Arambagh Parliamentary Constituency, West Bengal

Shrimati Aparupa Poddar 711

(xvii) Regarding problem faced by private security industry

Shri Lavu Srikrishna Devarayalu 711

(xviii) Need to amend the Cigarettes and Other Tobacco Products Act, 2003

Shri Shrirang Appa Barne 712

(xix) Need to expedite construction work on the stretch

of National Highway No. 333A from Barbhiga to Panjwara in Banka Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Giridhari Yadav 713

(xx) Regarding infestation of rice crop in Ambedkar Nagar Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh

Shri Ritesh Pandey 713

(xxi) Regarding allotment of land for construction of electric sub-station in Telangana

Shri Kotha Prabhakar Reddy 714

(xxii) Regarding privatization of BPCL

Adv. A.M. Ariff 714

(xxiii) Regarding development of Kollam Junction Railway Station in Kerala

Shri N. K. Premachandran 715

**DISCUSSION UNDER RULE 193**

**Air Pollution And Climate Change**

716-766

Shri Manish Tewari 716-720

Shri Pinaki Misra 721-725

Shri Parvesh Saheb Singh Verma 726-732

Dr. T. Sumathy (A) Thamizhachi Thangapandian 733-737

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar 738-742

Shri P. V. Midhun Reddy 743-745

Shri Arvind Sawant 746-749

Shri Dileshwar Kamait 750-751

Kunwar Danish Ali 752-753

Shri Nama Nageswara Rao 754-755

Dr. Amar Singh 756-758

Shri Gautam Gambhir 759-

Adv. A.M. Ariff 760-761

Shri P. Raveendranath Kumar 762

Shri Manoj Tiwari 763

Dr. Sanjay Jaiswal 764-766

**ANNEXURE – I**

Member-wise Index to Starred Questions 767

Member-wise Index to Unstarred Questions 768-772

**ANNEXURE – II**

Ministry-wise Index to Starred Questions 773

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 774

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakshi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Tuesday, November 19, 2019 / Kartika 28, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न संख्या 21- श्री बी.एन. बचेगौडा - उपस्थित नहीं ।

श्री एंटो एन्टोनी - उपस्थित नहीं ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

**11.02 hrs**

*(At this stage Shri Kodikunnil Suresh and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.)*

**(Q.21)**

**श्रीमती संगीता आजाद :** महोदय, सरकार किसानों की आय को दोगुना करने की बात करती है, किन्तु मौजूदा समय में किसान धान की कटाई कर चुका है और गेहूं, मटर, चना, सरसों आदि फसलों की बुआई शुरू करने में डर रहा है, क्योंकि उसे डर है कि आवारा पशु उसकी फसल को नष्ट कर देंगे । क्या सरकार आवारा पशुओं द्वारा किसानों की फसल बर्बाद करने से होने वाली क्षति को किसानों की क्षतिपूर्ति के रूप में देने पर विचार करेगी? साथ ही साथ क्या सरकार किसानों को डीजल व बिजली पर सब्सिडी देने पर विचार करेगी?…(व्यवधान)

**श्री परषोत्तम रूपाला:** माननीय अध्यक्ष महोदय, वैसे तो जो प्रश्न है, वह मूल प्रश्न से अलग है, मगर माननीया सांसद ने आवारा पशुओं से जो किसानों की फसलों को नुकसान हो रहा है, उसके संबंध में जानकारी लेनी चाही है और बिजली और डीजल में सब्सिडी मुहैया कराने की बात कही है । …(व्यवधान) । मैं आपके माध्यम से माननीया सांसद को बताना चाहूंगा कि राज्य सरकारों द्वारा इस विषय में कई कदम उठाए गए हैं और अगर इसमें राज्य सरकार की ओर से किसी भी स्कीम के तहत इस प्रश्न को किसी प्रोजेक्ट के रूप में भारत सरकार के सामने रखने का प्रयास होगा तो हम अवश्य इसे देखेंगे और आगे के लिए कोई कार्यवाही करेंगे । पेट्रोल, डीजल आदि में अभी सब्सिडी देने का कोई विचार नहीं है । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** श्री टी.आर. बालू जी । आपने आग्रह किया था कि आप प्रश्नकाल में सवाल पूछना चाहते हैं । मैं आपसे आग्रह करूंगा कि कृपया अपनी सीट पर जाकर इस महत्वपूर्ण विषय पर सवाल पूछें । **…(व्यवधान)**

**श्री दुष्यंत सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पद संभालने के बाद कई काम किए हैं । प्रधान मंत्री किसान मानधन योजना

इन्होंने शुरू की है । ...(व्यवधान) । इन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड के बारे में बात की है । मैं सरकार से यह जानना चाहूंगा कि क्रॉप डायवर्सिफिकेशन और क्रॉप को बढ़ाने का जो काम आप कर रहे हैं, उसमें ऐसा क्या कर रहे हैं जिससे किसानों की आय और बढ़े । आपने ऑर्गेनिक फार्मिंग के बारे में कहा है । हमारे किसान, जो सोयाबीन उगाते हैं, उनको आप आगे क्या देंगे? ...(व्यवधान) उनको आप आगे क्या देने जा रहे हैं? आपने कहा है कि हम आगे उत्पादन बढ़ाएंगे, लेकिन किस तरह से बढ़ाएंगे? ...(व्यवधान) राजस्थान में पीएम मान धन योजना में लगभग 27 हजार लोगों का एनरोलमेंट हुआ है । इस योजना से हम किसानों को किस प्रकार से जोंड़ेंगे, ताकि किसानों को लाभ पहुंचे और खेती का प्रोडक्शन बढ़ सके और हमारे क्षेत्र में उत्पादन बढ़ाने के लिए आप क्या करेंगे? ...(व्यवधान)

**श्री परषोत्तम रूपाला :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सांसद महोदय ने बहुत ही महत्वपूर्ण सवाल उठाया है । यह आपके प्रदेश से भी जुड़ा हुआ मसला है ।...(व्यवधान) उन्होंने दो सवाल पूछे हैं । अभी पीएम किसान मान धन योजना में किसानों को तीन हजार रुपये 60 साल की उम्र के बाद मिलने की एक बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है जो हमारे आदरणीय प्रधान मंत्री जी के निर्देश पर हमारे डिपार्टमेंट की तरफ से रोलआउट हुई है । पूरे देश में इसको बहुत ही अच्छा रिस्पोंस मिल रहा है । मैं राजस्थान की सरकार से और राजस्थान के कृषि मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा किसानों को इसमें रजिस्टर करें ।...(व्यवधान) इस योजना में 50 रुपये से लेकर 200 रुपये तक मासिक अंशदान जमा करवाना होता है । 60 साल की उम्र होने पर उसको तीन हजार रुपये प्रति माह का मुआवजा सरकार की ओर से लाइफ टाइम मिलता है । ...(व्यवधान) एक प्रकार से उसको 60 साल के बाद जब एक सहारे की आवश्यकता होती है तो उसको एक परमानेंट सहारा मिल सकेगा । मगर इसमें राजस्थान की सरकार को इनीशिएटिव लेकर ज्यादा से ज्यादा किसानों को जोड़ने का प्रयास करना चाहिए ।

दूसरा सवाल माननीय सदस्य ने यह पूछा है कि वहां के सोयाबीन उगाने वाले किसानों को हम किस प्रकार से सहायता कर सकते हैं ।…(व्यवधान) मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हमने राजस्थान के सभी एमपीज़ को हमारे पूसा संस्थान में बुलाकर हमारे वैज्ञानिकों से इंटरैक्ट करवाया था । उसमें उस प्रदेश के किसानों को उस प्रदेश की आवश्यकता के अनुसार सरकार की स्कीमों की जानकारी साझा की गयी थी ।…(व्यवधान) इसमें सरकार के द्वारा ड्रिप इरिगेशन और ऑर्गेनिक फार्मिंग के लिए जिस प्रकार की सहायता दी जाती है, उसको लोगों और किसानों के बीच में पहुंचा कर और इन सभी सहायताओं का लाभ उठाकर अपने खेत में प्रयोग करते हुए अपनी आमदनी बढ़ाने का प्रयास कर सकते हैं । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री ए. राजा ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आज किसानों से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर इस सदन में चर्चा हो रही है, लेकिन आप किसानों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा नहीं करना चाहते हैं । यह सदन की अच्छी परम्पराएं नहीं हैं ।

श्री सुनील कुमार मंडल ।

…(व्यवधान)

**SHRI SUNIL KUMAR MONDAL :** Sir, till today, the farmer of India remains neglected.…(*Interruptions*) We say that the income of the farmers of India has doubled but it is seen that the situation in respect of most of the agricultural products is getting worse due to not getting proper price.…(*Interruptions*) So, my

question to the hon. Minister is that whether there is any plan wherein there will be a proper pricing of every agricultural product, and wherein rice and wheat can be easily bought and sold. Is there any plan to set up an agricultural industry?…(*Interruptions*)

**श्री परषोत्तम रूपाला :** माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने एग्रीकल्चरल प्रोडक्ट्स के प्राइस के बारे में बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है । …(व्यवधान) मैं वैल में खड़े अपने सभी साथियों से शांति से किसानों के इस महत्वपूर्ण सवाल के बारे में सरकार की राय सुनने की विनती कर रहा हूँ । …(व्यवधान) आजादी के बाद पहली बार इस देश के प्रधान मंत्री के निर्देश से किसानों की फसल के दाम, जो एमएसपी तय हुआ करता था, उसमें नीतिगत निर्णय लेते हुए, उसकी लागत के ऊपर 50 प्रतिशत का मुनाफा लगा कर एमएसपी तय करने का ऐतिहासिक निर्णय हमारी सरकार ने लिया है । …(व्यवधान) इसके चलते किसानों को अब उसकी जिंसों के दाम सही मिलें, उसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं । …(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से इस सभा पटल पर एक तथ्य को रखना चाहूंगा । …(व्यवधान) एमएसपी के भाव तय हो जाने से किसान को क्या मिलता है, वह एक अलग विषय है । …(व्यवधान) लेकिन मैं आपको दो फिगर्स बताऊंगा, जिससे आपको और आपके माध्यम से देश के किसानों की जानकारी में रहे कि एमएसपी के डेढ़ गुना दाम से, जब एमएसपी तय की गई, उसके बाद सन् 2009 से 2014 तक जितनी खरीद हुई थी, उसका वॉल्युम था 7.24 लाख मीट्रिक टन । …(व्यवधान) सन् 2014-2019 के काल खंड के दौरान, जब से भाजपा की सरकार आई, जब से मोदी जी प्रधान मंत्री बने, इस पांच साल के काल खंड में जो सात लाख की खरीदी थी, वह 91.49 लाख मीट्रिक लाख टन तक पहुंच गई है । …(व्यवधान) सात लाख के सामने करीबन सौ लाख टन, तो यह खरीदी किसानों के हित में सरकार की मदद से हो रही है और उनके दाम सीधे किसानों के

खाते में जा रहे हैं । …(व्यवधान) अब बिचौलियों को कुछ नहीं मिल रहा है । …(व्यवधान) यह संदेश मैं आपके माध्यम से किसानों को देना चाहता हूँ । …(व्यवधान)

**डॉ. जी. रणजीत रेड्डी :** माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारी तेलंगाना सरकार किसानों के एक एकड़ के लिए दस हज़ार रुपये सब्सिडी इनपुट दे रही है । …(व्यवधान) वहीं भारत सरकार केवल छह हज़ार रुपये प्रति पांच एकड़ के लिए दे रही है । …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से भारत सरकार और कृषि मंत्री को भी कहना चाहूंगा कि अगर तेलंगाना में किसी किसान के पास पांच एकड़ है तो उसको 50 हजार रुपये इनपुट सब्सिडी मिल रही है । …(व्यवधान) वहीं भारत सरकार के हिसाब से पांच एकड़ के लिए सिर्फ छह हजार रुपये ही मिल रहे हैं । …(व्यवधान) इसलिए मेरी विनती है कि इसको छह हजार रुपये से बढ़ा कर 10 हजार रुपये प्रति एकड़ किया जाए ।

महोदय, ई-नैम के माध्यम से 22 हजार मंडलों में से अभी केवल 585 मंडल ही कनैक्ट हुए । मैं आपके माध्यम से यही पूछना चाहता हूँ कि सभी 22 हजार मंडलों को ई-नैम से कनैक्ट करने के लिए और कितने साल लगेंगे?

**श्री परषोत्तम रूपाला :** माननीय अध्यक्ष महोदय, तेलंगाना के माननीय सदस्य ने तेलंगाना सरकार के द्वारा किसानों को जो सहायता दी जाती है, उनका फिगर देते हुए भारत सरकार से अनुरोध किया है कि हम इसमें वृद्धि करें । …(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूँ कि यह छह हज़ार रुपये हर किसान को देने का फैसला भारत सरकार ने पहली बार किया है और यह पूरे देश के किसानों के लिए है, किसी एक राज्य के लिए नहीं है । …(व्यवधान) कृषि वैसे तो राज्य का विषय है । …(व्यवधान) सभी राज्य अपने-अपने किसानों के लिए अपनी-अपनी योजनाएं चलाते हैं । …(व्यवधान) तेलंगाना सरकार किसानों की जो मदद कर रही है, उसके लिए मैं इनको धन्यवाद देता

हूँ । ...(व्यवधान) परंतु भारत सरकार ने पहली बार यह छह हजार रुपये किसानों को देने का फैसला किया है और देश के सात करोड़ किसानों तक पहुंचाने का काम भी किया है । ...(व्यवधान)

मैं नहीं मानता हूं कि आज से पहले कभी इतनी मात्रा में डायरेक्ट बेनिफिट किसानों के एकाउंट में दिया हो ।...(व्यवधान) दूसरी बात उन्होंने यह भी कही है कि हमारे प्रोग्राम से राज्य के किसानों को क्या मदद मिल रही है, वह सारे प्रोग्राम्स इसमें हैं । वे कहेंगे तो मैं डिटेल आपके सामने रख दूंगा ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दुगुनी हो, इस महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है । आप सभी माननीय सदस्य भी इस पर सवाल पूछते हैं । मैं अंतिम बार मौका दे रहा हूं, अगर आप इस पर सवाल करना चाहते हैं तो अपनी सीट पर चले जाएं अन्यथा मैं नेक्स्ट क्वेश्चन बुलाऊँगा । मैं फिर इस महत्वपूर्ण विषय पर आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि किसानों की आय को दुगुना करने के सवाल पर सदन में प्रश्न है, एक मौका आपको फिर दे रहा हूं । आप अपनी सीट पर चले जाइये, अन्यथा मैं नेक्स्ट क्वेश्चन बोल रहा हूं ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** क्वेश्चन नंबर 22- श्री कुलदीप राय शर्मा । उपस्थित नहीं ।

एडवोकेट डीन कुरियाकोस ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय मंत्री जी, आप उत्तर दे दें ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री प्रतापराव जाधव, क्या आप सप्लीमेंट्री पूछना चाहते हैं?

…(व्यवधान)

**(Q.22)**

**कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कैलाश चौधरी):**

(क) से (च) एक विवरण सभापटल पर रख दिया गया है।

**(Q. 23)**

**श्री धर्मवीर सिंह :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूँ, क्योंकि हमारे देश के अंदर जिस प्रकार से रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों का प्रयोग हो रहा है, उसकी वजह से हम ऑरिजनल गेहूं, सब्जियां या फल-फ्रूट्स नहीं खा पाते हैं।…(व्यवधान) उसी की वजह से बीमारियों ने सारे देश को बुरी तरह से घेर लिया है । करोड़ों-अरबों रुपयों की दवाइयों के बावजूद हमारा इलाज नहीं हो पाता है ।…(व्यवधान) इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार के पास ऐसी कोई योजना है कि हम रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों के बजाय जैविक खाद को बढ़ावा देने के लिए किसी प्रकार से हम खाली जमीन में 20 हजार रुपये प्रति एकड़ केन्द्र और प्रदेश की सरकार से मिलकर दें या इस प्रकार से जैविक खाद तैयार करने के लिए, जिस प्रकार से देश में बहुत सी गौशालाएं हैं, हम गौशालाओं को डायरेक्ट पैसा देकर जैविक खाद बनाने के लिए कोई कार्रवाई कर रहे हैं।…(व्यवधान) दूसरा, आज के दिन जिस प्रकार से पर्यावरण खराब है और हम रिपर के लिए, जिससे हम जीरी का बचा हुआ अवशेष या गेहूं का अवशेष उसके लिए रिपर केन्द्र और प्रांत की सरकार मिलकर अगर उसका प्रबंध कर दें, उसी से हम जैविक खाद भी तैयार कर सकते हैं और उसी से हम पर्यावरण को भी बचा सकते हैं । मैं माननीय मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूँ।…(व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी:** माननीय अध्यक्ष महोदय, कृषि के विषय पर विपक्ष जिस तरह से हंगामा कर रहा है, इनका कोई मुद्दा नहीं है ।…(व्यवधान) माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है कि जैविक खेती के लिए सरकार की कौन सी योजना है, जो किसान के लिए लाभकारी सिद्ध हो सके । हमारी सरकार के द्वारा किसानों के लिए पूंजी निवेश राजसहायता स्कीम प्रारम्भ की गई है, जिसके अंदर किसान को एक करोड़ 60 लाख रुपये अधिकतम सीमा तक जैविक बीज किस तरह से तैयार करें, जैविक खाद किस तरह से हो, उसके लिए राज्य सरकार का भी प्रावधान है ।…(व्यवधान) अगर कोई व्यक्तिगत किसान

चाहता है कि मैं जैविक खेती का प्लांट लगाना चाहता हूं तो उसके लिए भी अधिकतम 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है । दूसरा, परम्परागत कृषि विकास योजना, हमारी एक योजना है ।…(व्यवधान) उसके अंदर किसान को जैविक खेती के लिए 50 हजार रुपये तीन साल के लिए दिए जाते हैं, जिसमें 31 हजार रुपये सीधे किसान को दिए जाते हैं । इसी तरह से जो पूर्वोत्तर क्षेत्र हैं, उनके लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र जैविक मूल्य श्रृंखला विकास योजना शुरू की थी । …(व्यवधान) जिसके अंदर 25 हजार रुपये प्रति किसान तीन साल के लिए दिया जाता है।…(व्यवधान) इसी तरह से हमारे आईसीएआर के द्वारा भी प्रारम्भ किया गया है ।…(व्यवधान) राष्ट्रीय तिलहन और ऑयल पाम मिशन को भी हमने चालू कर रखा है ।…(व्यवधान)

महोदय, इसके साथ ही मैं आपके माध्यम से सदन को यह भी बताना चाहता हूँ।…(व्यवधान) इस जैविक खेती के लिए हमने…(व्यवधान) जिस तरह से यह बात आयी कि इसमें आपने पराली के लिए कुछ नहीं रखा है ।…(व्यवधान) गेहूँ के अवशेष खेत में बच जाते हैं, उसके लिए भी हमारी सरकार की तरफ से योजना है कि हम किस तरह से पराली को खेत के अंदर खाद के रूप में प्रयोग में ले सकें ।…(व्यवधान) हम कह सकते हैं कि डीकम्पोजर का भी जैविक खेती के अंदर बहुत बड़ा महत्व है ।…(व्यवधान) इसके साथ ही मैं आपको बताऊँ कि हमने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्लान भी किया है ।…(व्यवधान) सॉइल हेल्थ कार्ड स्कीम के अंतर्गत हमने दस बायो फर्टिलाइजर यूनिट भी स्थापित की हैं ।…(व्यवधान) इसके साथ ही हमारी परम्परागत कृषि योजना है ।…(व्यवधान) इसके अंदर हमने प्रथम चरण (वर्ष 2015-17) के अंदर 947 करोड़ रुपये का जैविक खेती के लिए आबंटन किया था ।…(व्यवधान) उसमें से हमने 646 करोड़ रुपये खर्च किए ।…(व्यवधान) इसका 6 लाख किसानों को सीधा लाभ हुआ था ।…(व्यवधान) इसी तरह जो हमारा दूसरा चरण वर्ष 2018-19 के अंदर चल रहा है, इसके अंदर भी किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है ।…(व्यवधान) 3 लाख 50 हजार हैक्टेयर एरिया के अंदर इसको कवर

किया है ।...(व्यवधान) इसके साथ ही 6 लाख 85 हजार करोड़ रुपये का आवंटन भी किया है ।...(व्यवधान) इसके साथ ही इसके ऊपर 2 लाख 95 हजार करोड़ रुपये खर्च भी हो चुके हैं ।...(व्यवधान) इसका सीधा-सीधा 15 लाख किसानों को लाभ भी मिला है।...(व्यवधान) मैं आपसे यह कह सकता हूँ कि किसानों के लिए जैविक खेती के माध्यम से, ...(व्यवधान) आने वाले समय में हमारे किसानों के लिए, जो आज रासायनिक खाद का प्रयोग करने से बहुत नुकसान हो रहा है ।...(व्यवधान) किसानों को जैविक खेती से फायदा हो सके।...(व्यवधान) किसानों को जैविक खेती की तरफ किस तरह से आकर्षित कर सकें।...(व्यवधान) सरकार का इस तरफ पूरा ध्यान है ।...(व्यवधान)

**श्री धर्मवीर सिंह :** महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह जानना चाहता हूँ ।... (व्यवधान) हमारे हरियाणा प्रदेश के अंदर सबसे ज्यादा गेहूँ और जीरी पैदा होती है ।...(व्यवधान) पिछले दिनों माननीय प्रधान मंत्री जी जब ब्राजील गए थे ।...(व्यवधान) हमारा एक फैसला, जिसके बारे में माननीय प्रधान मंत्री जी का स्टैंड रहा था ।...(व्यवधान) मैं पूछना चाहता हूँ, क्योंकि हमारी एक्सपोर्ट क्वालिटी रासायनिक खाद खेतों में डालने की वजह से गेहूँ और जीरी बिगड़ चुकी है ।...(व्यवधान) क्या कोई ऐसी स्कीम दोनों प्रदेशों हरियाणा और पंजाब के अंदर बनाई जाएगी कि किसान को कुछ डायरेक्ट पैसा दिया जाए ताकि वह रासायनिक खाद की बजाय जैविक खाद ज्यादा तैयार कर सके ।...(व्यवधान) ज्यादा नहीं तो कम से कम 20 हजार रुपये प्रति एकड़ अगर आप दें तो हम दावा कर सकते हैं, हरियाणा और पंजाब का किसान दावा कर सकता है कि वे सबसे ज्यादा बढ़िया क्वालिटी का चावल और गेहूँ पैदा कर सकते हैं ।...(व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी :** महोदय, जैसा माननीय सदस्य ने कहा है कि कृषि के क्षेत्र अंदर जैविक खेती के लिए हम किस तरह से सहायता करते हैं ।...(व्यवधान) मैंने इसके बारे में अपने जवाब में कहा है ।...(व्यवधान) जैविक खेती का उपयोग करने वाले किसानों के लिए हमारी सरकार की ओर से 50

हजार रुपये तक तीन साल के लिए दिए जाते हैं ।…(व्यवधान) 31 हजार रुपये सीधा उसके खाते में आए हैं ।…(व्यवधान) किसानों के लिए आपने चिंता की है ।…(व्यवधान) निश्चित रूप से मैं मानता हूँ कि इससे पहले जो सरकारें रही हैं ।…(व्यवधान) जो कांग्रेस की यूपीए सरकार थी, उन्होंने इसके ऊपर इतना ध्यान नहीं दिया ।…(व्यवधान) उस समय खेती में रासायनिक खाद का उपयोग ज्यादा किया गया । …(व्यवधान) उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा नहीं दिया ।…(व्यवधान) उन्होंने जैविक खेती के लिए कोई योजना नहीं बनाई ।…(व्यवधान) इसकी वजह से आज कई तरह की बीमारियाँ कान्स्टिपेशन आदि होती हैं ।…(व्यवधान) अगर यूपीए सरकार के समय में इस बात का विशेष ध्यान दिया गया होता, तो मैं समझता हूँ कि इससे किसानों और आम आदमी के लिए बहुत बड़ा लाभ होता ।…(व्यवधान) जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए आज प्रयास किये जा रहे हैं ।…(व्यवधान) इससे कई तरह के लाभ होते हैं ।…(व्यवधान) एक तो जैविक खेती में लागत कम आती है ।…(व्यवधान) इसके उत्पादन का ज्यादा से ज्यादा एक्सपोर्ट भी होता है ।…(व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी का लक्ष्य वर्ष 2022 तक किसानों की आमदनी को दोगुना करना है ।…(व्यवधान) किसानों की आमदनी को दुगना करने के लिए हमारे किसानों के उत्पादन का एक्सपोर्ट अधिक से अधिक होना चाहिए ।…(व्यवधान) इसके अंदर हमने उत्पादन की क्वांटिटी को बहुत बढ़ाया है ।…(व्यवधान)

हमारी सरकार किसानों में जैविक खेती के प्रति जागरूकता के लिए भी प्रयास कर रही है कि जैविक खेती के माध्यम से जैव उर्वरकों का अधिक से अधिक प्रयोग करें ।…(व्यवधान) इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं ।…(व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी का लक्ष्य है कि आने वाले समय में हम जैविक खेती को बढ़ावा दें और किसानों की आमदनी भी बढ़ाएं, इसके लिए हमारी सरकार प्रसार कर रही है ।…(व्यवधान) लेकिन, विपक्ष जिस तरह से किसानों से संबंधित मुद्दों के समय आज हल्ला कर रही है, उससे साफ जाहिर होता है कि इनका किसानों के प्रति कोई रुझान नहीं है, किसानों के प्रति

कोई सोच नहीं है ।...(व्यवधान) आज पूरा देश इन्हें देख रहा है कि इतने महत्वपूर्ण विषय के ऊपर ये इस तरह से अपने स्वार्थ के लिए ऐसे मुद्दों को उठा रहे हैं, जिनका कोई औचित्य नहीं है ।...(व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय सदस्य को आश्वस्त करना चाहता हूं कि आपने जैसा कहा है, अगर आप किसी योजना का लाभ लेना चाहते हैं तो आप आइए ।...(व्यवधान) हम सब मिलकर किसानों की आमदनी दुगुनी करें ।...(व्यवधान) इसके लिए हम जैविक खेती को प्राथमिकता दें ।...(व्यवधान) आपका विषय बहुत अच्छा था ।...(व्यवधान) मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।...(व्यवधान)

**श्रीमती शारदा अनिल पटेल :** अध्यक्ष महोदय, जैविक खाद से किसानों एवं उपभोक्ताओं को कई अपरोक्ष लाभ होते हैं ।...(व्यवधान) जैविक खाद के उपयोग से जहां मिट्टी की गुणवत्ता एवं उपजाऊ शक्ति बढ़ती है, वहीं उपभोक्ताओं को बेहतर स्वादिष्ट और पोषक मूल्य वाले आहार के साथ स्वस्थ आहार मिलता है ।...(व्यवधान) जैसा कि कई रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि आज मानव जीवन के लिए अति आवश्यक तत्व, जैसे वायु और जल काफी प्रदूषित हो चुके हैं, तब मिट्टी और अन्न को प्रदूषित होने से बचाने में जैविक खाद का महत्व बहुत बढ़ जाता है ।...(व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहती हूं कि पिछले तीन वर्षों में सरकारी क्षेत्र की कंपनियों, जैसे कृभको, इफ्को, नाफेड आदि ने जैविक खाद का कितना उत्पादन किया है एवं अगले तीन सालों में जैविक खाद के उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु इन कंपनियों को सरकार ने क्या निर्देश दिया है?...(व्यवधान)

**श्री कैलाश चौधरी:** माननीय सदस्या ने जो विषय उठाया है कि कंपनियां कितने जैव उर्वरक का उत्पादन कर रही हैं तो उसके आंकड़े मैं आपको अलग से दे दूंगा, लेकिन मेरा यह कहना है कि सरकार का एक ही लक्ष्य है कि हम कम लागत में किसानों को अधिक से अधिक लाभ दे सकें, उसके लिए हमारी सरकार ने सॉयल हेल्थ कार्ड के माध्यम से मिट्टी की चिंता की है ।...(व्यवधान) जिस

तरह से माननीय प्रधान मंत्री जी ने पूरे देश के अन्दर सॉयल हेल्थ कार्ड की योजना प्रारम्भ की है, उसके अंतर्गत किस तरह से मिट्टी को ज्यादा न्यूट्रिएंट्स मिलें, उसके लिए हमारे प्रयास जारी हैं ।...(व्यवधान) पूरे देश के अन्दर जो सॉयल हेल्थ कार्ड्स बने हैं, उसका यही उद्देश्य है कि हम किसानों को इसके माध्यम से जैविक खाद से अधिक से अधिक जोड़ते हुए उन्हें इसका लाभ दे सकें ।...(व्यवधान)

आपने किसानों की चिंता की है कि हम जैविक खेती के माध्यम से उन्हें लाभ दें तो निश्चित रूप से उन्हें आने वाले समय में इसका लाभ मिलेगा ।...(व्यवधान) आपने कंपनियों की जिस तरह से बात की है, उसे भी हम करने की बात करेंगे और किसानों के हितों में जो भी निर्णय होंगे, वे निश्चित रूप से हमारी सरकार के द्वारा किए जाएंगे ।...(व्यवधान)

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:** माननीय अध्यक्ष महोदय**,** आज देश में कैंसर जैसी बीमारियां बहुत तेजी से बढ़ रही हैं ।...(व्यवधान) मैं पेशे से एक डॉक्टर हूं तो मैं आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि शायद केमिकल फर्टिलाइजर्स की वजह से ये बीमारियां बढ़ रही हैं और आई. सी. एम. आर. ने 'कीटनाशकों का स्वास्थ्य पर प्रभाव' नाम से एक अध्ययन भी शुरू किया है ।...(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि जैविक फर्टिलाइजर्स को बढ़ावा देने के लिए, परंपरागत खेती को बढ़ावा देने के लिए हम क्या ठोस प्रयास कर रहे हैं ताकि इस प्रकार की जो बीमारियां हैं, उन पर हम अंकुश लगा सकें? ...(व्यवधान) हमारी परंपरागत कृषि पद्धति से बहुत ही फायदा होता है और हमारे नॉर्थ-ईस्टर्न स्टेट्स में उसे बहुत अच्छी तरह से लागू किया जाता है ।...(व्यवधान) पूरे भारत में इसे लागू करने के लिए हमारे मंत्रालय की ओर से क्या प्रयास किए जा रहे हैं, यह मैं जानना चाहता हूं ।...(व्यवधान)

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री; ग्रामीण विकास मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य से अनुरोध करना चाहता हूं । सामान्य तौर पर यह चर्चा चलती रहती है कि खेती में रासायनिक उर्वरक और पेस्टिसाइड के प्रयोग से कैंसर होता है । …(व्यवधान) लेकिन इस प्रकार की कोई अध्ययन की रिपोर्ट नहीं आई है । आईसीएआर और आईसीएमआर ने भी अभी इस प्रकार का कोई प्रमाण नहीं दिया है कि इससे हमारे जीवन पर किसी प्रकार का नुकसान पड़ता है । अभी आईसीएआर ने एक अध्ययन की शुरुआत की है । जब इसकी रिपोर्ट आएगी, तो उस हिसाब से सोचा जाएगा ।…(व्यवधान) लेकिन मैं सामान्य तौर पर आपके माध्यम से सभी सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूं कि रासायनिक उर्वरक और पेस्टिसाइड इन दोनों का जब सही उपयोग होगा, तो निश्चित रूप से किसानों की उत्पादकता बढ़ेगी और पानी की खपत भी कम होगी ।…(व्यवधान) इससे किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य भी मिल सकेगा ।

जहां तक जैविक खेती का मामला है, जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने अनेक स्कीमों को संचालित किया है । इसका फायदा आज पूरे देश को मिल रहा है । …(व्यवधान) भारत के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पहली बार कृषि निर्यात नीति बनाई गई है, जिसमें हम कृषि निर्यात को वर्ष 2022 तक दोगुना करना चाहते हैं ।…(व्यवधान) जहां तक कृषि के माध्यम से कृषक की आमदनी को दोगुना करने का मामला है, माननीय अध्यक्ष महोदय, अगर वर्ष 2022 तक कृषकों की आमदनी को दोगुना करना होगा, तो एक ही चीज पर ध्यान देने से काम नहीं चलेगा ।…(व्यवधान) हमको कृषि के क्षेत्र में बहुआयामी प्रयास करने पड़ेंगे ।…(व्यवधान) हमें उर्वरकों का भी उपयोग करना पड़ेगा, पेस्टिसाइडज़ का भी उपयोग करना पड़ेगा और जैविक खेती को भी बढ़ावा देना पड़ेगा ।…(व्यवधान) इस बार बजट में माननीय प्रधान मंत्री जी के निर्देश से जीरो बजट खेती की भी घोषणा की गई है । हमारी जो प्राकृतिक पद्धति है, जिसको आज तक उपेक्षित कर रखा था,

उसकी भी घोषणा की गई है ।...(व्यवधान) उसके अनुसार भी स्कीम्स बन रही हैं और उनका फायदा भी देश को मिलेगा ।

**SHRI MARGANI BHARAT**: Hon. Speaker, Sir, I have three questions regarding this issue. Firstly, how is the Ministry going to improve the quality of bio-fertilizers available in the market? Secondly, what are the steps taken to make well-qualified micro-biologists are appointed by the industry to take care of production, marketing and distribution of all bio-fertilizers? Thirdly, what is the regulatory mechanism that the Ministry proposes to bring in to regulate bio-fertilizers in the country?

**श्री कैलाश चौधरी:** अध्यक्ष महोदय**,** मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि हमारे किसानों के लिए जीरो बजट फार्मिंग का प्रावधान रखा गया है ।...(व्यवधान) इसके साथ ही उसके अंदर हमारी गाय का भी बहुत बड़ा महत्व है, जिससे हमारे किसान के लिए डिकम्पोजर का उपयोग किया जाएगा ।...(व्यवधान) डिकम्पोजर से किसान की जो खाद है, उस खाद को बनाने के लिए उसके अंदर पानी तथा गुड़ को डालकर तैयार किया जाता है । ...(व्यवधान) किसान के लिए इसको बहुत बड़ा महत्व दिया जाता है । यह आने वाले दिनों में किसान के लिए काफी उपयोगी साबित होगा । यह 40 दिन तक खेत के अंदर रहेगा ।...(व्यवधान) उसकी जितनी खाद या कम्पोस्ट है, गाय के गोबर से बनी जो खाद है, जब हम उसको 40 दिन तक एक जगह डालकर रखेंगे, तो उससे मित्र जीव पैदा होंगे ।...(व्यवधान) इस तरह से मित्र जीव को किसान के बीज से मिक्स किया जाएगा और उसमें लिक्विड भी होगा ।...(व्यवधान) इस प्रकार आईसीएआर के वैज्ञानिकों के माध्यम से कई प्रकार के प्रयोग किए जा रहे हैं ।...(व्यवधान) इसका हम जैविक खेती के अंदर किस प्रकार से अधिकाधिक प्रयोग करें । इसकी वजह से हमारे किसानों की इनकम भी बढ़ेगी । हमने इस बारे में

आईसीएआर के अंदर प्रयोग करके भी देखा है । इसके माध्यम से 15 से 25 प्रतिशत तक फसल का उत्पादन भी बढ़ा है ।...(व्यवधान) इसलिए मैं आप से कह सकता हूं कि आने वाले समय में हमारे किसानों को 'आत्मा' योजना के माध्यम से भी काफी फायदा मिलेगा । 'आत्मा' योजना के अंदर हमारे कृषि विज्ञान केन्द्र भी हैं । वहां पर भी ट्रेनिंग दी जाती है । 'आत्मा' योजना के तहत किसानों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है कि हमें जैविक खेती के अंदर किस तरह से फसल को बोना है, किस तरह से खाद का उपयोग करना है ।...(व्यवधान) इस प्रकार की सारी ट्रेनिंग देकर हम किसानों को आने वाले समय में जैविक खेती की तरफ ले जाएंगे । हम विदेशों में इसका एक्सपोर्ट भी करते हैं । एक्सपोर्ट के अंदर हमारे रासायनिक खाद का उपयोग करने की मांग कम है । जैविक खेती के लिए सरकार की तरफ से बढ़ावा दिया जा रहा है । हमारी तरफ से इसके लिए अलग से ट्रेनिंग भी दी जा रही है ।...(व्यवधान) किसानों में जागरूकता इसके लिए महत्वपूर्ण है ।...(व्यवधान) मैं सदन के सभी सदस्यों से भी कहूंगा कि वे इस बात को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं, ताकि अपने-अपने क्षेत्र में किसान इसका ज्यादा प्रयोग करें ।...(व्यवधान) किसान पेस्टीसाइड या अन्य केमिकल युक्त उर्वरक का कम मात्रा में प्रयोग करेंगे, तो इसका फायदा होगा ।...(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी :** महोदय, छोटे मंत्री और बड़े मंत्री ने जो इस विषय पर उत्तर दिया, यह सचमुच बहुत ही सराहनीय है । यह दुर्भाग्य है कि हमारे विपक्ष के लोग इसका लाभ नहीं उठा पा रहे हैं ।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय, मैं सदन को जानकारी देना चाहूंगा कि आज मैं अपने जिले के एक बड़े किसान के रूप में पिछले कुछ वर्षों में विकसित होकर आया हूं ।...(व्यवधान) बहुत सारे कार्यों के बीच में खेती में भी मेरा लगाव बहुत बढ़ चुका है ।...(व्यवधान) आप सब लोगों से आग्रह करूंगा कि जैविक खेती का क्या स्वरूप हो सकता है, इसे समझने के लिए मैंने अपने आप के लिए यह किया था ।...(व्यवधान) मैंने अपने आप के लिए जैविक खेती के संदर्भ में इसे किया था और जिस प्रकार से

अगल-बगल के किसान उसको अपना रहे हैं, मैं समझता हूं कि यह बहुत है ।…(व्यवधान) मूलत: यह राज्य सरकार का विषय होता है और राज्य सरकार को बड़ा समर्थन इसमें दें, तो उसका लाभ होता है । हमारे साथ लोगों की कठिनाई क्या है कि जो बड़ी योजनाएं जैविक फर्टिलाइजर्स के उपयोग के लिए भारत सरकार की जाती हैं, वह किसानों तक पहुंचने का जो माध्यम है, वह राज्य सरकार है और प्रखण्ड है और इन योजनाओं की रूप-रेखा क्या होगी, यह समझना कई बार हमारे लिए कठिन हो जाता है । …(व्यवधान) प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी या जिला कृषि अधिकारी होते हैं । इस पर विस्तार से इस सदन में आप जानकारी दे दें कि आपके द्वारा जो स्वीकृत भारत सरकार की योजनाएं हैं, वह राज्य सरकार में जो कार्यान्वित हो रही हैं, उसकी रूप-रेखा क्या है, क्या मात्रा में जाता है, उसका मानक क्या है और किस बारे में है? …(व्यवधान)

महोदय, जब मैं देहात में घूमता हूं, तो एक चीज मैं महसूस कर रहा हूं कि देहात में साग की खेती, बाकी खेती होती है और माननीय मंत्री ने कहा कि जब उर्वरक का इस्तेमाल संतुलन के साथ होता है, तो उसका कुप्रभाव नहीं होता है ।…(व्यवधान) ऐसा उनका कहना था कि संतुलित इस्तेमाल करना चाहिए ।…(व्यवधान) क्योंकि पूरी दुनिया में खाद्यान्न का बोझ बढ़ता जा रहा है, इसलिए कीटनाशक दवाओं का उपयोग, फर्टिलाइजर्स का उपयोग भी उसी अनुपात में किसान बढ़ा रहे हैं ।…(व्यवधान) किसान को हमेशा यह लगता है कि अधिक खाद देने पर अधिक उत्पादकता होगी और उससे हमें अधिक लाभ होगा ।…(व्यवधान) ये जो रिम्युनरेटिव प्राइसेज़ हैं, किसान को लगता है कि अधिक उत्पादकता करके हम अपना तो खर्च निकाल लेंगे, लेकिन कहीं न कहीं यह संतुलन बिगड़ जाता है ।…(व्यवधान) मैं जवाब के एक संदर्भ से थोड़ा सा चिंतित हुआ और ऐसा लगता है कि भारत की सरकार ने पहली बार यह तय किया है कि क्या इसका स्वास्थ्य पर प्रभाव है या नहीं, इसके लिए हमने आईसीएमआर को कहा है ।…(व्यवधान) इस उत्तर से मैं थोड़ा असंतुष्ट हूं, क्योंकि 70 वर्ष के इतिहास में अगर भारत की सरकार का यह उत्तर आता है कि खाद्यान्नों में उपयोग किए जाने वाले

फर्टिलाइजर से क्या स्वास्थ्य पर प्रभाव नहीं पड़ता है और उसके लिए अभी हम लोगों ने अनुसंधान किया है, तो मैं मानने के लिए तैयार नहीं हूं और ऐसा नहीं होगा । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि अगर यह अनुसंधान आईसीएमआर से होता है कि फर्टिलाइजर्स के उपयोग से क्या प्रभाव पड़ता है, इसकी कोई समय-सीमा निर्धारित हो जाती है और आईसीएमआर यह कहता कि अगले 6 महीने या साल भर में हम एक विस्तृत रिपोर्ट इस संदर्भ में देंगे, तो देश का भी भला होता और हम सब लोग जो खेतों के खाद्यान्न खाते हैं, शायद हमें भी लाभ होता ।…(व्यवधान) हमारे मित्र ने बताया कि आज अगर सौ पेशेंट देहात से आ रहे हैं, तो 60 पेशेंट कैंसर से प्रभावित होकर आ रहे हैं । अगर सबसे ज्यादा बोझ कैंसर का दिख रहा है, तो शहरी क्षेत्र से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र में दिख रहा है, जहां लोग उर्वरक का उपयोग अधिक कर रहे हैं ।…(व्यवधान)

महोदय, मैं माननीय मंत्री जी से यही आग्रह करूंगा कि जो आईसीएमआर का प्रतिवेदन तैयार होकर आना है, वह अगर एक समयावधि के भीतर देश को मिल जाए, तो सरकार भी उसका लाभ उठा सकेगी और सवा सौ करोड़ देशवासियों को भी उसका लाभ हो सकेगा । यह मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है और इस पर मैं उत्तर भी लेना चाहूंगा ।…(व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र सिंह तोमर :** माननीय सदस्य ने बहुत विस्तार से अपनी बात कही है और मैं उनकी भावना से पूरी तरह सहमत हूं । …(व्यवधान) उनके जो दो-तीन प्रश्न हैं, मैं उनके बारे में कहना चाहता हूं कि आम तौर पर हम सब जानते हैं कि लोकतंत्र में संघीय राज्य है, इसमें केंद्र सरकार को जो भी काम करना पड़ता है, वह राज्य के माध्यम से करना पड़ता है ।…(व्यवधान) राज्य ठीक प्रकार से इसे इम्पिलिमेंट करे …(व्यवधान) इस बात की कोशिश केन्द्र सरकार द्वारा की जाती है और इसके लिए दिशा मोनिटरिंग कमेटी है, उसमें सांसद अध्यक्ष होते हैं, वह भी उसकी मोनिटरिंग करते हैं । मुझे लगता है कि राजीव प्रताप रुडी जी इस मामले में एक उदाहरण हैं । वे दिशा कमेटी की बैठक का

सार्थक उपयोग कर रहे हैं । ...(व्यवधान) जहां तक जैविक क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा उपयोग की जाने वाली स्कीमें हैं, उनके मापदंड और फंडिंग हैं, उसकी जानकारी उनके पास भेज दी जाएगी ।

दूसरा, मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं, उर्वरक और पेस्टिसाइडज का जो विषय है, स्वभाविक रूप से चाहे आईसीएआर हो या आईसीएमआर जैसी संस्थाएं जब तक कोई चीज प्रमाणित नहीं कर देती तब तक हम इसे मान नहीं सकते । ...(व्यवधान) लेकिन अभी तक सामान्य तौर पर इस प्रकार के दुष्प्रभाव की रिपोर्ट नहीं दी है । अभी आईसीएमआर ने अध्ययन शुरू किया है, उर्वरक और पेस्टिसाइड की प्रभाव और दुष्प्रभाव पर रिसर्च की जानी है । ...(व्यवधान) यह कृषि के क्षेत्र में लंबा विषय होता है इसलिए उसकी अवधि क्या होगी उसकी एकदम आज मैं इस समय कुछ नहीं कह सकता लेकिन मैं उनकी भावना से सहमत हूं और उनका यह सुझाव स्वागत योग्य है ।

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, किसानों की समस्याओं से संबंधित प्रश्न लगा हुआ है। अगला प्रश्न भी किसानों से संबंधित है, मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप सभी अपनी-अपनी सीटों पर चले जाएं ताकि किसानों की महत्वपूर्ण समस्याओं पर इस सदन में चर्चा हो सके क्योंकि हम सभी लोग किसानों की चर्चा करते हैं लेकिन सदन में इतने महत्वपूर्ण सवाल आ रहे हैं, आप अपनी सीट पर बैठिए । अगला क्वेश्चन किसानों की समस्याओं पर ले रहा हूं ।

...(व्यवधान)

**श्री पी. पी. चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बहुत ही विस्तार से जवाब दिया है । ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, यहां वेल में खड़े होकर आसन से सदन में चर्चा कराने की परंपराएं रही होंगी ...(व्यवधान) किन्तु आज के बाद वेल में खड़े होकर आसन से चर्चा न करे और नहीं तो मुझे कार्रवाई करनी पड़ेगी ।

**श्री पी. पी. चौधरी :** अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तार से कृषि की समस्या पेस्टिसाइड और इनेक्टिसाइड के बारे में बताया । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी पूछना चाहूंगा, मेरे तीन छोटे-छोटे सप्लीमेंटरी क्वेश्चन हैं । …(व्यवधान) पहला, कुछ इन्सेक्टिसाइड और पेस्टिसाइड सिस्टेमेटिक होते हैं जो प्लांट्स और फ्रूट के अंदर जाकर कार्रवाई करते हैं और फ्रूट में डिपोजिट हो जाते हैं । आप चाहे सब्जी या फल को लें, उसके असर से वह कैंसर का कारण बनता है । इस तरह से इन्सेक्टिसाइड और पेस्टिसाइड जो सिसेस्टिमेटिक है, उसे दूसरी कंट्रीज ने बैन कर रखा है, क्या हमने उन चीजों को देखा है कि उनको बैन करने की जरूरत है?

मैं माननीय मंत्री जी से यह भी पूछना चाहूंगा कि आर्गेनिक एग्रीकल्चर रिसर्च द्वारा इसे पुश करने के लिए फॉरेन कंट्रीज या एजेंसी से कलैबरेशन करने की सोचते हैं । जब तक हम आर्गेनिक का रिसर्च नहीं करेंगे, इंडिजिनस रिसर्च की रूपरेखा क्या है? मैं तीसरा सप्लीमेंटरी क्वेश्चन माननीय मंत्री जी से पूछना चाहूंगा कि जिस तरह से गोवा में आर्गेनिक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज खोली गई है, क्या आर्गेनिक एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी और जगह खोलने का सरकार का प्रस्ताव है?

**श्री कैलाश चौधरी:** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहूंगा कि जैविक खेती के बारे में आपने जिस तरह से कहा है । आईसीएआर के माध्यम से हमारे साइंटिस्ट हर समय यह प्रयास करते हैं और किसानों से भी सुझाव लेते हैं । कई ऐसे किसान भी हैं जो आर्गेनिक क्षेत्र में अलग-अलग प्रयोग करते हैं ताकि किसानों के लिए उसमें पेस्टिसाइड का उपयोग कम हो । हम ऐसे किसानों को सम्मानित भी करते हैं जो आर्गेनिक के अंदर काम कर रहे हैं । हमारे साइंटिस्ट भी खेती के अंदर जीवाश्म के माध्यम से उत्पादन को बढ़ा सकते हैं ताकि पेस्टिसाइड का उपयोग कम हो । इस तरह से साइंटिस्ट्स द्वारा आईसीएआर में विभाग के माध्यम यह कार्यक्रम चल रहा है । …(व्यवधान) जैसा आपने कहा कि आने वाले समय में बाहर से क्या प्रयास किए जा रहे हैं? मैं कहना चाहता हूं कि आईसीएआर विश्व का माना हुआ संस्थान है जहां रिसर्च होती है । देश में साइंटिस्ट और

किसान मिलकर सोच रहे हैं कि किसानों के लिए क्या कुछ करें । माननीय प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य किसानों की आमदनी बढ़ाने का है ।...(व्यवधान) माननीय प्रधान मंत्री जी की शरण में रिसर्च हो रही है, जैविक खेती और जीरो बजट फार्मिंग को बढ़ावा दिया जा रहा है, इन 60 सालों में जिन्होंने शासन किया, अगर उन्होंने पहले यह करवाया होता तो आज कैंसर जैसी भयंकर बीमारी सुनने को नहीं मिलती । किसान की चर्चा पर ये लोग आज जिस तरह से सदन के अंदर विरोध कर रहे हैं, इन लोगों ने 60 साल में किसान की परिभाषा बदल दी । ...(व्यवधान) इन लोगों ने किसान के नाम पर राजनीति की, किसान के नाम पर वोट की बात की । किसान शब्द का अर्थ गरीब हो गया । इन्होंने किसान की परिभाषा ही गरीबी से कर दी । आज भी किसी कहानी की शुरूआत करते हैं, कहते हैं कि गांव में एक गरीब किसान रहता था । यह कभी नहीं कहा गया कि एक गांव में एक अमीर किसान रहता था । इस तरह से इन्होंने किसान की परिभाषा को ही बदलने का काम इनके रवैये से दिख रहा है । इनको किसानों की बिल्कुल चिंता नहीं है । ...(व्यवधान) आज पूरा सदन किसानों पर चर्चा कर रहा है, ये लोग विपक्ष में बैठे हैं, आज इस तरह से हंगामा कर रहे हैं ।

मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को कहना चाहता हूं कि आपके सुझावों को ध्यान में रखेंगे ।

**(Q.24)**

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील :** माननीय अध्यक्ष जी, मेरे प्रश्न के उत्तर में दिया है कि कौशल विकास योजना के माध्यम से खेती करने वाले 56 लाख 50 हजार किसान, 12,000 पशुपालक और 65,000 मछली पालक किसानों को पिछले चार सालों में ट्रेनिंग दी है । ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण लेने के बाद क्या इन किसानों ने उस तरह से खेती, पशुपालन और मछली पालन करना शुरू किया है? अगर किया है तो उनके जीवन में क्या फर्क पड़ा है? उनकी आय में कौशल विकास के माध्यम से प्रशिक्षण लेने के बाद जो खेती हुई, क्या इससे उनकी आय में क्या फर्क पड़ा? क्या इसकी कोई जानकारी लेता है? अगर लेता है तो उसके आंकड़े क्या हैं? ...(व्यवधान)

**श्री परषोत्तम रूपाला:** माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि माननीय सांसद ने पूछा है, स्किल डैवलपमेंट से प्रशिक्षित होने के बाद जब किसान अपने खेत में उस टेक्नोलॉजी का प्रयोग करते हैं, इससे उनको कितना बेनिफिट मिला है, उनकी आय में कितनी बढ़ोतरी हुई है, ऐसा कोई सर्वे अभी नहीं हुआ है । ऐसा अभी कोई सर्वे चल भी नहीं रहा है । ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता कि कृषि में परंपरागत रीति में ही किसान बहुत कुशल थे और कुशल हैं । लेकिन टेक्नोलॉजी में नवाचार आते हैं, बीज आदि में नए नवाचार आते हैं । अगले सवाल में जैविक उर्वरकों के उपयोग में काम करने की चर्चा हो रही थी, इन सारे नवाचारों को किसानों के बीच में जाकर प्रशिक्षित करने से किसान लाभान्वित होता है और खेती में इनका प्रयोग करने से निश्चित ही उनको बेनिफिट मिलता है । ...(व्यवधान) जो किसान अपने खेत में नवाचार करते हैं, जैसे रूडी जी बता रहे थे कि वह अपने खेत में जैविक उर्वरकों का प्रयोग कर रहे हैं, उसे देखकर आसपास वाले किसान उनके बेनिफिट को लेने के लिए उत्सुक हो जाते हैं, तैयार हो

जाते हैं । इस प्रकार से कृषक समाज में इस तरह के नवाचार को देखकर अनुसरण करने की परंपरा है । इस ट्रेनिंग से कृषि को किसानों से बेनिफिट हो रहा है ।

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील** : माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे बजट में जीरो बजट में खेती को बढ़ावा देने की बात कही गई है । मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से जानना चाहूंगा कि क्या कौशल विकास योजना के माध्यम से आर्गेनिक फार्मिंग को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रशिक्षित करने के बारे में सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं, अगर उठाए हैं तो ऐसे कितने किसानों को अभी तक इस माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है और कितने किसान आर्गेनिक खेती की तरफ आकर्षित हुए हैं? कृपया इसकी जानकारी दें ।

**श्री परषोत्तम रूपाला:** माननीय अध्यक्ष महोदय, जो स्किल डेवलपमेंट और स्किल देने का काम किसानों के बीच हो रहा है, उसमें सबसे ज्यादा हमारी एक योजना 'आत्मा' के नाम से सारे राज्यों में बहुत ही प्रचलित है और आत्मा के माध्यम से अभी तक 56 लाख किसानों को ट्रेनिंग देने का काम हो चुका है । भारत कृषि कौशल परिषद् के माध्यम से ऐसे अभ्यास क्रम अनुमोदित किए गए हैं, जिसमें 200 घंटों की एक ट्रेनिंग दी जाती है । इसके जरिये 21162 किसानों को प्रशिक्षित किया गया है । नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ एग्रीकल्चर एक्स्टेंशन मैनेजमेंट के नाम से हमारी एक बहुत पुरानी संस्था है और स्किल ट्रेनिंग ऑफ रूरल यूथ, इसके तहत एसटीआरवाई नाम से वर्ष 2019 तक 14 हजार 687 ग्रामीण युवकों को ट्रेनिंग देने का काम सम्पन्न हो गया है । इन सारे ट्रेनिंगों के बावजूद सब्मीशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, इसके जरिए ट्रेनिंग, टेस्टिंग, डेमोन्स्ट्रेशन किसानों के बीच करते हुए 49 हजार 33 किसानों को ट्रेनिंग देने का काम सम्पन्न हो चुका है ।

**श्री रवि किशन :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया । यह बड़ा अजीब लग रहा है । ये वे लोग विरोध कर रहे हैं, ये वे लोग यहां …..* कर रहे हैं, जो किसानों के खिलाफ हैं । मैं

---

* *Not recorded.*

इसलिए खड़ा हुआ हूं कि आपके माध्यम से देश को बताना चाहता हूं कि दो दिन पहले हम लोगों ने गोरखपुर में पिपराइच चीनी कारखाना शुरू किया । यह चीनी कारखाना जिसको पिछली सरकार ने, कांग्रेस की सरकार ने बंद कर दिया था और कई लाखों किसानों को बेरोजगार कर दिया । आज हम लोगों ने जो चीनी कारखाना शुरू किया है, वहां रोज 50,000 क्विंटल गन्ने की पेराई हो सकती है । आज वे लोग विरोध कर रहे हैं, जिन लोगों ने किसानों का विरोध किया, किसानों को खत्म किया ।

मैं आपको कुछ डिटेल बताना चाहता हूं । वहां 27 मेगावाट बिजली भी बनेगी और तकरीबन 45 हजार लोगों को गोरखपुर में रोजगार मिलेगा । यह हमारे श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी, हमारे अद्भुत पूज्य योगी महाराज जी और केंद्र सरकार जो किसानों के प्रति सेंसिटिव है, जो गरीब किसानों के लिए सोचती है, उसके लिए चीनी कारखाना, इससे पूरे देश में, पूरे उत्तर प्रदेश में, पूरे पूर्वांचल में, खुशी की लहर दौड़ गयी है । ये लोग विरोध कर रहे हैं, जहां पर आज विशेष रूप से किसानों के लिए बात की जा रही है । मैं किसान का बेटा हूं । मैं किसानी जानता हूं, उसी खेल से मैं पला, बढ़ा और पढ़ाई की । मैं जानता हूं कि कि किसान की मजदूरी, किसान का खेत और किसान का मेहनताना कितना जरूरी होता है । करोड़ों रुपये पार्लियामेंट अफेयर्स का खर्च होता है और यहां पर आंदोलन हो रहा है । इस देश के साथ ये लोग क्या करना चाहते हैं, मुझे नहीं मालूम है, लेकिन केन्द्र सरकार को मैं धन्यवाद दूंगा, राज्य सरकार और योगी महराज को धन्यवाद दूंगा कि पिपराइच में, पीलीभीत में और न जाने कितने अन्य गन्ना कारखाने शुरू हो रहे हैं ।…(व्यवधान) मैं आपको बताना चाहूंगा कि हम लोग वहां पर ऐसा शुगर फ्री भी बना रहे हैं, जिसको एक्सपोर्ट किया जाएगा, उससे हमें 200 रुपये से 300 रुपये ज्यादा मिलेंगे ।…(व्यवधान) मैं मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि जब गन्ना तोला जाए, उसी वक्त उनका भुगतान हो जाए, ताकि और गन्ना किसानों को प्रोत्साहन मिले, इन सारे विरोधियों का मुंह बन्द हो, जो किसानों के खिलाफ रहे हैं, जिन्होंने किसानों को खत्म किया है । …(व्यवधान)

**श्री परषोत्तम रूपाला :**अध्यक्ष जी, माननीय सांसद जी ने गन्ना किसानों का सवाल यहां उठाने का प्रयास किया है । …(व्यवधान) किसान कोई भी हो, किसी भी क्षेत्र से काम कर रहा हो, उसकी समस्या का समाधान करना हमारी जिम्मेदारी है ।…(व्यवधान) गन्ना किसानों का भुगतान हो, इसके लिए सरकार ने क्या क्या काम किए हैं-, वह इस सवाल से संबंधित नहीं होने के कारण उसके फिगर्स मैं अभी नहीं दे सकता हूं, मगर मैं इनकी भावना के साथ तत्वतः सहमत हूं कि जब भी किसान की कोई उपज मार्केट में जाए, उसकी खरीद हो जाए तो उसके पैसे तुरन्त ही उनको मिल जाएं । …(व्यवधान) इस प्रकार की व्यवस्था करने की सरकार की मंशा है और उसके चलते, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ बैठकर, माननीय सांसद की भावना के अनुरूप, इस मसले में जो कुछ करना होगा, वह करेंगे ।…(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Question 25–Shri Nandkumar Singh Chauhan– Not present.

Shri Raghu Rama Krishna Raju.

**(Q.25)**

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU:** Sir, as the time is short, I would straightaway come to the question.

I had gone through the reply given by the hon. Minister about the care taken by the hon. Prime Minister of the agricultural sector. We heartily welcome all the decisions taken by the Government of India in this regard along with Rs. 6,000 crores which is being given by the hon. Prime Minister under the Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi. Our hon. Chief Minister, Shri Y. S. Jaganmohan Reddyji, had added another Rs. 6,500 crore. Along with the name of the hon. Prime Minister and the mentor of our party, Dr. Y. S. Rajasekhara Reddy, under the Rythu Bharosa and the Prime Minister's Rythu Nidhi, we have already released the first instalment of the money. Very soon, the second instalment will also be released.

In addition to this, there are several other schemes taken by the Government of India like e-portal and the interest subsidy scheme wherein the Government is giving loan upto Rs. 3 lakh with an interest rate of 7 per cent and for the prompt repayment, there is a further discount of 3 per cent. These are all very much welcoming steps.

While I appreciate the Government and the initiatives of the hon. Prime Minister, I would like to bring in two issues, through the hon. Speaker, to the notice of the hon. Minister. One is that under the Pradhan Mantri Fasal Bima

Yojana, the farmer is supposed to submit his claim within three working days. As we all know, farmer is a sentimental man. Farmer takes care of his land just like a mother takes care of her children. If there is any calamity, he will be under shock for initial one or two days. If you force him to submit his claim within three days, such act becomes highly discourteous. I would submit to the hon. Minister, through you, to kindly consider a time of, at least, 10 days for him to come out of the shock and submit his claim.

There is another submission through the hon. Speaker to the hon. Minister. Whenever there is a calamity or an indication of calamity, our State Government submits a report with a request to send the Central Team to assess the extent of damage due to calamity but by the time the Ministry officials come, one season is gone. Sometimes, even an entire season is over. As a result, the real facts of the calamity would not be visible to them. I urge the hon. Minister through you, Sir, to direct them to visit the place within 15 days. If these two issues are kindly be considered, the real interest of the hon. Prime Minister to serve the farmers would certainly be fulfilled.

**12.00 hrs**

**श्री परषोत्तम रूपाला :** माननीय अध्यक्ष जी**,** यह सवाल प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि के संबंध में था । माननीय सदस्य पूछना चाहते हैं कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को जो नुकसान हुआ है और उस नुकसान को इंडिविजुअल फार्मर्स को कम्पनियों के समक्ष तीन दिन में अपनी बात रखने को कहा गया है । माननीय सदस्य ऐसा मान रहे हैं कि किसान तीन दिन में अपनी

बात रख नहीं पा रहे हैं ।...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से माननीय सांसद और माननीय सभा गृह को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह पहली बार हुआ है कि व्यक्तिगत किसान को पहली बार अपनी बात रखने का मौका दिया गया है । इसमें पहले तीन दिन का प्रावधान रखा गया है ।...(व्यवधान) इस अनुभव से हमें पता चलेगा कि इसमें कोई त्रुटि तो नहीं है । अपने अनुभव को शेयर करते हुए आपके सुझाव को हमारी योजना में शामिल करने की बात हम सोचेंगे ।...(व्यवधान)

इसके अलावा आपने बताया है कि किसानों के यहां सर्वे के लिए टीम भेजने में देर हो रही है। हमें बताते हुए हर्ष हो रहा है कि राज्य सरकार की ओर से सूचना मिलने के बाद एक सप्ताह में ही टीम भेजने का काम कर रहे हैं । यदि किसी राज्य की ओर से बात आएगी, तो हम उसे आगे देखने का काम करेंगे ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, मुझे कुछ विषयों पर स्थगन प्रस्ताव से संबंधित सूचनाएं प्राप्त हुई हैं । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

…(व्यवधान)

**12.02 hrs**

## PAPERS LAID ON THE TABLE

**माननीय अध्यक्ष :** अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे ।

श्री जी**.** किशन रेड्डी ।

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY) :** On behalf of Shri Amit Shah, I beg to lay on the Table—

(1) (i) A copy of the Proclamation (Hindi and English versions) dated 12th November, 2019 issued by the President under article 356 of the Constitution in relation to the State of Maharashtra published in Notification No. G.S.R.837(E) in Gazette of India dated the 12th November, 2019 under article 356(3) of the Constitution.

*(Placed in Library See No. LT-746/17/19)*

(ii) A copy of the Order (Hindi and English versions) dated 12th November, 2019 made by the President in pursuance of sub-clause (i) of clause (c) of the above proclamation published in Notification No. G.S.R.838(E) in Gazette of India dated the 12th November, 2019.

*(Placed in Library See No. LT-747/17/19)*

(2) A copy of the Report (Hindi and English versions) dated the 12th November, 2019 of the Governor of Maharashtra.

*(Placed in Library See No. LT-748/17/19)*

(3) A copy each of the following Notifications (Hindi and English versions) under Section 103 of the Jammu and Kashmir Reorganisation Act, 2019:-

(i) The Jammu and Kashmir Reorganisation (Removal of Difficulties) Order, 2019 published in Notification No. S.O.3912(E) in Gazette of India dated 30th October, 2019.

(ii) The Jammu and Kashmir Reorganisation (Removal of Difficulties) Second Order, 2019 published in Notification No. S.O.3979(E) in Gazette of India dated 2nd November, 2019.

*(Placed in Library See No. LT-749/17/19)*

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY)**: I beg to lay on the Table—

(1) A copy of the Annual Report (Hindi and English versions) of the REPCO Bank Limited, Chennai, for the year 2018-2019, alongwith Audited Accounts.

(2) A copy of the Review (Hindi and English versions) by the Government of the working of the REPCO Bank Limited, Chennai, for the year 2018-2019.

*(Placed in Library See No. LT-750/17/19)*

_______

…(*Interruptions*)

**12.03 hrs**

**ASSENT TO BILLS**

**SECRETAY GENERAL:** Sir, I lay on the Table the following ten Bills passed by the Houses of Parliament during the First Session of Seventeenth Lok Sabha and assented to by the President since a report was last made to the House on the 21st June, 2019:-

1. The Appropriation (No.2) Bill, 2019;
2. The Finance (No.2) Bill, 2019;
3. The Protection of Children from Sexual Offences (Amendment) Bill, 2019;

4. The Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment) Bill, 2019;
5. The Airports Economic Regulatory Authority of India (Amendment) Bill, 2019;
6. The National Medical Commission Bill, 2019;
7. The Motor Vehicles (Amendment) Bill, 2019
8. The Arbitration and Conciliation (Amendment) Bill, 2019;
9. The Jammu and Kashmir Reorganisation Bill, 2019; and
10. The Supreme Court (Number of Judges) Amendment Bill, 2019

I also lay on the Table one copy each, duly authenticated by the Secretary General, Rajya Sabha, of following twenty Bills passed by the Houses of Parliament and assented to by the President:

1. The Special Economic Zones (Amendment) Bill, 2019;
2. The Jammu and Kashmir Reservation (Amendment) Bill, 2019;
3. The Central Educational Institutions (Reservation in Techers' Cadre) Bill, 2019;
4. The Homoeopathy Central Council (Amendment) Bill, 2019;
5. The Indian Medical Council (Amendment) Bill, 2019;
6. The Dentists (Amendment) Bill, 2019;
7. The Aadhaar and other Laws (Amendment) Bill, 2019;
8. The Central Universities (Amendment) Bill, 2019;

9. The National Investigation Agency (Amendment) Bill, 2019;
10. The New Delhi International Arbitration Centre Bill, 2019;
11. The Protection of Human Rights (Amendment) Bill, 2019;
12. The Muslim Women (Protection of Rights on Marriage) Bill, 2019;
13. The Banning of Unregulated Deposit Schemes Bill, 2019;
14. The Companies (Amendment) Bill, 2019;
15. The Right to Information (Amendment) Bill, 2019;
16. The Unlawful Activities (Prevention) Amendment Bill, 2019;
17. The Code on Wages, 2019;
18. The Repealing and Amending Bill, 2019;
19. The Consumer Protection Bill, 2019; and
20. The Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill, 2019.

(*Placed in Library See No. LT-751/17/19)*

…(*Interruptions*)

_________________

**12.03 ½ hrs**

## BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

**8th Report**

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष महोदय, मैं अपने सहयोगी श्री प्रह्लाद जोशी की ओर से कार्य मंत्रणा समिति का आठवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

_______________

…(*Interruptions*)

**12.04 hrs**

## STANDING COMMITTEE ON SCIENCE AND TECHNOLOGY, ENVIRONMENT, FORESTS AND CLIMATE CHANGE

### 325th Report

**DR. JAYANTA KUMAR ROY (JALPAIGURI)**: I beg to lay on the Table the 325th Report* on 'An Expanded Role for the Department of Atomic Energy (DAE) in Cancer Treatment in India through an Enlarged Network of the Tata Memorial Centre (TMC)' (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Science and Technology, Environment, Forests and Climate Change.

---

* The Report was presented to Hon'ble Chairman, Rajya Sabha on 11th November, 2019 and was forwarded to Hon'ble Speaker, Lok Sabha the same day.

**12.04 ½ hrs**

## ELECTIONS TO COMMITTEES

**(i) Committee on Public Accounts**

(ii)

**SHRI JAGDAMBIKA PAL (DOMARIYAGANJ):** I beg to move the following: -

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate one Member from Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Accounts of the House for the unexpired portion of the term of the Committee *vice* Shri Bhubaneswar Kalita resigned from Rajya Sabha and do communicate the name of the Member so nominated by the Rajya Sabha."

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि यह सभा राज्य सभा को सिफारिश करती है कि राज्य सभा, सभा की लोक लेखा समिति की शेष अवधि के लिए श्री भुवनेश्वर कालिता के राज्य सभा से त्यागपत्र देने के कारण उनके स्थान पर समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित होने के लिए अपने में से एक सदस्य नामनिर्दिष्ट करने के लिए सहमत हो तथा राज्य सभा द्वारा इस प्रकार नामनिर्दिष्ट सदस्य का नाम इस सभा को सूचित करे ।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

…(व्यवधान)

---

## (ii) Committee on Public Undertakings

**SHRIMATI MEENAKASHI LEKHI (NEW DELHI)**: I beg to move the following:-

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate one Member from Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Undertakings of the House for the unexpired portion of the term of the Committee vice Shri Surendra Singh Nagar resigned from Rajya Sabha and do communicate the name of the Member so nominated by the Rajya Sabha."

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

"कि राज्य सभा, सभा की सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति की शेष अवधि के लिए श्री सुरेन्द्र सिंह नागर के राज्य सभा से त्यागपत्र देने के कारण *उनके स्थान पर* समिति के सदस्य के रूप में सहयोजित होने के लिए अपने में से एक सदस्य नामनिर्दिष्ट करने के लिए सहमत हो तथा राज्य सभा द्वारा इस प्रकार नामनिर्दिष्ट सदस्य का नाम इस सभा को सूचित करे ।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

---

## (iv) Committee on the welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं प्रस्ताव करता हूं:

"कि इस सभा के सदस्य लोक सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 331 ख द्वारा अपेक्षित रीति से, नियम 254 के उप-नियम (3) के अंतर्गत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति की शेष अवधि के लिए श्री रामचन्द्र पासवान के निधन के कारण *उनके स्थान पर* समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से एक सदस्य निर्वाचित करे ।"

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है:

"कि इस सभा के सदस्य लोक सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमों के नियम 331 ख द्वारा अपेक्षित रीति से नियम 254 के उप-नियम (3) के अंतर्गत अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति की शेष अवधि के लिए श्री रामचन्द्र पासवान के निधन के कारण *उनके स्थान पर* समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए अपने में से एक सदस्य निर्वाचित करे ।"

*प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।*

---

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य अपने-अपने स्थानों पर वापस जाएं ।

**12.07 hrs**

*(At this stage Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members went back to their seats)*

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुद्दा उठाने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं । वैसे तो मैंने शून्यकाल के लिए बैलेट में जो विषय लगाया था, उसके पहले मैं आपसे सिर्फ इतना कहना कहना चाहता हूं कि जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के छात्रों पर जो कल लाठीचार्ज हुआ है, दिल्ली के अंदर उनके ऊपर जिस तरीके से लाठीचार्ज हुआ है, यह निन्दनीय है । इसकी उच्चस्तरीय जांच कराई जाए । …(व्यवधान) और सरकार माफी मांगे कि दिल्ली के अंदर जिस तरीके से बर्बरतापूर्वक दिल्ली पुलिस ने जेएनयू के छात्रों पर जुल्म किया है, …(व्यवधान)

**کنوؔر دانش علی (امروہہ): محترم اسپیکر صاحب، میں ایک بہت ہی اہم مُدہ اُٹھانے کے لئے یہاں کھڑا ہوا ہوں۔ ویسے تو میں نے زیرو آور کے لئے بیلیٹ میں جو سبجیکٹ لگایا تھا، اس کے پہلے میں آپ سے صرف اتنا کہنا چاہتا ہوں کہ جواہر لال نہروں یونیورسٹی کے طلباء پر جو کل لاٹھی چارج ہوا ہے دہلی کے اندر، ان کے اوپر جس طرح سے لاٹھی چارج ہوا ہے ، وہ قابلِ مذمت ہے ۔ اس کی اعلیٰ سطح پر جانچ کرائی جائے (مداخلت)۔ اور سرکار معافی مانگے کہ دہلی کے اندر جس طریقے سے بربرتاپوروک دہلی پولس نے جے۔این۔یو۔ کے طلباء پر ظلم کیا (مداخلت)۔۔۔۔**

**माननीय अध्यक्ष :** आपका शून्यकाल का प्रस्ताव इस विषय पर नहीं था । आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप वरिष्ठ सदस्य हैं । जिस विषय पर आपने शून्यकाल में प्रस्ताव दिया था, उस विषय पर आप नहीं बोल रहे हैं । अब आपका नम्बर नहीं है । आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री अधीर चौधरी जी, आप क्या कहना चाहते हैं?

… (व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी (बहरामपुर):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं शुरुआत में इतना ही निवेदन करना चाहता हूं कि मुझे मेरी पूरी बात कहने का मौका दिया जाए ।…(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक गंभीर मुद्दा उठाने की कोशिश कर रहा हूं । जिस मुद्दे को लेकर सारे हिन्दुस्तान की आम जनता चिन्ता और शंका में है, वह हमारी पार्टी के नेताओं, गांधी परिवार के सदस्यों की जान खतरे में है । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप कल इस विषय पर बोल चुके हैं ।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** माननीय अध्यक्ष जी, आप सब जानते हैं कि सोनिया गांधी जी और राहुल गांधी जी के परिवार को जो एसपीजी प्रोटेक्शन मिला हुआ था, यह मामूली प्रोटेक्शन नहीं है। सर, मुझे मेरी बात रखने दीजिए ।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, मैंने आपको अभी एसोशिएट करने के लिए नहीं कहा है । एसोशिएट माना भी नहीं है ।

…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** माननीय अध्यक्ष जी, मैडम इंदिरा गांधी जी की हत्या हुई थी, उसके बाद यह तय किया गया था कि हिन्दुस्तान का जो पी.एम. होगा, उनको और उनके परिवार को एसपीजी प्रोटेक्शन दिया जाएगा और खासकर श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने गांधी परिवार को एसपीजी प्रोटेक्शन देने की इजाजत दी थी । वर्ष 1991 से लेकर वर्ष 2019 तक आज 28 साल हो गये हैं ।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपको बोलने का मौका दिया गया, आपने किसानों के मामले में सवाल उठाया था ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने किसानों से संबंधित समस्या के बारे में सवाल नहीं उठाए ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य आपने नियम-प्रक्रिया के तहत बोल दिया है ।

...(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** सर, वर्ष 1991 से वर्ष 2019 के बीच में एनडीए सरकार एक बार नहीं, बल्कि दो बार थी, लेकिन गांधी परिवार के ऊपर से एसपीजी कवर कभी नहीं हटाया गया।...(व्यवधान) इन लोगों को क्या हो गया है?...(व्यवधान) ...*

HON. SPEAKER: No.

...(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल):** अध्यक्ष जी, इनका नोटिस एडजर्नमेंट एडजर्न्मेंट मोशन के लिए है, जो आपने खारिज कर दिया है ।... (व्यवधान) इनका जीरो ऑवर का विषय नहीं है, तो यह जीरो ऑवर

में विषय कैसे उठा सकते हैं ?... (व्यवधान) यह पहले नोटिस दें, फिर विषय उठाएं...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री पशुपति नाथ सिंह ।

...(व्यवधान)

**HON. SPEAKER:** No.

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आपने यह विषय कल भी रखा था ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप नियम-प्रक्रिया के तहत आएं ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री पशुपति नाथ सिंह जी ।

...(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** इन लोगों की जान खतरे में है ।...(व्यवधान) सोनिया गांधी जी...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि और श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले को श्री अधीर रंजन चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री टी. एन. प्रथापन जी ।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री टी. एन. प्रथापन जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

**HON. SPEAKER**: No.

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती गीताबेन जी ।

…(व्यवधान)…*

**श्रीमती गीताबेन वी. राठवा (छोटा उदयपुर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में अपने लोक सभा क्षेत्र के एक अति महत्वपूर्ण विषय को रखने जा रही हूँ ।…(व्यवधान) मेरी संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर की जनता अभी तक इस लाभ से वंचित है । …(व्यवधान)

**13.12 hrs**

(At this stage Shri Adhir Ranjan Chowdhury and some other hon. Members left the House.)

महोदय, आज हमारा देश माननीय मोदी जी के नेतृत्व में हर क्षेत्र में निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है ।…(व्यवधान) हमारी संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर में सरदार सरोवर है, जहां से नर्मदा कैनाल द्वारा गुजरात में हरियाली हो रही है तथा इसके माध्यम से यहां कुदरती हरियाली भी बहुत है ।…(व्यवधान) माननीय अध्यक्ष महोदय, केवड़िया कॉलोनी नामक स्थान पर विश्व के सबसे ऊंचे सरदार वल्लभ भाई पटेल का "स्टेच्यू आफ यूनिटी" का सन 2018 में अनावरण किया गया है । इसके बनने से यह क्षेत्र बहुत बड़ा प्रचलित पर्यटन स्थल बन चुका है ।…(व्यवधान) पूरे विश्व से प्रतिदिन लगभग हजारों की संख्या में लोग यहाँ आते हैं ।…(व्यवधान) विश्व का सबसे बड़ा स्टेच्यू होने के कारण यह एक दर्शनीय स्थल बन चुका है, लेकिन महोदय, यहाँ आवागमन

* Not recorded

की सुविधा के लिए अभी भी हवाई सेवा उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण आज भी हमारे क्षेत्र में स्थापित पर्यटक स्थल पर आने वाले दर्शकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।…(व्यवधान) महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करती हूं कि यहां पर एक अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाया जाए ताकि यहाँ देश-विदेश से जो लोग आते हैं, उन्हें आवागमन की अच्छी सुविधा मिल सके और इसके साथ-साथ हमारे क्षेत्र के भाई-बहनों को भी हवाई यात्रा का लाभ मिले और हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री जी का जो सपना हैं कि हवाई चप्पल पहने वाला भी हवाई यात्रा करे, वो भी पूरा हो सके । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्य, आपका विषय क्या है?

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR)**: Sir, I will conclude in two minutes. Any smart man and wise man would put out the spark at the sight of it. But my friends in the ruling side are not knowing the gravity of the situation. The Ruling Party has not extended the security to Madam Gandhi Ji on the ground that there is no threat perception. Here there is a threat perception. …(*Interruptions*)

**HON. SPEAKER:** No.

Now, Smt. Pratima Mondal.

… (*Interruptions*)

**SHRI T. R. BAALU**: I quote what the Government has said by way of the '14th May Notification'. While extending the ban on the LTTE, the Home Ministry, in the Notification on the 14th May, has said that the group continued violent and disruptive activities prejudicial to the integrity and sovereignty of India.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रतिमा मण्डल जी**,** क्या आप बोलना चाहती हैं ?

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU :** "It continues to adopt a strong anti-India posture and also continues to pose a grave threat to the security of the Indian nationals." Sir, she is an Indian national. …(*Interruptions*)

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYNAGAR) :** Sir, I would like to draw the attention of the House to an important issue regarding toilets for transgender and third gender people. …(Interruptions)

Sir, toilets are the basic necessities for us. The use of public toilets is one of the most common thing, but it is not easy for the transgender and third gender people. …(Interruptions)

Men use the men's room, women use the women's. The transgender people have a grave dilemma over the choice of their public toilets. Dealing with stares, sniggering, taunts and threats of violence are the dreadful situations that they face. It is something that is as natural as using a washroom. …(Interruptions)

In 2014, the Supreme Court of India accorded 'Third Gender' status to transgender people and an individual's right to determine the gender they want to identify with. The verdict also included a directive for separate toilets for transgender individuals in public places including hospitals. …(Interruptions)

**SHRI T. R. BAALU :** Sir, you should provide security to them. …(*Interruptions*) Even you are not allowing us to speak. .…(*Interruptions*) We are walking out in protest. …(*Interruptions*)

**12.16 hrs**

(*At this stage, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.)*

**SHRIMATI PRATIMA MONDAL:** But we hardly come across these toilets in public and finding a gender-neutral toilet in India is almost next to impossible. …(Interruptions)

So, I would request the Government to provide necessary infrastructure so that 4.88 lakh people of our country can lead their life with normalcy and dignity. Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

**HON. SPEAKER :** Shri H. Vasanthakumar – not present.

Shrimati Vanga Geetha Viswanath.

**SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH (KAKINADA):** Thank you, Speaker, Sir, for giving me this opportunity to raise an important issue regarding Polavaram

Irrigation Project in Andhra Pradesh. …(Interruptions) This project is very important for my State. …(Interruptions)

**माननीय अध्यक्ष:** अभी आपके बोलने का मौका नहीं है । दादा, आप बैठ जाइए ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** एक महिला सदस्य बोल रही हैं । आप वरिष्ठ सदस्य हैं, आप उनके सामने खड़े होकर बोल रहे हैं । माननीय सदस्य ऐसा न करें ।

…(व्यवधान)

SHRIMATI VANGA GEETHA VISWANATH: Sir, the approval of Revised Estimates of Polavaram Irrigation Project and reimbursement of payments have been made by the Government of Andhra Pradesh. The request of reimbursement of Rs.5103 crore made by the Government of Andhra Pradesh has been met through Andhra Pradesh State Funds on reimbursement basis.

Further, it is requested that Rs.16,000 crore may be provided to expedite the works and to undertake land acquisition, resettlement and rehabilitation.

Sir, it is also requested that approval of Revised Estimates of Rs.55,548.87 crore may be granted. This amount has been approved by CWC. Out of Rs.55,548.87 crore, an amount of around Rs.30,000 crore is for relief and rehabilitation purpose. I request the Government of India to sanction this amount immediately.

Recently, in respect of Polavaram Project, our hon. Chief Minister, Jaganmohan Reddy Garu has taken a decision to save public fund. Based on the

opinion of the Expert Committee, the existing contracts were terminated and reverse auction process was subsequently held. So, the total estimated contract value came to Rs.5264.35 crore and overall savings of approximately Rs.838 crore have been realised through re-tendering of works. This includes Rs.760 crore from head works and hydroelectric project and Rs.58 crore from tunnel works.

I request the Government of India to release the amount for completion of the Polavaram Irrigation Project immediately. Thank you.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जन्म स्थली सिवान एवं सारण जिले में मेरा संसदीय क्षेत्र महाराजगंज है । हमारे संसदीय क्षेत्र की जनता को राज्य की राजधानी पटना आने-जाने के लिए सीधे रेल मार्ग से कोई ट्रेन नहीं है । इसलिए पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के सिवान जंक्शन से दुरौंधा, महाराजगंज, मसरख एवं छपरा कचहरी होते हुए पटना जंक्शन तक एक जोड़ी डी.एम.यू. या ई.एम.यू. ट्रेन चलाये जाने की आवश्यकता है ।

उपरोक्त रेल मार्ग से पटना जंक्शन तक ट्रेन चलाये जाने से हमारे संसदीय क्षेत्र सहित पूरे सारण प्रमंडल के व्यवसायियों, विद्यार्थियों, नौकरी-पेशा वाले लोगों एवं आम जनता के लिए आने-जाने में काफी सुविधा होगी। महोदय, मैं आपके माध्यम से इस ट्रेन की मांग इसलिए भी करता हूं कि पूरे सारण प्रमंडल से हजारों की तादाद में प्रतिदिन लोग पटना यानी राजकीय मुख्यालय आना-जाना चाहते हैं, लेकिन उन्हें काफी कठिनाई होती है । इसलिए, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के रेल मंत्रालय से निवेदन कर रहा हूं कि आप वहां एक जोड़ी ट्रेन डीएमयू या ईएमयू शीघ्र सिवान जंक्शन से

दुरौंधा-महाराजगंज, मसरख-छपरा-कचहरी होते हुए पटना जंक्शन तक चलाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के माध्यम से डीबीटी का जो भी पैसा है, वह डायरेक्ट लाभार्थियों के खातों में राष्ट्रीय बैंकों में जाता है ।

अध्यक्ष महोदय, ये जो राष्ट्रीय बैंक हैं, इनमें से बहुत सारे बैंक्स का दूसरे बैंक्स में विलय हो रहा है । इसकी वजह से बहुत सारे राष्ट्रीयकृत बैंक्स की शाखाएं बहुत जगहों पर कम हो रही हैं । डीबीटी के लाभार्थी जब पैसे लेने बैंक्स में जाते हैं, तब उन बैंक्स में बहुत भीड़ होती है । वहां किसानों को भी कर्जा जल्दी नहीं मिल पाता है । जो व्यापारी लोग बैंक्स में अपना व्यवहार करने जाते हैं, उनको भी वहां बहुत सारी दिक्कतें होती हैं । बैंक्स में पूरे कर्मचारी भी नहीं होते हैं ।

इसीलिए, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि डीबीटी योजना के जो भी पैसे हैं, वे अगर हम डायरेक्ट पोस्ट ऑफिस में लोगों के खाते खुलवाकर भेजेंगे तो इससे छोटे-छोटे लोगों को आसानी हो जाएगी । उन लोगों को गांव में पैसे मिलेंगे, क्योंकि पोस्ट ऑफिस की शाखाएं गांवों में दूर-दूर तक फैली होती हैं । डीबीटी – डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर का पैसा अगर पोस्ट ऑफिस के माध्यम से भेजा जाएगा तो पोस्ट ऑफिस को भी काम मिलेगा और लोगों को भी सहूलियत होगी । इसेक साथ ही राष्ट्रीयकृत बैंक्स में ज्यादा भीड़ होने की वजह से उनके कारोबार में जो दिक्कत आ रही है, वह भी कम हो जाएगी । मैं सरकार के संज्ञान में यह बात लाना चाहता हूं । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रतापराव जाधव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़) :** महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र नांदेड़ में अतिवृष्टि के कारण सब किसानों की शत-प्रतिशत फसलें नष्ट हो चुकी हैं, जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को गहरा आघात

पहुंचा है । इसलिए सरकार से मेरी मांग है कि किसानों के इस नुकसान की भरपाई के लिए उन्हें विशेष पैकेज मुआवजे के रूप में दिया जाए, ताकि किसानों को गुजर बसर करने में मदद मिल सके । सरकार किसानों के हित में जितना जल्दी कर सके, उतना उसे किसानों को मुआवजा देने का कार्य करना चाहिए, ऐसी सरकार से मेरी मांग है । धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री राजीव प्रताप रूडी (सारण) :** अध्यक्ष महोदय, यह व्यवस्था का प्रश्न है । …(व्यवधान) माननीय सांसदों का नाम प्रमुखता से पूरे भारत में दिखता है । …(व्यवधान) इसके लिए आपने स्क्रीन की व्यवस्था की है । …(व्यवधान) मैं देख रहा हूं कि मंत्री भी अपने स्थान पर नहीं हैं, जिससे उनका नाम भी गलत जा रहा है । …(व्यवधान) माननीय सांसद भी अगर अपने स्थानों पर बैठकर बोलें तो उनका नाम पूरे भारतवर्ष में सही जाएगा । …(व्यवधान) आपके माध्यम से निर्देश दिए जाने की आवश्यकता है। …(व्यवधान) इसके लिए आपको व्यवस्था देनी होगी। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण**,** मैं पुन**:** आग्रह कर रहा हूं कि अगर आप अपनी सीट से बोलेंगे तो स्क्रीन पर आपका नाम आएगा**,** जो आप स्क्रीन पर पढ़ रहे हैं । यह व्यवस्था पहली बार की गई है**,** ताकि आपका नाम आपके लोक सभा क्षेत्र में और देश के सभी हिस्सों में पहुंचे ।

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय (दमदम) :** सर, माननीय सदस्य को बोलने दिया जाए । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप इसके लिए धन्यवाद दीजिए कि स्क्रीन पर आपका नाम आ रहा है ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** रघु राम कृष्ण राजू जी ।

**SHRI RAGHU RAMA KRISHNA RAJU (NARSAPURAM):** Sir, I am starting. My time starts just now.

Hon. Speaker, Sir, I thank you for giving me an opportunity to raise an important issue which is the need of the hour for our State Government. This is with regard to the supply of coal to our various generation companies. Basically, now we are getting most of our coal quantity from Singareni Collieries Company Limited by way of an allocation, but the coal price from Singareni Collieries Company Limited is substantially higher, and the difference between price for our annual consumption of coal from the MCL allocation compared to Singareni Collieries Company Limited allocation is almost to the tune of Rs. 2,800 crore.

Our hon. Chief Minister has introduced several developmental schemes. Along with many developmental schemes, we are also coming out with many welfare schemes wherein we are supplying power to the farmers for nine hours a day. To overcome all the Budgetary issues of the Electricity Boards, we urge the Government, particularly the Ministry of Coal to kindly consider shifting of allocation from Singareni Collieries to MCL which is also a subsidiary of the Coal India Limited. That would substantially benefit our State, especially the farmers. So, in view of these benefits, I would once again urge the Ministry of Coal to consider this request in the interest of our State.

**श्री कृपाल बालाजी तुमाने (रामटेक):** अध्यक्ष महोदय, सभी जानते हैं कि नागपुर का संतरा उसके खट्टे-मीठे टेस्ट के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है । कहीं किन्नू है, तो कहीं कुछ और है । राजस्थान में

भी किन्नू है, लेकिन नागपुर का संतरा खट्टा-मीठा होने के कारण पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है और नागपुर से बड़े पैमाने पर इसका एक्सपोर्ट भी होता है । इस समय जो ज्यादा बरसात हुई है, उसके कारण उस पर कीट लगी हुई है । इस कीट के कारण आज जो परिस्थिति बनी है, उससे संतरा खत्म होने की कगार पर आ गया है । पेड़ भी सूख रहे हैं । पहले यह स्थिति थी कि इसके लिए सरकार की ओर से कुछ कीटनाशक पाउडर या खाद लेने के लिए सरकार की तरफ से 50 प्रतिशत सब्सिडी किसानों को मिलती थी । आज ऐसी स्थिति बन गई है कि ज्यादा बरसात के कारण खेती भी नेस्तनाबूद हो गई है और संतरे की भी स्थिति बहुत खराब हो चुकी है । मैं आपके माध्यम से सरकार से रिक्वेस्ट करना चाहता हूं कि जिस प्रकार से पहले किसानों को पाउडर लेने के लिए या सल्फेट, सल्फर वगैरह, जो कि पेड़ों पर स्प्रे किये जाते थे, को लेने के लिए जो सब्सिडी मिलती थी, वह सब्सिडी भारत सरकार की तरफ से फिर से किसानों को मिलनी चाहिए और संतरा उगाने वाले किसानों का जो नुकसान हो रहा है, उनको 50 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर मिलना चाहिए, यह मेरी आपसे मांग है ।

**डॉ. भारती प्रवीण पवार (दिन्डोरी):** धन्यवाद स्पीकर सर । मेरे दिन्डोरी संसदीय क्षेत्र में करीब अस्सी हजार हेक्टेयर से भी ज्यादा खेती अंगूर की होती है । अंगूर की खेती करने में किसानों को लाखों का खर्चा उठाना पड़ता है । लगभग 5 से 6 लाख मजदूर भी इसमें काम करते हैं, लेकिन जब भी कोई प्राकृतिक आपदा आती है और अंगूर की फसल खराब होती है तो किसानों को इंश्योरेंस के माध्यम से मदद मिलती है । बीमा का प्रीमियम भरने का टाइम हर साल 30 सितम्बर से लेकर 15 अक्टूबर तक का रहा है, लेकिन इस साल वह डिले हुआ । वह 31 अक्टूबर से 7 नवम्बर तक डिले हुआ, जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है । साथ ही साथ वेदर स्टेशन के रिकॉर्ड से यह देखा जाता है कि कितना नुकसान हुआ है, लेकिन हर जगह वेदर स्टेशन नहीं है । काफी जगह वेदर स्टेशन से दूर के क्षेत्रों का रिकॉर्ड सही मायनों में दर्ज नहीं होता है । इसलिए बीमा कंपनी द्वारा अंगूर के खेत में जाकर वहां पर इंस्पेक्शन करना चाहिए ताकि जो नुकसान हुआ है, वह सही मायनों दर्ज हो सके ।

महोदय, इसके साथ ही अर्ली स्टेज में जो अंगूर आते हैं, उनको भी कवरेज दी जाए । कम्प्लेन करने के लिए जो टॉल फ्री नंबर दिया गया है, उस पर संपर्क नहीं होता है । उस पर भी ठीक तरह से मदद मिलनी चाहिए । आपके माध्यम से यह अनुरोध है कि मेरे नासिक जिले में इस साल अतिवृष्टि के कारण काफी मात्रा में अंगूर की खेती को जो बहुत बड़ा नुकसान पहुंचा है, उसके लिए जल्द ही पूरी तरह से मदद मिले, धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. सुरेश ।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH (MAVELIKKARA):** Thank you, Hon. Speaker, Sir.

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी सीट स्क्रीन पर वेकेंट बता रही है और राहुल गांधी जी आज छुट्टी पर हैं, इसलिए आप अपनी सीट पर चले जाएं ।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH:** Sir, I am raising a very very serious and important issue.

**माननीय अध्यक्ष :** आज उनका प्रश्न काल में नाम था और मैं इंतजार कर रहा था कि वे आएं तो मैं उनको बोलने के लिए बुलाऊं ।

**SHRI KODIKUNNIL SURESH:** Sir, In Kerala, two young Dalit girls, aged 9 and 13, were found dead under suspicious circumstance in their house at Walayar in Palakkad district, Kerala. A massive outrage is being built up in Kerala State following the acquittal of all four persons accused in rape and death case of two minor Dalit girls who were sisters.

The elder sister, aged 13 years, was found hanging in her house on 13$^{th}$ January, 2017. Within two months, the younger sister, aged 9 years, was also

found hanging in her house in 4th March, 2017. Both of them belonged to Scheduled Caste community.

Sir, the case was handled in the most incompetent manner and the Kerala State police was dancing to the tunes of political masters of the ruling CPI(M) Party which wanted to save their fellow men from the crime. …(*Interruptions*)

Sir, the extent of manipulation committed by the Kerala State police is shocking because even the doctor's repetitive mentions of a possible sexual assaults were ignored by the investigating team, suggesting deliberate sabotage of the case.

Sir, the side-lining of the mentions by the doctors who conducted the post-mortem stating the unnatural sexual offence in the form of multiple episodes of annul penetrations in the past was a shocking ignorance by the police.

The matter is quite serious as the victim was a girl child and the angle of sexual assault was ignored. Sir, I am mentioning a very important issue. There is a clear case of conspiracy to sabotage the investigation as the CPI(M)- controlled State Government, the Prosecution, the State police – every State apparatus - was there to protect the accused.

Sir, the FIR was weak and the prosecution stood mute and failed to build a case. The accused persons were acquitted as a result of the joint efforts of all to manipulate and weaken the case. It is very unfortunate.

There is a mass outrage in Kerala. The Dalit activists, the human right activists and Opposition parties like Youth Congress, KSU, Dalit Congress are demanding justice for the poor girls.

Disregarding the plight of parents of the children, the family was not granted any compensation. That is very unfortunate. No assistance was offered to the family to rebuild their house. The Kerala Government is standing with the accused and ignoring the victims …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** यही भारत की विविधता में एकता है कि यहां पर क्या और वहां पर क्या?

**SHRI KODIKUNNIL SURESH:** Sir, the attitude of the Kerala Government is indifferent and it is bypassing the Constitutional mandate to protect the SCs and STs. The SC Commission and National Commission for Protection of Child Rights must take *suo moto* cognizance of the matter and initiate action. By taking the gravity of the horrible crime into consideration, I urge upon the Government of India to seek a report from the Kerala Government and also take steps to reinvestigate this case under CBI and deliver justice for the victims.…(*Interruptions*). It is very important matter. …(*Interruptions*). Sir, the Hon. Home Minister for State is sitting here. …(*Interruptions*).

**माननीय अध्यक्ष :** क्या आप सीबीआई से जांच चाहते हैं?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप फिर सोच लें कि क्या आप सीबीआई से जांच चाहते हैं?

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री एम. के. राघवन, श्री के. मुरलीधरन, श्रीमती राम्या हरिदास, श्री हिबी इडन, श्री वी. के. श्रीकंदन, श्री टी. एन. प्रथापन, श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री एन. के. प्रेमचन्द्रन को श्री कोडिकुन्निल सुरेश द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री तीरथ सिंह रावत (गढ़वाल):** अध्यक्ष जी, मैं आपका आभार प्रकट करता हूं कि आपने मुझे बोलने का मौका दिया । …(व्यवधान)

महोदय, मैं आपके माध्यम से उड्डयन मंत्री एवं भारत सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के चमोली जिले में गोचर स्थान पर बरसों-बरसों से …(व्यवधान) विमानन क्षेत्र का विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण करना अति आवश्यक है । …(व्यवधान) मान्यवर, यह क्षेत्र बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 58 पर स्थिति है। …(व्यवधान) यह क्षेत्र सैन्य एवं सामरिक दृष्टि से भी अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पर आईटीबीपी, एसएसबी और जीआरईएफ जैसी बॉर्डर फोर्स तैनात रहती हैं । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपने जो सवाल सदन में उठाया है, वह गंभीरता से उठ गया है । इस पर गंभीरता से विचार किया जाएगा ।

…(व्यवधान)

**श्री तीरथ सिंह रावत :** मान्यवर, सन् 1948 तक तिब्बत और भारत का एक सामरिक और औद्योगिक मेला वहां चलता था । …(व्यवधान) वहां से कच्चे माल और यहां से पक्के माल का आदान-प्रदान चलता था । …(व्यवधान) मान्यवर, वहां मेला लगता था । …(व्यवधान) उसके बाद आज भी वहां कृषि एवं औद्योगिक मेला निरंतर वर्षों-वर्ष चलता है । …(व्यवधान) बद्रीनाथ, केदारनाथ, हेमकुण्ड साहब एवं फूलों की घाटी आदि क्षेत्र उससे जुड़ा हुआ है । उसका विस्तारीकरण और आधुनिकरण आवश्यक है । इसलिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के उड्डयन मंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि वहां जल्दी से जल्दी हवाई सेवा शुरू हो, जिससे देश के पर्यटक और

तीर्थाटनों को ही फायदा न हों, बल्कि वहां सैन्य बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण उनको सुविधा और आसानी हो । सन् 2013 में केदारनाथ में जो भूकंप आया था, उसके बाद वहां सेना का जो विमान उतरा था, उसी के माध्यम से केदारनाथ में इस प्रकार की बड़ी-बड़ी मशीनें गईं, जिन्होंने आपदा को पूरी तरह से ठीक किया और लोगों को उससे राहत दिलाई थी । इसलिए उस विमान सेवा का होना जरूरी है एवं आधुनिकीकरण भी आवश्यक है । वहां हवाई सेवाएं शीघ्र शुरू हों, मेरा आपके माध्यम से सरकार से यह आग्रह है ।

**डॉ.( प्रो.) किरिट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** स्पीकर सर, मैं राज्यों की पुलिस फोर्स में, खास कर अफसर कैडर में अनुसूचित जाति का जो बैकलॉग है, उसके बारे में आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । पूरे देश के अलग-अलग राज्यों में बहुत भारी संख्या में पुलिस फोर्स के अफसर कैडर में, अनुसूचित जाति के लोगों का जो आरक्षण होना चाहिए, उसमें कमी है और बहुत भारी बैकलॉग है । 'इंडिया जस्टिस' रिपोर्ट, 2019 के मुताबिक सारे राज्यों में यह स्थित है, परंतु मैं गुजरात और केरल राज्यों को बधाई देना चाहता हूँ कि वहां ऐसे रिक्त स्थान बहुत कम हैं ।

मैं आपके माध्यम से सदन में विनती करना चाहता हूँ कि अलग-अलग राज्यों में स्पेशल ड्राइव कर के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जो रिक्तियां बैकलॉग में पड़ी हैं, उनको भरा जाए । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री बी. बी. पाटील (जहीराबाद):** अध्यक्ष महोदय, मैं एक ऐसे मुद्दे पर बोलना चाहता हूँ जो मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र जहीराबाद से संबंधित है। तेलंगाना में सन् 2016 से यह लंबित विषय है । मैं यहां उल्लेख करना चाहूंगा कि केन्द्रीय विद्यालय जहीरासंगम, जो मेरे क्षेत्र के अंतर्गत आता है, सन् 2016 से एक अस्थायी भवन में चल रहा है, जिसके कारण छात्रों को कई सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा

है, ईवन लैट्रीन्स और बाथरूम्स वहां नहीं होने से बहुत दिक्कतें आ रही हैं, अन्यथा वे एक स्थायी स्कूल भवन में आनंद ले रहे होते ।

महोदय, स्थायी स्कूल भवन के निर्माण के लिए दस एकड़ भूमि राज्य सरकार द्वारा पहले ही प्रदान की जा चुकी है और आवश्यक धनराशि का प्रस्ताव केन्द्रीय विद्यालय संगठन में भी प्रस्तुत किया जा चुका है। लेकिन अब तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है । इसके अलावा हमारे तेलंगाना राज्य को प्रशासनिक सुविधा के लिए 10 जिलों से 32 जिलों में विभाजित किया गया है। भारत की नीति में नवगठित जिलों के लिए भी केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों की स्थापना होनी चाहिए। मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि केन्द्रीय विद्यालय जहीरासंगम का स्थायी स्कूल भवन का निर्माण कार्य जल्द से जल्द शुरू हो जाए । उसी के साथ-साथ मेरे संसदीय क्षेत्र के कामारेड्डी, मेदक जिलों के साथ तेलंगाना राज्य के सभी जिलों में केन्द्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालयों की जल्द स्थापना की जाए ।

**डॉ. निशिकांत दुबे (गोड्डा):** अध्यक्ष महोदय, कांग्रेस की नीतियों के कारण मेरा राज्य झारखण्ड कराह रहा है । एक तरफ तो वह नक्सलवाद से पीड़ित है, आतंकवाद से पीड़ित है, तो दूसरी तरफ बंगलादेशी घुसपैठियों से भी पीड़ित है । पशुपति से तिरुपति तक नक्सलवाद की जो रेखा है, उस रेखा में संथाल परगना नक्सलवादियों का एक ब्रीडिंग ग्राउंड है । चाइना जिस तरह से हमारे देश को तोड़ने का काम कर रहा है, यहां के कुछ लोग एवं कुछ पार्टियां जिस तरह से उसको समर्थन दे रही हैं, उसके कारण से आपको आश्चर्य होगा कि सन् 2014 में मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के पहले, हमारे झारखण्ड के 24 जिलों में से 21 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे । आज वह 11 पर आ गया है । इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का, तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी का और वर्तमान गृह मंत्री अमित शाह जी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने नक्सलवाद पर काफी हद तक काबू पाया है । लेकिन जिस इलाके से मैं हूं, मैं पूरे सदन के ध्यान में, संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि मेरा जो

संथाल परगना है, उसमें जितने भी जिले हैं, चाहे वह पाकुड़, साहिबगंज, गोड्डा, देवघर, दुमका और जामताड़ा है, वह साइबर क्राइम की राजधानी हो गई है । आज कोई भी ऐसा राज्य नहीं है, जिसकी पुलिस हमारे संथाल परगना में रोज न आए । यह चाइना की एक साजिश है, आईएसआई की एक साजिश है कि इस देश और पूरे के पूरे डिजिटल सिस्टम को खंडित-विखंडित करने के लिए, जिसको माननीय प्रधान मंत्री जी आगे बढ़ाना चाहते हैं, वह साइबर क्राइम का एक अड्डा हो गया है । इस कारण से हम कुछ कर पाने की स्थिति में नहीं हैं ।

दूसरा, आतंकवाद में, चूँकि हमारी सीमा बंगलादेश से जुड़ती है, हमारी सीमा नेपाल से जुड़ती है, हमारी सीमा भूटान से जुड़ती है, ये सारी सीमाएं ऐसी हैं, जिन पर हमारा कोई कंट्रोल नहीं है, क्योंकि काफी ओपन सिस्टम है । एक तरफ बंगलादेशी घुसपैठिया आ रहा है, दूसरी तरफ धर्मांतरण का इतना जोर है, जो चर्च और मिशनरी है, वह इस तरह की एक्टिविटी करती है, जिसके कारण हमारे बेरोजगार यूथ इस आतंकवाद में शामिल हो गए हैं । इसलिए मेरा आपके माध्यम से आग्रह है कि जो पोलिटिकल पार्टी, कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस जैसी पार्टियां हैं, जो आतंकवाद और नक्सलवाद को बढ़ावा दे रही हैं, इसके ऊपर भारत सरकार को एक व्हाइट पेपर जारी करना चाहिए कि कौन से पोलिटिशियन्स इसमें हैं । दूसरा, साइबर क्राइम का अड्डा हो जाने के कारण यह पूरे देश के लिए एक बहुत बड़ा कारण होने वाला है । मोदी जी पूरी डिजिटल इकोनॉमी की तरफ बढ़ना चाहते हैं, वह सभी एक बड़े स्कैम की तरफ बढ़ेगा, इसलिए एनआईए का एक ऑफिस वहां जरूर होना चाहिए । धर्मांतरण पर एक कानून बनना चाहिए, जिसके कारण झारखंड को मुक्ति मिल पाए । इन्हीं शब्दों के साथ जयहिंद, जय भारत ।

**श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर):** अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे राजस्थान के एक लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया, उसके लिए धन्यवाद । वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा गरीब किसान, मजदूर, जरूरतमंद एवं आम लोगों के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है,

जिसके तहत हर व्यक्ति को आवास मिले, छत मिले । कोई भी ऐसा व्यक्ति न हो, जिसके पास आवास न हो, जिसके पास शौचालय न हो । उसके घर में नल हो तो जल हो, इसके लिए प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है । अध्यक्ष महोदय, बड़े दु:ख के साथ कहना पड़ रहा है कि बैंकों ने, हमारी राजस्थान सरकार द्वारा इस तरह की एक व्यूह रचना रची गई है, ताकि जो पात्रता रखते हैं, उन पात्र व्यक्तियों को प्रधान मंत्री आवास योजना का लाभ न मिले । इसके लिए वे इनकम प्रूफ के लिए आईटीआर मांगते हैं, जो उनके लिए बहुत मुश्किल है । उन्होंने दस्तावेजों की इतनी जटिलता खड़ी कर दी है, जिसके लिए वे 12 से 15 प्रतिशत तक ब्याज ले रहे हैं । मेरा आपसे निवेदन है कि इश्योरेंस के नाम से तीन से पांच प्रतिशत तक डिमांड मांगी जा रही है । राजस्थान में जो वर्तमान सरकार है, उसके द्वारा 24 फरवरी, 2019 को ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था, जिसमें उन्होंने सारे अधिकारियों/कर्मचारियों पर दबाव डाला है कि उनके जो कार्यकर्ता हैं, उनके जो समर्थक हैं, उनको ही उस सूची में सम्मिलित किया जाए ।

मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार और प्रधान मंत्री जी से निवेदन है कि उन्होंने 24 फरवरी, 2019 को ग्राम सभा में जो प्रस्ताव पास किया था, उसको निरस्त किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को आवास दिला कर उनको हक मिल सकें । यही मेरा निवेदन है ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा को श्री भागीरथ चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री राम शिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) :** अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । आपने मुझे अति लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड की ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ ।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड को प्रेषित ऊर्जा बीजकों से करोड़ों रुपये का बकाया प्राप्त करना है । परन्तु वस्तुस्थिति यह है कि पावर

कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा जल विद्युत निगम लिमिटेड को उक्त बीजकों से प्राप्त होने वाली धनराशि से कार्मिकों के वेतन हेतु भी पैसा उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है । इसकी वजह से उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड के कार्मिकों को समय से वेतन नहीं मिल पा रहा है । इससे जल विद्युत कर्मियों में निराशा की स्थिति व्याप्त है । फायदे का निगम होने के बावजूद विगत कुछ वर्षों से उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड को घाटे का निगम दिखाकर उसे उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड में विलय करने की कवायद की जा रही है, ताकि उत्तर प्रदेश जल विद्युत निगम लिमिटेड के अस्तित्व को समाप्त किया जा सके ।

उपरोक्त कार्यवाही को तत्काल रोके जाने की आवश्यकता है ताकि देश हित में एक लाभ के निगम को घाटे के निगम में मिलाकर उसके अस्तित्व को समाप्त करने की कवायद पर विराम लग सके ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा को श्री राम शिरोमणि द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री टी. एन. प्रथापन ।

माननीय सदस्य, आपका सूची में नाम था, लेकिन मैं आपसे आग्रह कर रहा हूँ कि जब आपका सूची में नाम रहे तो आप यहाँ उपस्थित रहें । ऐसा होने से अच्छा लगेगा । सदन सभी का है । सदन आपका है ।

**SHRI T. N. PRATHAPAN (THRISSUR):** Sir, the students of Jawaharlal Nehru University have been protesting for their fundamental rights. The recent fee hike must be reduced.

Most of the students in Jawaharlal Nehru University come from poorest conditions. It is undemocratic that this Government is suppressing the voice of the

students using CRPF and police. This Government is ruining every higher educational institution in the country. Whether it is Jawaharlal Nehru University, Jamia Millia Islamia University or Hyderabad University, this Government is just ruining the institutions. If the students' community comes out for their rights, your arrogance will end.

I request this Government to withdraw the fee hike in Jawaharlal Nehru University and protect the right of free public education. A high-level investigation is definitely needed on atrocities committed against the students yesterday. I kindly remind you of Chile and Hong Kong. My dear students, you are not alone, we are with you.

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा को श्री टी. एन. प्रथापन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद):** महोदय, मैं आपका विशेष रूप से आभारी हूँ कि आपने मुझे मेरे क्षेत्र के लोक महत्व के विषय पर बोलने का अवसर दिया है ।

मैं धनबाद से आता हूँ । धनबाद को देश में कोयले की राजधानी कहा जाता है । वहाँ कई केन्द्रीय प्रतिष्ठान हैं । वहाँ इंडियन स्कूल ऑफ माइंस, आईआईटी, (सीएमआरआई) सेन्ट्रल माइनिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट है । वहाँ इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज भी है । वहाँ ऐसे कई प्रतिष्ठान हैं । कोलकाता और रांची के बाद धनबाद सबसे महत्वपूर्ण जगह व्यापार के लिए भी है । ऐसे स्थल पर हवाई अड्डा नहीं रहने के कारण बहुत परेशानी होती है । यहाँ सरकारी अधिकारी, कर्मचारी हैं, डीवीसी के लोग हैं, फर्टिलाइजर का मुख्यालय सिंदरी में रहने के कारण, यहाँ सभी लोगों को बहुत असुविधा होती है ।

महोदय, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि वहाँ पर हवाई अड्डा बनाया जाए और हवाई सेवा शुरू की जाए । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष :** मैं प्रयास करूँगा कि शून्यकाल में सभी माननीय सदस्यों को उनके द्वारा दिये गए विषय को बोलने का मौका दूँ । इसमें मेरे आपसे दो आग्रह हैं । पहला आग्रह यह है कि शून्यकाल में आप जिस विषय पर बोलना चाहते हैं, उस विषय की पूरी डिटेल आप लिखें, ताकि उससे यह पता चल सके कि वह विषय कितना गंभीर है । उस विषय की गंभीरता को देखते हुए उसे उठाने की इजाजत आपको दी जाएगी ।

मेरा दूसरा आग्रह यह है कि सभी माननीय सदस्य बोल सकें, इसलिए एक-एक मिनट में अपने विषय को पूरा करें । सभी माननीय सदस्य इसकी कोशिश करें और संक्षिप्त में अपनी बात को सदन के माध्यम से कहें ।

**SUSHRI S. JOTHIMANI (KARUR):** Hon. Speaker, I would like to thank you for giving me this opportunity with a sympathetic heart to raise an important issue in this august House. I would like to call upon my colleagues' attention also as I rise to share the most painful and horrific incident which happened in my Constituency, in Nadukattupatti village near Manapparai in Tamil Nadu.

Sujith Wilson, a two-year old child, fell into a borewell hole and was battling for his life, we do not know for how many days, but the rescue operation ended after four days. The poor child was left without water, food, air, love and care of mother and was crying inside that dark hole. The last thing which was heard was the sound of 'amma, amma'. Later, we heard only the hard breathing of the child. Those were probably his last hours. While I recall the incident, I still feel shivers

down my spine. I could not sleep for days. As a responsible MP, I was left in a very difficult and painful situation to console the family - obviously, I had no words – and answer thousands and thousands of people who gathered at the spot, across the State and outside with the hope and prayer that the child will be rescued.

About a thousand people were deployed in the rescue operation. There were National and State Disaster Response Teams, fire service, District and police administration in full swing, and experts from premier technical institutions like NIT and Anna University. ONGC and L&T also came to the rescue. There were private volunteer teams which were involved with their own rescue apparatus. Later we realised that we were left to depend only on them and that none of the Government agencies had that kind of rescue mechanism. They all worked hard for four days day and night. Hon. former President of Congress, Rahul Gandhi Ji, our hon. Prime Minister Narendra Modi Ji also prayed for the well being of the child. Then it got the national attention. …(*Interruptions*)

Sir, I need two more minutes. This is a very important issue. We do not realise this as an issue and that is how these incidents keep happening. Coincidentally, hon. Minister of Science and Technology also is here. I need two more minutes to explain the importance of the issue. …(*Interruptions*) You have already given me permission out of turn, Sir, and I thank you for that.

Sir, millions of people outside Tamil Nadu and India prayed. Despite that, I share this with deep guilt and pain, we could not rescue the child, not even his fragile little body. Actually, we could not face the family at the spot. What we realised is that in the last part of the rescue operation we could smell only the decomposed body of that boy. See the situation of the family and the people gathered around! This is not the only such incident. What kind of trauma, loneliness and fear the family would have gone through!

Though Tamil Nadu Government was in charge of the rescue mission, they could have called the responsible rescue machinery like Disaster Management Force at the right time when the child was at 14 feet and 27 feet down the hole. The child could have possibly been saved then. But the child slipped further to 63 feet and 87 feet during the rescue operation. Then it seemed that everything came to an end. There is no rescue operation as such. This is not the only such incident. At least around 12 other children have died in similar situations in Tamil Nadu. According to NDRF, over 40 children have died after falling into borewell holes since 2009 across the country.

One week after this horrific incident, a similar thing happened in Harsinghpura village in Haryana in which a five-year old was pulled out dead from a borewell hole by the NDRF. I am afraid that this kind of sheer negligence happens because the children who fall into borewell or drainage holes generally come from a poor background. Obviously, these people do not have voice and

representation. Maybe this is the reason disasters of this scale and magnitude keep happening in the country. We are losing child after child after child without any remorse or regret. We have our ISRO sending rockets into space.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप अपनी बात संक्षेप में कहिए । आपका पूरा विषय सदन के माध्यम से आ गया है और मंत्री जी को भी आपका विषय ध्यान में आ चुका है ।

श्रीमती माला राय ।

… (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** हम सब इस विषय पर गंभीर हैं और यह विषय ध्यान में आ चुका है, इतना ही सदन का उपयोग होता है ।

श्रीमती माला राय ।

**SUSHRI S. JOTHIMANI:** Sir, I call upon the collective conscience of the House to put a full stop to this horrific thing. I also call upon the Home Ministry, the Science and Technology Ministry, the Women and Child Development Ministry, and other Ministries who are responsible for this to create systems now. So, that is what we want.

Thank you, Sir.

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सप्तगिरी उलाका, श्रीमती कनिमोझी करुणानिधि, श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले और श्री सु. थिरुनवुक्करासर को सुश्री एस. जोतिमणि द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। आप लिख कर दीजिए । इस प्रकार से आप सदन में न उठाया करें। कृपया आप बैठ जाइए। इस प्रकार से आप अपनी मर्जी से नहीं उठ जाया कीजिए । आप

कागज पर कुछ लिख कर दीजिए । हम सभी को मौका देते हैं । आप अपने विषय को लिख कर दीजिए । हम सभी को मौका देंगे ।

कोई भी माननीय सदस्य सदन में न उठे । अगर आपको किसी विषय को उठाना है, तो आप लिख कर दें । हम सभी माननीय सदस्यों को बोलने का अवसर देंगे । यह सदन सब का है, सब को मौका देंगे, लेकिन इसकी कुछ व्यवस्था होनी चाहिए ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** हमारे दादा ही सबसे ज्यादा बीच में उठते हैं और वह कह रहे हैं कि बहुत अच्छी व्यवस्था है ।

**SHRIMATI MALA ROY (KOLKATA DAKSHIN):** I would like to draw the hon. Minister's attention to the ever-increasing environmental threat posed by both micro and macro level usage of plastics and related products and their toxic effects resulting in pollution at every level, be it air, water, land, ground water or for that matter, visual pollution as well. All over India and beyond, plastic garbage has caused tremendous choking of sewage and drainage systems resulting in severe health hazards, water borne diseases and epidemics.

While we acknowledge that something needs to be done immediately, steps taken by the Central Government are far from reality. Only announcing a nation-wide plastic ban will always turn out to be futile unless we provide viable and sustainable alternatives to the common people.

Financial penalty is no solution to this behavioural menace. My humble request to the Ministry is to evaluate this problem more seriously and dedicate

more research to come out with alternatives like glass, wax coated cloth, fibre cloth, wood, bamboo, earthen pots, etc., as applicable. That will not only be eco-friendly but it will also be addressing the need of the common people.

**माननीय अध्यक्ष:** इस विषय पर आज डिटेल चर्चा है, जिस पर बोलने के लिए आपकी पार्टी की तरफ से उनको मौका दे दूंगा । आपका माइक चालू है । आप बोलना शुरू कीजिए । आप अपनी बात शुरू कीजिए । अगर माइक शुरू नहीं होगा, तो हम आपको पूरा समय देंगे । आप अपनी सीट पर जाकर बोलिए ।

**ADV. DEAN KURIAKOSE (IDUKKI):** Sir, it is not at all working.

**माननीय अध्यक्ष:** आप माला राय जी की सीट से बोल रहे हैं । आप अपनी सीट पर जाकर बोलिए । अगर आपको सीट पता नहीं है, तो हम आपको सीट बता देंगे । अब भी आप अपनी सीट पर नहीं है । आप अपनी सीट पर जाकर बोलिए ।

**ADV. DEAN KURIAKOSE**: Sir, that is my seat.

**माननीय अध्यक्ष:** आप अपनी सीट पर जाकर बोलिए । माइक चालू कराने की जिम्मेदारी हमारी है । जब आप अपनी सीट पर जाएंगे, तब हम माइक चालू कराएंगे । अगर माइक चालू नहीं होगा, तो हम व्यवस्था को ठीक करेंगे । यह हमारी जिम्मेदारी है ।

**ADV. DEAN KURIAKOSE:** I would like to draw the kind attention of hon. Minister of Rural Development regarding the serious issue of pending wages of Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Programme.

Sir, all of us know this was the flagship programme of UPA-I Government and it is a number one poverty eradication programme in our country. But all over India, all over Kerala, especially, in my own district, since last June, Rs.53.5 crore

is pending. Fund is not getting transferred. This is a critical situation. The poor people cannot meet the essential financial obligations.

Hence, I urge upon the Government to transfer the pending wages immediately. Otherwise, the poor people will suffer and the rural India will suffer a lot. So, the Minister of Rural Development has to intervene immediately. That is my request.

**13.00 hrs**

**श्री तापिर गाव (अरूणाचल पूर्व) :** ऑनरेबल स्पीकर सर, मैं ऐसा मुद्दा इस सदन में रखना चाहता हूं, अगर इस इश्यू को मैं रेज नहीं करूंगा, तो हिंदुस्तान की आने वाली पीढ़ी मुझे माफ नहीं करेगी । 14 नवंबर, 2019 को ऑनरेबल रक्षा मंत्री राजनाथ जी तवांग गए और बीआरओ के एक पुल को इनोगरेट करने हमारे क्षेत्र आए, तो चाइना आफिशियल ने प्रेस मीडिया में स्टेटमेंट नहीं दिया, आफिशियल प्रेस कान्फ्रेंस करके ऑब्जेक्शन रेज किया । ऑनरेबल प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया अरुणाचल प्रदेश गए, ऑब्जेक्शन रेज हुआ, मोदी जी कैंपेन में गए, ऑब्जेक्शन रेज हुआ, ऑनरेबल होम मिनिस्टर अमित शाह जी गए, वहां प्रेस स्टेटमेंट करके ऑब्जेक्शन रेज होता है । हमारी सरकार और हमारे इस सदन की ओर से कोई एक आवाज नहीं आती है । चाइना के ऑब्जेक्शन का इश्यू किसी ने नहीं रेज किया ।

ऑनरेबल स्पीकर सर, मैं हिंदुस्तान की मीडिया हाउस को भी यह कहना चाहूंगा कि कोई भी इश्यू पर मीडिया में फोकस नहीं होता । चाइना द्वारा कितनी टेरेटरी पर कब्जा हुआ । सदन में मैं रिकार्ड में बताना चाहूंगा कि जसवंत सिंह, फार्मर मिनिस्टर एंड फार्मर एक्सटर्नल अफेयर्स मिनिस्टर, ऐज एन आर्मी कैप्टन की असाफिला में पोस्टिंग हुई । वह असाफिला आज चाइना के कब्जे में है, ओलमाजा चाइना के कब्जे में है, आतूपूपू दिबांग वैली में एक रिलीजियस प्लेस है, 1984-85 से उस

जगह पर कब्जा है । अगर कहीं और दोकलाम होगा, तो अरुणाचल प्रदेश में दोकलाम होगा । आज 50-60 किलोमीटर से ज्यादा चाइना ने हमारी टेरेटरी में कब्जा करके रखा है । मैं अपनी सरकार को, इस सदन को और मीडिया हाउस को आपके माध्यम से यह रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि कोई पाकिस्तान इश्यू आता है, तो अखबारों में पाकिस्तान के कराची का डेली मार्केट का रेट छपता है । इंडियन टेरेटरी को अरुणाचल में चाइना कब्जा करता है, ले**कि**न उसका कहीं प्रिंट मीडिया में, इलेक्ट्रानिक मीडिया में, इस सदन में और हमारे ऑनरेबल डिफरेंट पॉलिटिकल पार्टीज के लीडर्स का भी कोई कमेंट नहीं आता है, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा **कि** दूसरा कहीं डोकलाम होगा, तो अरुणाचल प्रदेश में होगा । वह दिन आने मत दीजिए । गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, हमारी सरकार इस चीज पर ध्यान दे, यह मैं आग्रह करता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री गणेश सिंह, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवाले, डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री ओम पवन राजेनिंबालकर को श्री तापिर गाव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**SHRI H. VASANTHAKUMAR (KANYAKUMARI):** Respected Speaker, Sir, my constituency Kanyakumari is a backward area and there is no major industry in it. Thousands of youths are working abroad for their livelihood and many of them get cheated by middlemen in the guise of getting good jobs. The fact is that the unemployed youths, not only from my Kanyakumari constituency but the whole country, go abroad in the dream of getting a good job and earning money but it has been observed that they are harassed, humiliated, and paid meagre amounts as wages.

The Kanyakumari fishermen are experts in deep-sea fishing. They travel worldwide in search of jobs. False charges are levelled against many of them and they are put behind bars for unknown reasons. Moreover, whenever an Indian dies abroad, there is no facility for transporting the mortal remains to the native place. There is no provision for legal services if they are required by them. There is also no authority to talk to the employers for getting them minimum wages and other facilities. Therefore, I suggest that in every Embassy of our country a facilitation centre with free legal aid should be set up to help the Indian citizens working abroad. A common toll-free number is required to help the needy persons. I urge upon the Indian Government to safeguard the Kanyakumari fishermen and others who go abroad for employment since they do not get jobs in India.

**श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर):** अध्यक्ष महोदय**,** मैं और कृषि राज्य मंत्री बाड़मेर के दौरे पर थे और वहां हमारे साथ एक घटना घटित हुई जो हमारे विशेषाधिकार का हनन करती है । आप लोक सभा के अध्यक्ष पद पर विराजे हैं**,** नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री हैं । ऐसे में एक सांसद और केन्द्रीय मंत्री सुरक्षित नहीं है । मैंने जिन लोगों के खिलाफ विशेषाधिकार का नोटिस दिया है उस पर आप कार्रवाई फरमाएं और समिति को सुपर्दु कराएं ।

**माननीय अध्यक्ष**: मुझे आपके नोटिस की सूचना मिल चुकी है ।

**SHRIMATI PRENEET KAUR (PATIALA):** I would like to draw the attention of this House to an issue that has been the focus of much national and international attention, the issue of paddy straw burning in Punjab and Haryana.

Due to the high pollution levels in the NCR, the farmers of Punjab have been subjected in the preceding fortnight to harsh public opinion. The industrious farmers of Punjab, who were in the vanguard of our green revolution and were instrumental in giving India its food security, have overnight been transformed almost into villains. The debt that our grateful nation owes to these farmers has suddenly been forgotten and erased from public memory.

Air pollution is an extremely serious environmental hazard and the national Capital has been engulfed in smog for weeks on end. This calls for careful diagnosis and a well thought out remedial measure. Unfortunately, in the din of public outrage at rising pollution levels and ensuing political blame game, rhetoric often seems to have got the better of sound rationale thinking.

It is time for the Parliament to objectively assess...

**HON. SPEAKER:** Sushri Mimi Chkraborty.

**SHRIMATI PRENEET KAUR:** Sir, I would like to say that we need to implement the Supreme Court order.

**माननीय अध्यक्ष: :** रूल 193 के तहत इस विषय पर डिटेल से चर्चा होगी**,** उस समय आप अपना विषय रखें ।

**SUSHRI MIMI CHAKRABORTY (JADAVPUR):** Thank you, Sir, for giving me an opportunity to speak. Today, I am speaking on the issue which really pains my heart and I am sure it does for others too. I am speaking on the issue of enactment of appropriate law in respect of street dogs.

We have no proper law or an Act for street dogs except few Sections in the Prevention of Cruelty to Animals Act, 1960, which has not fully covered them from getting regular treatment, immunization, medicines, hospitalisation and other support.

Apart from all these, another major issue, which pains my heart, is against the private handlers of the Hotels' security dog squads, who are using the canines 24x7 but are not taking any proper care of these dogs. Even, these dogs are not getting enough food and water regularly and are mistreated in rain, sun and extreme weather conditions.

Unfortunately, after all the amendments that have been made, no strict law has been made against the tortures on these dogs in the country. I would urge upon the Government to have regular observations and make a strict law against animal cruelty.

**माननीय अध्यक्ष:** डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे को सुश्री मिमी चक्रबर्ती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री दिलीप शइकीया (मंगलदोई):** अध्यक्ष महोदय, मैं असम के सेंटिमेंट से जुड़े हुए विषय के बारे में बात करना चाहता हूं। असम में नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड भारत सरकार का पीएसयूस है । यह शुरूआत से नुमालीगढ़ रिफाइनरी प्रोफिट मेकिंग के रूप में जाना जाता है। अभी सरकार ने एक सिद्धांत लिया है । हम लोगों ने माननीय वित्त मंत्री जी का स्टेटमेंट पढ़ा, पेपर में भी छापा, नुमालीगढ़ रिफाइनरी को प्राइवेटाइजेशन की ओर लेकर जा रहे हैं ।

मैं भारत सरकार के सिद्धांत का सपोर्ट करता हूं और भारत की वित्त व्यवस्था को शक्तिशाली बनाने के लिए जो सरकार ने कदम उठाया है, उसका भी समर्थन करता हूं लेकिन जिस असम एकार्ड के बाद एनआरएल की स्थापना हुई, जिसमें 855 लोग शहीद हुए, यह आंदोलन छह साल तक विदेशी घुसपैठियों के लिए चला, उसके परिणामस्वरूप एनआरएल हुआ । अभी असम के लोगों का सेंटीमेंट है, जो एनआरएल है, वह आगे आने वाले दिनों में पीएसयूज की तरह ही अपना कार्यभार संभाले, उसे प्राइवेटाइजेशन में लेकर न जाएं ।

यही मेरा मुद्दा है । बीपीसीएल के शेयर प्राइवेट लोगों के लिए ओपन करेंगे, ठीक है । मेरा यही निवेदन है कि आने वाले दिनों में एनआरएल को पीएसयू के नाते ही बरकरार रखें ।

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** Hon. Speaker, Sir, thank you for giving me the opportunity.

Sir, Tamil was the first classical language of India. The Union Government had declared this in the year 2004 itself for its high antiquity of its early texts and recorded history for over a period of more than 2000 years.

Our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi Ji also expressed his favourable views about the Tamil language during his recent visit to my State of

Tamil Nadu by stating that 'Tamil is a rich and diverse language' and thereby asserted that Tamil is one of the oldest languages.

Through you, I urge upon the Government to declare the Tamil language as the National Official Language enabling to be recognised by UNESCO, which in turn will bring much-needed international funds to support the ongoing work to preserve the cultural and linguistic heritage of Tamil language.

**श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर) :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आज ऐसे विषय को सदन में उठा रहा हूं जो राजस्थान के छः करोड़ लोगों से जुड़ा हुआ है । केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'आयुष्मान भारत' की शुरुआत राजस्थान में अभी तक नहीं हुई है जब**कि** पूरा देश इसका लाभ ले रहा है । राजस्थान सरकार ने अभी तक केंद्र सरकार को इसका डाटा तक नहीं भेजा है । राजस्थान में पहले 'भामाशाह योजना' थी । इसकी शुरुआत राजस्थान की तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा जी ने की थी । इस योजना का लाभ राजस्थान के गरीब लोगों, गरीब अंचलों को मिलता था, इसे भी सरकार ने बंद कर दिया है । ओडिशा, पश्चिम बंगाल और राजस्थान राज्य का डाटा अभी तक केंद्र सरकार के पास नहीं पहुंचा है और इस कारण से वहां के लोगों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है ।

मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से निवेदन है **कि** 'आयुष्मान भारत' योजना के तहत जिन राज्यों से डाटा नहीं पहुंचा है, वहां हस्तक्षेप करे और डाटा मंगाकर लोगों को योजना का लाभ दिलाएं । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष:** श्री सुमेधानन्द सरस्वती को श्री निहाल चंद द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री राहुल रमेश शेवाले (मुम्बई दक्षिण-मध्य):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं सदन का ध्यान भारत में दलितों के उत्थान के लिए लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे जी के योगदान की तरफ आकर्षित करना

चाहता हूं । स्वर्गीय तुकाराम भाऊराव साठे जिन्हें लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे के नाम से जाना जाता है, महाराष्ट्र के समाज सुधारक, लोक कवि और लेखक रहे हैं ।

अण्णाभाऊ साठे जी ने मराठी भाषा में 35 उपन्यास लिखे हैं । साठे जी की लघु कथाओं के 15 संग्रह हैं, जिनमें बड़ी संख्या में कई भारतीय और 27 गैर भारतीय भाषाएं हैं, का अनुवाद किया गया है । उपन्यास और लघु कथाओं के अलावा साठे जी के नाटक 'रूस पर एक यात्रा वृत्तांत', 12 पटकथाओं और मराठी पवाड़ा शैली में दस गाथा गीत भी लिखे हैं । साठे जी ने पवाड़ा और लावणी जैसी लोक कथात्मक शैली को लोकप्रिय बनाने और उनके नाम कोकोई समुदाय में पहुंचाने में मदद की है । साठे जी ने बाबा साहेब अम्बेडकर की शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए दलित सक्रियता की ओर रुख किया और अपनी कहानियों का उपयोग दलितों और श्रमिकों के जीवन के अनुभव को बढ़ाने के लिए किया । इस कारण से लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे जी को 1 अगस्त, 2002 को इंडिया पोस्ट द्वारा 4 रुपये का विशेष डाक टिकट इश्यू करके सम्मान के साथ याद किया गया । इसके अलावा पुणे में लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे स्मारक और कुरला में फ्लाई ओवर सहित इमारतों का नाम उनके नाम पर रखा गया ।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि दलितों के उत्थान के लिए लोकशाहीर अण्णाभाऊ साठे द्वारा प्रदान की गई सार्वजनिक सेवा को मान्यता देने के लिए उन्हें देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' प्रदान करके सम्मानित किया जाए । धन्यवाद ।

**माननीय अध्यक्ष:** डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे और श्री श्रीरंग आप्पा बारणे को श्री राहुल रमेश शेवाले द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**DR. T. R PAARIVENDHAR (PERAMBALUR):** Hon. Speaker, Sir, there are several big industries in my Parliamentary Constituency Perambalur. Thousands of workers are employed in those industries. One difficulty they face is that there is a lack of coverage under the Employees State Insurance Scheme.

Perambalur is one of the districts that is not covered by ESI Act in Tamil Nadu. Workers have sent several requests to the employers and also to the State Government Corporation. But they say that it is for the State Government to notify the district. There are more than 5000 workers in Perambalur who would be benefited by this scheme.

Sir, through you, I would like to demand the setting up of an ESI hospital by Government of Tamil Nadu in Perambalur district.

**श्री अर्जुन सिंह (बैरकपुर):** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम मैं एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलना चाहता हूं । मैं पश्चिम बंगाल राज्य से आता हूं । वहां संवैधानिक प्रक्रिया खतरे में हैं । जब प्राकृतिक आपदा आती है तो सभी लोग केंद्र की तरफ देखते हैं और वहां राजनीति इस तरह की है कि एमपी होने के बावजूद भी, हम लोग 18 एमपी हैं, लेकिन हम लोग एमपीलैड का पैसा भी खर्च नहीं कर पाते हैं । डीएम इसको देखते नहीं है, मिलते भी नहीं हैं, अधिकारी लोग भी नहीं मिलते हैं । हाल यहां तक है कि जब राज्यपाल महोदय जाते हैं तो अधिकारी भाग जाते हैं । पीसी भाईपो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का बंगाल में इतना आंतक है कि सीबीआई के अधिकारी मार खाते हैं, जेल जाते हैं, यहां तक कि रेलवे के अधिकारी भी हम लोगों से मिलने से डरते हैं, जिसके चलते हम लोग रेलवे में भी काम नहीं करा पा रहे हैं । इस तरह का वहां माहौल बना हुआ है । पश्चिम बंगाल में आपके हस्तक्षेप और सरकार के हस्तक्षेप की बहुत जरूरत है । जिस स्थिति में वहां संवैधानिक अधिकारों को खतरे में

डाल दिया गया है, आज हमारे पास संवैधानिक अधिकार नहीं है । हमारे बेनीवाल जी बोल रहे कि राजस्थान में एमपी पर हमला हो रहा है, हमारे यहां तो मिनिस्टर पर भी हमला हो रहा है और एमपी पर भी हमला हो रहा है । इस प्रकार से जो वहां प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की सरकार चल रही है, उस पर मैं आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं ताकि आपका हस्तक्षेप रहे और केंद्र सरकार इसको देखे । क्योंकि जब प्राकृतिक आपदा आती है, उसको केंद्र देखता है तो राजनीतिक आपदा पर भी केंद्र को देखना चाहिए ।

**SHRI K MURALEEDHARAN (VADAKARA):** Hon. Speaker, Sir, hon. Member Shri Kodikunnil Suresh mentioned about a murder case in the State of Kerala. Members from the ruling party are culprits for this murder. The hon. Chief Minister also told yesterday in the Kerala Assembly that the Public Prosecutor had not done her duties and so she was removed. The hon. Law Minister of Kerala also said that the enquiry was totally baseless. So, I would like to urge upon the Central Government for a CBI inquiry into this matter.

**DR. AMOL RAMSING KOLHE (SHIRUR):** Hon. Speaker, Sir, thank you for allowing me to raise a matter of public importance. Through you, I would like to draw the attention of this House towards an important issue relating to the farmers from rural Maharashtra, not only from my constituency but also from districts like Pune, Satara and Sangli. The issue is regarding the bullock cart race. This is an age-old tradition which dates back to more than 400 years. These races were being held during festive seasons and summer season and thousands of people used to gather to witness this thrill and this tradition. But because of some NGOs

moving the court stating cruelty on animals there has been a ban on these races. लेकिन, मैं सदन का ध्यान इस तरफ आकर्षित करना चाहता हूं कि जो किसान इन बैलों को पालते हैं, वे उनको अपने बच्चों से भी ज्यादा लगाव से पालते हैं । जिन बैलों का इसमें इस्तेमाल होता है, वे खिलार प्रजाति के बैल होते हैं । महाराष्ट्र के जो सूखा प्रभावित क्षेत्र हैं, वहां पर खिलार प्रजाति के बैलों की पैदाइश होती है । खिलाड़ जाति की गायों में दूध की मात्रा कम होती है, इसलिए मुख्य मुद्दा इन रेसिंग बैलों की उपज का है । लेकिन रेसिंग पर बैन होने की वजह से इन बैलों को बड़ी तादाद में स्लॉटर हाउसेज में भेजा जा रहा है । यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है । मेरा कहना है कि यह एक बहुत बड़ा ग्रामीण इकोनोमी को बूस्ट करने वाला मुद्दा हो सकता है, जिसमें हजारों लोगों को रोजगार मिल सकता है । इसलिए इस सदन से मेरी दरख्वास्त है कि the concerned authority should have a look into this matter and should restart these bullock races as they did for *Jallikattu* and preserve this tradition.

**श्री सौमित्र खान (बिशनुपुर):** सर, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं ।

सर, बंगाल से आने वाले हम **18** सांसदों को लग रहा है कि हम लोग भारत में हैं या किसी दूसरे देश में हैं, क्योंकि जैसे प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि देश के हर स्टेट में मिलती है, आयुष्मान भारत योजना हर स्टेट में हर आदमी को मिलती है और मेरे क्षेत्र बिशनुपुर में किसानों की आबादी सात लाख है, सात लाख परिवार किसानों के हैं, लेकिन उनको प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि नहीं मिलती है, क्योंकि वहां पर सिर्फ … *का राज चलता है । उससे भी बड़ी बात है कि वह पैसा डायरेक्ट फार्मर्स को जा रहा है, आयुष्मान भारत का लाभ डायरेक्ट उस आदमी के पास जाता है, इसलिए वे उसे बन्द कर देते हैं, क्यों कि वह पैसा राज्य सरकार से होकर नहीं जाता है, वह डायरेक्ट लोगों के

---

* *Not recorded.*

बैंक खाते में जाएगा । वे उसमें दुर्विर्धि नहीं कर पाएंगे, इसलिए उसे बन्द करके रखा है । मेरी यही विनती है कि हम 18 सांसद भी भारत के सांसद हैं, इसलिए कम से कम हमारे क्षेत्र में जो किसान हैं, उनका पैसा डायरेक्ट जाए । इसके लिए मैं आपसे विनती करता हूं । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI MARGANI BHARAT (RAJAHMUNDRY):** Sir, I know that we are going to have a discussion under Rule 193 on pollution and climatic changes but I want to give three suggestions through you to this House. We all know the fate and position of pollution in Delhi now. Sir, my colleague is going to speak on the discussion under Rule 193 but I want to submit three suggestions on the subject.

After building houses under PMAY, the Government of India may start solar roofing instead of concrete slabs so that we will promote renewable energy. We may also start vertical gardening under PMAY. The Government may start promoting electrical vehicles with zero per cent of GST at the time of purchase. The subsidy of 20 per cent at show room price may also be given so that it gives a free hand for all the middle-class people to buy those vehicles.

Lastly, China has now started making the world's biggest air purifier which is 328 feet tall with anti-smog tower. This will produce ten cubic metres of fresh air every day. What message are we giving from Delhi, the capital of India, to the whole world? ….*(Interruptions)* The hon. Prime Minister should take initiatives in constructing such a tower in India.

*__SHRI GURJEET SINGH AUJLA (AMRITSAR):__ I thank you, Hon. Speaker Sir, for giving me the opportunity to speak on a very important subject. At the inception, I extend my warm wishes and congratulations for celebrating the 550th anniversary of Guru Nanak Dev ji at Shri Kartarpur Sahib. I thank Hon. Prime Minister Shri Narendra Modi ji, who helped us realize our long-pending demand of 72 years. I also thank the Central Government for this achievement. I also thank our Hon. Chief Minister of Punjab Captain Amarinder Singh for his efforts in making this possible. Moreover, I thank the Pakistan Government for allowing us to achieve our long-pending demand. Sir, I urge upon the Government to do away with the demand for passport for this purpose. Aadhaar card should serve the purpose. Also, the fee of 20 dollars should be done away with. Speaker Sir, I also want to specifically thank you because the External Committee of 16th Lok Sabha had recommended in 2017-18 that the Kartarpur corridor be opened for Sikh pilgrims.

Sir, coming back to the subject, our trade relations with Pakistan has come to a screeching halt after the Balakot attack. 5000 porters and coolies have been affected directly and 10,000 people have been indirectly affected due to the stoppage of trade between the two countries.

So, I urge upon the Government that trade between the two countries be resumed at the earliest. Before it was suspended, trade worth 1500 crores was

---

* English Translation of the speech originally delivered in Punjabi.

undertaken between the two countries. Those dependant on this trade are finding it difficult to make both ends meet. So, I urge upon the Government to kindly intervene in this matter and resume the Indo-Pak Trade at the earliest.

**श्री गणेश सिंह (सतना):** अध्यक्ष जी, मैं सबसे पहले आपको इस उदारता के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं कि जो लोग वेल में आते हैं, उन्हें भी आप बोलने का मौका देते हैं । ऐसा पहली बार देखने को मिला है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सतना लोक सभा क्षेत्र तथा मध्य प्रदेश के सभी किसानों का मामला आपके माध्यम से यहां रखना चाहता हूं । अभी प्राकृतिक आपदा में उड़द की फसल, मूंग की फसल, तिल की फसल, सोयाबीन की पूरी फसलें बर्बाद हो गईं और धान की फसल में 'कंडो' नाम की एक बीमारी लग गई, जिससे पूरे प्रदेश की फसल को नुकसान हुआ है । यह दुर्भाग्य की बात कि राज्य सरकार ने एक पैसा देना तो दूर की बात, आज तक उसका सर्वे तक नहीं कराया है और प्रधान मंत्री जी की किसानों को जो सम्मान निधि जाती है, उसमें नाम तक नहीं भेजा है । राज्य सरकार द्वारा यह पक्षपात वहां के किसानों से किया जा रहा है । पिछले साल किसानों को बोनस का पैसा नहीं दिया, जो अतिवृष्टि से किसानों एवं गरीबों के घरों को नुकसान हुआ उसका पैसा नहीं मिला और जितनी भी जनकल्याणकारी योजनाएं पिछली सरकार की चल रही थीं, वे सभी लगभग बंद कर दी हैं । किसानों के सभी पुराने धान खरीदी केंद्र बंद कर दिए गए । अब किसानों को 50-60 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा, तब धान की बिक्री हो पाएगी । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार के कृषि मंत्री जी और गृह मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस बारे में तत्काल दखल दें । केंद्र सरकार का प्रतिनिधि मंडल वहां गया था, उन्होंने जांच भी की, लेकिन आज तक राज्य सरकार ने उस पर कोई भी कार्रवाई नहीं की है ।

मैं आपके माध्यम से पुन: मांग करता हूं कि तत्काल मध्य प्रदेश के किसानों के साथ राज्य सरकार न्याय करे ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा को श्री गणेश सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** Hon. Speaker Sir, I would like to raise a matter of very serious importance which deals with the international relations and international issues. Recently, the hon. Prime Minister visited Brazil.

Despite the change of Government in Brazil, it has chosen to stay with BRICS. That was actually a surprise to the world. BRICS represents Brazil, Russia, India, China and South Africa. Each Member of the very diverse, geographical and dispersed group has internal contradictions which are not easily overcome. There are sharper contradictions between China and India. It was Russia that helped to develop this forum and sustain it. The Russian objective was to mount international opposition to the United States in the unipolar moment that followed the collapse of the Soviet Union in 1991.

As China rose in 21st Century, it found much common with Russia in fighting US dominance of the world. China also found the BRICS a useful forum to promote a global economic agenda. It is in sync with its emergence as the world's biggest exporter and second largest economy. For both Russia and China, having three large developing nations – India, Brazil and South Africa – as partners in their enterprise makes eminent political sense.

But what is India's gain? How is our interest in alignment with the declared policies of the BRICS? Many of India's problems in the multilateral domain are

rooted in China’s opposition. It stalled our efforts to join UN Security Council, the Nuclear Suppliers Group. It also stalled taking action against the extremists who are being harboured in Pakistan. Delhi’s biggest trade deficit is with China. India has cited China’s economic threat for not joining the RCEP.

On countering terrorism, China views the problem through Pakistani eyes.

There is a profound imbalance of power with BRICS. Chinese economy is twice as large as the other four put together. What does India gain by becoming a part of BRICS? Will the Government come out with an answer?

**माननीय अध्यक्ष :** श्री सप्तगिरी उलाका को श्री बी. महताब द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**प्रो. सौगत राय (दमदम):** अध्यक्ष जी, आप हाउस में लोकतांत्रिक ढांचे के तहत सभी दलों के सदस्यों को बोलने का मौका देते हैं, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं बहुत संक्षेप में बोलूंगा । हम जानते हैं कि जवाहर लाल नेहरू यूनिवर्सिटी, दिल्ली देश के अच्छे विश्वविद्यालयों में से एक है । सारे हिंदुस्तान से अच्छे-अच्छे विद्यार्थी, जो गरीब घर के होते हैं, वे यहां पढ़ने के लिए आते हैं , लेकिन जेएनयू ऑथोरिटीज ने वहां की हॉस्टल फीस बढ़ा दी है । इसके खिलाफ वहां के विद्यार्थी …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** प्रोफेसर साहब, यह भी जनता को बताओ कि कितनी फीस लगती थी और कितनी बढ़ाई है?

…(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** पहले दस रुपये थी । अब 300 रुपये हो गयी है । हॉस्टल फीस भी बढ़ गई है । …(व्यवधान) हमारे देश में उच्च शिक्षा की नीति है कि उच्च शिक्षा सरकारी खर्चे से होगी क्योंकि हम

चाहते हैं कि आने वाले दिनों में विद्यार्थी आगे बढ़ें । लेकिन इसके पहले उन लोगों ने एक बार हमारे एचआरडी मिनिस्टर के खिलाफ यूनिवर्सिटी के पास प्रदर्शन किया था । …(व्यवधान) कल जब ये विद्यार्थी जिनमें पुरुष और महिलाएं थीं, उन्होंने एक जुलूस निकाला, उस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया । उसमें बहुत लोग घायल हुए । मैं इसकी निन्दा करता हूं ।…(व्यवधान) यह दुखद घटना है कि हमारी सरकार …(व्यवधान)

**श्री अनुराग शर्मा (झाँसी) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आज बड़े गर्व से मैं कुछ पंक्तियां दोहराना चाहूंगा ।

"दूर फिरंगी को करने की मन में सबने ठानी थी,
चमक उठी सन् 57 में वो तलवार पुरानी थी ।
बुन्देले हर बोलो के मुंह हमने सुनी कहानी थी,
खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी ।"

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आज आपसे एक अनुरोध करना चाहूंगा कि आप मेरी पूरी बात सुन लीजिएगा क्योंकि सारा अनुरोध आपसे ही है । आज झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई जी की जयन्ती है । मैं एक भारतीय होने के नाते और झांसी और ललितपुर का सांसद होने के नाते आपसे यह अनुरोध करना चाह रहा था …* वर्ष 1857 का जो प्रथम स्वतंत्रता संग्राम हुआ था, इसमें तीन वीरांगनाओं ने हिस्सा लिया था और अपने जीवन का बलिदान किया था । इसमें सबसे पहला नाम जो आता है, वह है हमारी महारानी लक्ष्मीबाई जी, जो झांसी से थीं और उनकी साथी वीरांगना झलकारीबाई तथा रामगढ़ की रानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी जी । महारानी लक्ष्मीबाई जी जिनका नाम मणिकर्णिका था और प्यार से उनको सब मनु कहते थे, महारानी शस्त्र और शास्त्र दोनों में ही बहुत काबिल थीं क्योंकि ब्रिटिश ने उनकी झांसी को लेना चाहा तो रानी ने उनके खिलाफ ही युद्ध छेड़ दिया था । …(व्यवधान)

* Not recorded.

महारानी ने अपनी जान दी और ब्रिटिशर्स से लड़ते हुए ग्वालियर के नीचे एक जगह पर उनके जीवन का अंत हुआ । उसके बाद वहीं पर हमारे यहां एक झलकारी बाई थीं जो महारानी की बहुत महत्वपूर्ण योद्धा थीं । झलकारी बाई भी वीरांगना हुईं । यह झांसी के पास एक भोजला गांव से आती थीं क्योंकि उनकी मां की मृत्यु बचपन में ही हो गयी थी । इसलिए झलकारी वीरांगना को उनके पिता ने ही पाला-पोसा । झलकारीबाई एक लड़के की तरह बड़ी हुईं और सारे शास्त्र में उनको एक ट्रेनिंग मिली और उन्होंने रानी के दुर्गादल को ज्वाइन किया । वह रानी की हमशक्ल थी, तो उसे ब्रिटिशर्स उनको गलती से पकड़ कर ले गए और रानी को झांसी छोड़ कर ग्वालियर से ब्रिटिशर्स से लड़ने का एक मौका मिला । इन सभी की …* कहीं भी नहीं है ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, कृपया आप बैठ जाइए ।

मैं आपको एक बात बताना चाहता हूं कि संसद के मामले की चर्चा कभी भी सदन में नहीं होती है । इन सारे विषयों पर आप लिख कर दे दें । इसके लिए एक समिति बनी हुई है । उस समिति की एक प्रक्रिया होती है । आप हिन्दुस्तान के किसी कोने की चर्चा यहां करें, लेकिन संसद की चर्चा न करें । मैं यह माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप समर्थन कर रहे हैं, लेकिन यह विषय ही नहीं उठना चाहिए । आप सीनियर व्यक्ति हैं ।

माननीय सदस्यगण, संविधान, प्रक्रिया, नियमों को एक बार फिर से पढ़ें । यह मेरा आग्रह है ।

**श्री अनुराग शर्मा:** सर, मैं लिख कर दे देता हूं ।

**श्री वीरेन्द्र सिंह (बलिया):** अध्यक्ष जी, मैं आपको बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी देना चाहता हूं और संसद को भी जानकारी देना चाहता हूं । मैं लोक सभा संसदीय क्षेत्र बलिया से सांसद चुना गया हूं । मैं पहले भदोही से सांसद चुना जाता था । बलिया, लोक सभा क्षेत्र पूरे गंगा, घाघरा और एशिया का सबसे बड़ा झील, सुरहा ताल से पूरा घिरा हुआ है । इस साल बाढ़ के मौसम में, पिछले महीने भारी मात्रा में कटान हुआ है । हमारे लोक सभा क्षेत्र के विधान सभा बैरिया क्षेत्र के गांव के साथ कई अन्य गांव उसमें गिर गए, कई स्कूल और मंदिर उसमें गिर गए । जय प्रकाश नारायण जी का गांव मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है । घाघरा नदी कटान उनके नजदीक तक आया, उत्तर प्रदेश सरकार ने उसे बचाने की कोशिश की । मोहम्मदाबाद विधान सभा का शेरपुर गांव ऐतिहासिक गांव है, देश का बड़ा गांव है, वहां कटान लगा हुआ है । नेशनल हाइवे हमारे क्षेत्र से गुजरता है और नेशनल हाइवे का एक बहुत बड़ा पुल कटहर नाला पर गिर गया है । वहां के जिला प्रशासन के साथ मिल कर मैंने उसके लिए प्रयास किया है । वहां के जिलाधिकारी ने नेशनल हाइवे के चेयरमैन को बताया है कि उस पुल के गिर जाने से पानी का बहाव रुक गया है । भारी मात्रा में सुरहा ताल के पानी के जमाव से किसानों की खेती मारी गई है । बाढ़ और कटान से किसानों को भारी नुकसान हुआ है ।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से यह निवेदन करना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की टीम गई थी । अगर वहां जल्दी स्थायी तौर पर कटान रोकने का प्रयास शुरू हो जाता तो बड़ी कृपा होती । उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी भी उस डूबे हुए क्षेत्र, कटान को देख चुके हैं । मैं यही निवेदन करते हुए अपनी बात को समाप्त करता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :**श्रीमती रेखा वर्मा को श्री वीरेन्द्र सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्री गिरीश चन्द्र जी । मुलायम सिंह जी भी आपकी बात का समर्थन कर रहे हैं ।

श्री गिरीश चन्द्र (नगीना): माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश में माननीय मुख्य मंत्री जी द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के छात्रों को इंटरमीडिएट के उपरांत उच्चतर कक्षाओं में पठन-पाठन से रोकने के अनुचित कदम के बारे में आपके समक्ष बताना चाहूंगा । पूर्व में उच्चतर कक्षाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति के बच्चों को उत्तीर्ण होने के उपरान्त छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति मिलती रही है, जिसमें किसी भी अंक प्रतिशत की बाध्यता नहीं रही है । लेकिन उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार अब अनिवार्य रूप से 60 प्रतिशत अंक सहित इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण होने वाले छात्र को ही छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति देने का निर्णय लिया है, जो गरीब व मजलूम छात्रों के प्रति एक नकारात्मक कदम है या उनको उच्च शिक्षा लेने से वंचित करने का फैसला है । ऐसे अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजा**ति** के बहुत छात्र हैं, जो इंटरमीडिएट में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हैं, लेकिन कम अंक लाने के बाद भी उच्चतर कक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने का काम करते हैं । मेरा विश्वास है कि इस गंभीर विषय पर यदि ध्यान नहीं दिया गया तो इस प्रकार के भेदभावपूर्ण फैसले से गरीब परिवार के बच्चे उच्च शिक्षा लेने से ने केवल वंचित होंगे बल्कि राष्ट्र की मुख्य धारा से, विकास में नहीं जुड़ पाएंगे, साथ ही बेरोजगारों की भी गंभीर समस्या उत्पन्न होगी ।

अत: मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों के साथ उपेक्षापूर्ण निर्णय को वापस लेने की मांग रखता हूं ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री कुलदीप राय शर्मा और श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा को श्री गिरीश चन्द्र द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री सुरेश पुजारी (बारगढ़):** माननीय अध्यक्ष जी, आज मुझे शून्यकाल में बोलने का मौका मिला है, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मेरा जो विषय है, वह क्रॉप इंश्योरेंस के पेमेंट से संबंधित है । ओडिशा में आज किसान रास्ते पर बैठे हुए हैं । वहाँ इस समय प्रोक्योरमेंट चल रहा है । पिछले साल का कम्पेनसेशन

अभी तक उनको नहीं मिला है । श्री अटल बिहारी वाजपेई जी जब प्रधान मंत्री थे, उस समय यह स्कीम शुरू हुई थी । श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने के बाद किसानों तक मुआवजे की राशि पहुँचाने के लिए उसमें सरलीकरण किया गया । लेकिन क्रॉप कटिंग रिपोर्ट मिलने के बाद, उसमें जितना डैमेज का एसेसमेंट हुआ है, उसे इंश्योरेंस कम्पनियाँ मानने को तैयार नहीं है ।

ओरिएंटल इंश्योरेंस कम्पनी हो या रिलायंस इंश्योरेंस कम्पनी हो, जो लोग ओडिशा में काम कर रहे हैं, उनका एसेसमेंट एक तरफ है और उनका पेमेंट एक तरफ है । मुझे लगता है कि इंश्योरेंस कम्पनियों के कारण क्रॉप इंश्योरेंस एक्ट पूरी तरह से डिरेल होने लगा है ।

मैं आपके माध्यम से इस सदन को अवगत कराना चाहता हूँ और मेरा निवेदन भी है कि एक दिशा-निर्देश दिया जाए कि जैसे मोटर एक्सीडेंट्स क्लेम ट्रिब्यूनल में कोई भी एक्सीडेंट से संबंधित केस कर सकता है, मुझे लगता है कि इसका प्रावधान भी इसमें किया जाना चाहिए ताकि किसानों को उनका मुआवजा मिल सके ।

आपसे विनती है कि केन्द्र सरकार को डायरेक्शन दिया जाए so that let the Central Government take up the matter with the State Government as well as the insurance company for payment of compensation to the farmers of Odisha.

SHRI M. K. RAGHAVAN (KOZHIKODE): Sir, thank you for giving me an opportunity. I would like to raise an issue of public importance relating to the structural unsafeness of Kendriya Vidyalaya No. 1 in my constituency Kozhikode.

Kendriya Vidyalaya No. 1 was established in 1965 at Kozhikode, Kerala and is now located in a five-acre plot. This is regarding construction of a new building at Kendriya Vidyalaya No. 1, Kozhikode in view of the structural

unsafeness of the existing old school building. This is pending for the last two years.

It is understood that CPWD has already submitted the proposal and the preliminary plan, and the required SFC approval is awaited. The students, teachers and parents are facing inconvenience with the prevailing shift system.

In view of the same, I would request that the SFC and Cabinet approval are accorded early so that work commences at the earliest.

Thank you, Sir.

**डॉ. सुकान्त मजूमदार (बालूरघाट):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मुझे बोलने का मौका देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

बंगाल बहुत पहले से ही शिक्षा और शिक्षक को सम्मान देता रहा है । डॉ. सौगत राय जी वहाँ रहते हैं । हम भी उनका रेस्पेक्ट करते हैं क्योंकि वे एक प्रोफेसर हैं । मैं भी एक असिस्टेंट प्रोफेसर हूँ ।

आज बंगाल में शिक्षकों की हालत बहुत ही खराब है । आज जब मैं यहाँ पर बोल रहा हूँ, तो कोलकाता में शिक्षा भवन के बाहर पैरा टीचर्स अनशन पर बैठे हैं । वे सलाइन लेने से भी डेक्लाइन कर चुके हैं और जब वे मरेंगे, तो अपनी देह भी दान कर देंगे ।

केन्द्र सरकार पैरा टीचर्स को प्राइमरी कक्षा तक 15 हजार रुपये देती है और उसके ऊपर 20 हजार रुपये देती है । लेकिन राज्य सरकार द्वारा पैरा टीचर्स को पूरी राशि नहीं दी जाती है । वहाँ से पैसे लेकर उसका इस्तेमाल दूसरे कार्यों में किया जाता है, जैसे स्कूलों में बैग और चप्पल देने के लिए आदि । इसके पहले भी, जो पीजीटी और टीजीटी टीचर्स थे, वे अनशन पर बैठे थे ।

सौगत दादा अभी जेएनयू में छात्रों पर लाठी चार्ज के बारे में बात कर रहे थे । मुझे इस बात का दुख हो रहा है कि बंगाल में जब कोई टीचर अनशन पर बैठता है, तो वहाँ पर लाइट ऑफ कर दी जाती है और पुलिस एवं मीडिया को वहाँ से हटाकर उनके ऊपर लाठी चार्ज की जाती है ।

बंगाल में एक कहावत है- "Chalun khonje sucher phuto."

अगर इंग्लिश में इसका तर्जुमा करें, तो इसका मतलब है- sieve is searching for the hole of the needle. इसलिए हमारे यहाँ शिक्षकों की बहुत ही खराब हालत है । केन्द्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करे और शिक्षकों के सम्मान को बचाए ।

**DR. BEESETTI VENKATA SATYAVATHI (ANAKAPALLE):** Respected Speaker, Sir, thank you very much for giving me this opportunity. Today, I would like to raise an issue regarding mechanised cultivation because in Andhra Pradesh, in almost 60 per cent of the area, the farmers depend on agriculture only.

I would like to draw the attention of the House to the slogan raised by our former Prime Minister of India Shri Lal Bahadur Shastri Ji – Jai Jawan, Jai Kisan. In this context, in my State of Andhra Pradesh, our hon. Chief Minister Shri Jaganmohan Reddy garu recently introduced Rythu Bharosa – PM Kisan programme which includes the Central Government sponsored amount of Rs. 6000 and Rs. 7,500 from our State Government as an investment benefit to the farmers. They are very happy because they are getting the opportunity as investment.

Today, in the Question Hour, so much information about mechanised farming was given by our Minister for Agriculture and Farmers' Welfare. In our

State, we have started a new and innovative concept – Grama Sachivalaya – Village Secretariat, in which agricultural field officers were appointed. Almost 1.6 lakh youth were appointed. In our State, all these developmental activities are going on. In this context, to promote mechanised cultivation, combined harvestors, sprayers, tractors and drum seeders at the village secretariat level should be provided by the Central Government which will be a great benefit to the farmers.

**डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा) :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

महोदय, मैं यमुना नदी के एक महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यानाकर्षण करना चाहता हूं । मेरा लोक सभा क्षेत्र इटावा है । इटावा लोक सभा क्षेत्र में कानपुर देहात में एक विधान सभा है – सिकन्दरा । इस सिकन्दरा विधान सभा में वर्ष 2009 और वर्ष 2010 में यमुना नदी पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के सहयोग से लगभग 53 करोड़ रुपये की लागत से एक पुल का निर्माण प्रस्तावित हुआ था । इसके लिए शासन द्वारा 49 करोड़ रुपये की स्वीकृति हुई, जिसके आधार पर उस यमुना नदी पर लगभग 29 पिलर्स बनकर वह पुल तैयार हुआ । बाद में आईआईटी, कानपुर के इंजीनियरों ने उस पुल को और आगे बढ़ाने के लिए पांच पिलर्स और प्रस्तावित किए ।

महोदय, वे पांच पिलर्स न बनने के कारण यमुना नदी पर बना हुआ वह पुल अधूरा है । बड़ी संख्या में कानुपर और जालौन का जो संबंध है, वहां लोग नाव से जाते हैं । जब यमुना में पानी बढ़ता है तो नाव में जाने के कारण उन्हें बड़ी भारी समस्या होती है । जो लोग कार से जाते हैं, वे 50 किलोमीटर दूर से यमुना को पार करते हैं ।

मैं आपके माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से उस अधूरे पुल को पूरा करने का अनुरोध करता हूं । उस पुल पर मात्र पांच पिलर्स बनने हैं । इन पांच पिलर्स को शीघ्र बनवाया जाए, जिससे वह पुल प्रारंभ हो सके । धन्यवाद ।

**SHRI DNV. SENTHILKUMAR S. (DHARMAPURI):** Vanakkam Speaker Sir.

Recently, *…** had called our social reformist *Thanthai* Periyar as a *…**

Sir, we strongly condemn this. *Thanthai* Periyar has been a social reformist and has brought in social justice, social empowerment, women empowerment and social equality. We do not want people to distort facts and our leader Thiru Stalin *avarkal* has strongly condemned this incident and we want to inform this House that *Thanthai* Periyar has been such a great person and usage of such words against him as *… (Not recorded)* will not be taken lightly. We request, through you Sir, that people should not issue statements to distort facts and distort the image of the great reformist.

**श्री कृष्ण पाल सिंह यादव (गुना) :** अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र गुना के अशोक नगर, शिवपुरी जिले में हाल में हुई अतिवृष्टि से आई बाढ़ के कारण सम्माननीय अन्नदाताओं को काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है । बाढ़ के कारण किसानों की शत-प्रतिशत फसल को नुकसान हो गया है ।

---

* Not recorded.

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उड़द व सोयाबीन की खेती बड़ी मात्रा में होती है, लेकिन बाढ़ से फसल नुकसान के कारण वहां के किसानों को बहुत ही नुकसान का सामना करना पड़ रहा है ।

महोदय, सम्माननीय अन्नदाताओं को संकट की इस घड़ी से उबारने के लिए उन्हें मुआवजा दिलाए जाने की महती आवश्यकता परिलक्षित होती है । अत: मेरा आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से विनम्र निवेदन है कि अतिवृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए किसानों को मुआवजा दिलाने के समुचित कदम उठाने की कृपा करें । धन्यवाद ।

**SHRI RAJMOHAN UNNITHAN (KASARAGOD):** Mr. Speaker, Sir, Hindustan Aeronautics Limited made its presence in Kerala with the opening of its Strategic Electronics Factory at Seethangoli in Kasaragod district of Kerala in 2008. The then Defence Minister, Shri A.K. Antony had said that work on the second phase of strategic electronics factory would begin soon.

He had said that officials had been told to speed up the work on the second phase. It was envisaged to help in the production of avionics systems for Sukhoi as well as Jaguar aircraft.

The then Secretary (Defence Production) had said that the country was working towards meeting 70 per cent of defence needs indigenously. There is a need to enhance technological facilities in this direction. For this, a large number of new technological platforms are required. The HAL's factory in Kerala was planned as an important step in this regard. The production of special purpose airborne computers like mission computer, display processor, radar computer and

open systems architecture and mission computer for the Su-30, LCA and MiG-27 upgrade was being taken up at this factory.

Kasaragod was short-listed on the availability of adequate land, power, water and better logistics facilities. The Kerala Government has allotted 196 acres for setting up the unit.

Seven buildings are dedicated to activities like production, administration, technical services, materials management, security and for Government agencies. But the Strategic Electronics Factory of HAL at Seethangoli in Kasaragod district is remaining idle for the time being and no production activity is going on there. So, urgent necessary steps may be taken to restart the production at the factory and make optimum utilisation of the physical infrastructure of the factory at Kasaragod. Thank you very much.

*__SHRI K. NAVASKANI (RAMANATHAPURAM):__ Hon. Speaker Sir. Vanakkam. Thank you for giving me this Opportunity. The construction work of a fishing harbour is in full swing at Kunthukal of Pamban in Ramanathapuram district of Tamil Nadu. As the sand taken from the seashore is being used for construction work of this fishing harbour, fishermen are worried about the life and quality of construction of such buildings. The fishing harbours constructed at Rameswaram and Mookaiyur have not become operational. Since the work is yet to be completed these harbours are not put into use benefitting our fishermen. The

*English Translation of the speech originally delivered in Tamil.

project work relating to thermal power plant is being undertaken in Uppur of Ramanathapuram. Since a bridge is being constructed in the middle of the sea, fishermen may not be able to venture into sea for fishing activities using their boats. Hot waste water released from the Uppur thermal power plant joins the sea affecting the fishing resources. Fishermen of this area are in danger as their livelihood will be affected. Government of India should give an assurance that the lives of fishermen will not be affected. The fishermen of this area are in protest for saving their lives, The Government should stop implementing the Uppur thermal power project if there is any danger to the lives and livelihood of fishermen. As land has not been acquired fully for this project, farmers have got stay from Hon Courts for land acquisition in this regard. If the required land has not been acquired fully for the project, the project work cannot be completed. Moreover, power cannot be generated. As the land acquisition work has not been completed, there is an apprehension that project work worth several Crores may be affected. Necessary clarifications should be issued by the Government for removing the apprehensions in the minds of the people and fishermen of this area or else this project should be scrapped. Thank you.

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत):** अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं ।

महोदय, मैं आपके सामने जो समस्या रख रहा हूं, यह केवलमात्र मेरे लोक सभा क्षेत्र बागपत की समस्या नहीं है अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सात जिले, 154 गांव और लाखों लोगों और पशुओं

की समस्या है । हमारे यहां तीन नदियां कृष्णा, काली और हिण्डन हैं । इन नदियों में इतना ज्यादा प्रदूषण बढ़ गया है कि सैकड़ों लोग कैंसर से मर चुके हैं । नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के बावजूद भी, तीन आदेश हो चुके हैं और लास्ट आदेश अभी 21 अक्टूबर, 2019 को हुआ था । उसमें यह कहा गया है कि इन गांवों में जितने भी हेण्डपम्प लगे हैं, उन सभी को उखाड़ा जाए और पानी की पर्याय व्यवस्था की जाए । बहुत सी जगहों से हेण्डपम्प उखाड़ दिए गए हैं, लेकिन पानी की पर्याय व्यवस्था नहीं हो रही है और लोग मर रहे हैं । मैं आपके माध्यम से जल शक्ति मंत्रालय से निवेदन करूंगा कि जल्दी से जल्दी इन तीनों नदियों में प्रदूषण को दूर किया जाए । 124 इंडस्ट्रीज़ जो प्रदूषण फैला रही हैं और नोटिस होने के बाद भी इन इंडस्ट्रीज़ को बंद नहीं किया जा रहा है, इन इंडस्ट्रीज़ को बंद किया जाए और इस पर काम किया जाए ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्रीमती रेखा वर्मा को डॉ. सत्यपाल सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री ओम पवन राजेनिंबालकर (उस्मानाबाद):** अध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं । पिछले दो दिन से मैं शून्य काल में ट्राई कर रहा था कि मेरा नंबर निकले, लेकिन नहीं निकल पाया ।

महोदय, महाराष्ट्र के मराठवाड़ा रीजन में बेमौसम वर्षा के कारण किसानों का नुकसान हुआ है और वह नुकसान इस कद्र है, मैं हर एक तालुका में स्वयं जाकर आया हूं और उनके साथ बैठकर स्वयं की नजरों से सब देखा है । पिछले दो साल सूखे की वजह से किसान परेशान थे । इस साल अच्छी फसल आई थी और फसल काटने का मौसम था । उस फसल को बेचकर किसान को कुछ पैसे मिलने वाले थे । लेकिन इस बेमौसम वर्षा की वजह से सोयाबीन की फसल, अंगूर की फसल और हर एक फसल का सौ प्रतिशत नुकसान किसान को हुआ है । उस किसान की अपेक्षा है कि उसको यह मदद मिले । मैं आपके माध्यम से कृषि मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि महाराष्ट्र के जिन किसानों की

बेमौसम वर्षा की वजह से उनकी खेती का जो नुकसान हुआ है, उसके लिए हर किसान को 25 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की मदद तत्काल दी जाए । यही मेरा कृषि मंत्री जी से अनुरोध है ।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, श्री राहुल रमेश शेवाले और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्री ओम पवन राजेनिंबालकर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

**श्री सोयम बापू राव (आदिलाबाद):** अध्यक्ष जी, मैं आपका धन्यवाद करता हूं । मेरे आदिलाबाद क्षेत्र में 12 लाख हेक्टेयर में खेती होती है और उसमें से कॉटन 8 लाख 20 हजार हेक्टेयर में होती है । इस साल बारिश ज्यादा होने से कपास में माइश्चर ज्यादा हो गया । इस कारण से किसान से कपास खरीदी नहीं की जा रही है । मेरी सरकार से विनती है कि 18 से 20 परसेंट तक माइश्चर वाली कॉटन की खरीदी करे । इससे किसानों को बेनिफिट होगा । आदिलाबाद जिले में तीन डिस्ट्रिक्ट्स कुमरमभीम, आदिलाबाद और निर्मल हैं । इन जिलों में जनवरी तक फॉग बहुत गिरता है, इस वजह से कपास में माइश्चर बढ़ जाता है । मेरी आपके माध्यम से सरकार से विनती है कि वह ज्यादा माइश्चर वाली कपास को भी लेने की कोशिश करें । यही मेरी मांग है । धन्यवाद ।

**SHRI KOTHA PRABHAKAR REDDY (MEDAK):** Thank you, Sir. I would like to bring to your kind notice a very important and urgent issue regarding corporatization of the Ordnance Factory situated at Yeddumailaram in my constituency, Medak in the State of Telangana.

Sir, due to corporatization of the Ordnance Factory in Sanga Reddy, the employees are afraid of losing their jobs. The interests of these employees and their dependent families will be severely affected by this decision.

They made a representation and requested me to solve this issue and it seems that the grievances of the employees are genuine. We should keep in mind the national interest and security of the nation before taking any decision.

Therefore, I would request the hon. Minister of Defence to kindly look into the issue and do the needful to protect the interests of these employees and their families on humanitarian grounds.

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही पन्द्रह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**14.00 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Fifteen of the Clock .*

___________

**15.03 hrs**

*The Lok Sabha reassembled at Three Minutes past Fifteen of the Clock.*

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair.*)

## MATTERS UNDER RULE 377

**माननीय सभापति:** अब हम नियम 377 के अधीन मामले लेंगे ।

श्री सुशील कुमार सिंह- उपस्थित नहीं ।

श्री अशोक कुमार रावत ।

### (i) Need to develop the path of '84 kosi Parikrama' in Sitapur and Hardoi districts of Uttar Pradesh

**श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख):** मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख (उ.प्र.) में नैमिष्यारण्य एक बहुत ही पौराणिक व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है । इस क्षेत्र में दधीच कुंड, पाण्डव किला, हनुमानगढ़ी, सुदर्शन चक्र (चक्र कुंड), मां ललिता देवी मंदिर (शक्ति पीठ) इत्यादि महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल हैं, जो हरदोई व सीतापुर जनपदों के अंतर्गत आते हैं । इन स्थलों पर देश से ही नहीं विदेशों से लाखों की संख्या में वर्ष भर श्रद्धालु आते रहते हैं ।

इन धार्मिक स्थलों के लिए 84 कोसी परिक्रमा का बड़ा महत्व है । जो हरदोई व सीतापुर जनपदों से होकर गुजरती है । इस 84 कोसीय परिक्रमा का पूरा पथ कहीं संकरा है और कहीं जीर्ण-शीर्ण है, जिसमें प्रकाश की पर्याप्त सुविधा नहीं है । इन कठिनाइयों से श्रद्धालुओं को बड़ी असुविधा होती है ।

मैं माननीय पर्यटन मंत्री से अनुरोध करूंगा कि इस पूरे पथ के चौड़ीकरण, विद्युतीकरण, सौंदर्यीकरण इत्यादि के लिए राज्य सरकार से विचार-विमर्श के बाद, केन्द्रीय सहायता से एक योजना बनाए, जिसका समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन हो सके ।

## (ii) Need to recover leased Government land lying unutilised in Satna district, Madhya Pradesh

**श्री गणेश सिंह (सतना):** महोदय, औद्योगिक विकास के लिए राज्य की सरकारें लीज पर जमीन उपलब्ध कराती हैं, जिन शर्तों के आधार पर जिस कार्य के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाती है, उसका उपयोग सही कार्यों के लिए हो रहा है या नहीं, उसकी जाँच करानी चाहिए । जैसे कि मेरे लोकसभा क्षेत्र सतना में स्थापित बिरला सीमेंट कंपनी, प्रिज्म सीमेंट, के.जे.एस. सीमेंट, यूनिवर्सल केविल्स, जे.पी. बाबूपुर, मैहर सीमेंट सरलानगर तथा ए.सी.सी. सीमेंट कंपनी कैमोर जिला कटनी की स्थापना के लिए जितनी जमीन लीज में दी गई है, उसमें अनुपयोगी जमीन पर जबरन कब्जा है, उसे कंपनियों से वापस ले लेना चाहिए । बिरला जूट एंड मैन्युफैक्चर कंपनी सीमेंट डिपो को 99 साल के लिए मध्य प्रदेश सरकार ने सन् 1956 में लगभग हजारों एकड़ जमीन को लीज पर दिया था ।

माननीय सभापति महोदय, भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2013 में बनाए गए भू-अर्जन कानून के तहत जिस जमीन का अभी तक जिस उद्देश्य के लिए लीज दी गई थी, यदि उसका उपयोग नहीं किया गया तो वह जमीन वापस ली जा सकती है । सतना जिले में बिरला सीमेंट ने अभी तक सीमेंट प्लांट लगा लिया, आवास बना लिया, अस्पताल/स्कूल/खेल मैदान/क्वार्टर/बाजार आदि सब बना लिया, शेष जमीन में मात्र बाउंड्री बनाकर जबरन कब्जा कर रखा है, शहर का विकास रूका हुआ है, स्मार्ट सिटी की घोषणा है, उसके लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तथा शासकीय भवन आदि बनाने के लिए जमीन की जरूरत पड़ती रहती है ।

माननीय सभापति महोदय, आपके माध्यम से मेरी मांग है कि जिस उद्योग के लिए उक्त कंपनियों को जमीन लीज पर दी गई थी, उसकी जांच करा ली जाए तथा शेष खाली जमीन वापस ली जाए ताकि जनहित में सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए तथा शासकीय भवन आदि बनाने के लिए जमीन का सदुपयोग हो सके । धन्यवाद ।

## (iii) Regarding a railway line from Whitefield to Chittoor via Mulabagale in Karnataka

**SHRI S. MUNISWAMY (KOLAR):** Rail and road connectivity is the basic need for transportation of agricultural products and natural resources. Development of an area is also linked with rail and road connectivity. Due to shortage of rail and road connectivity in Kolar area, the development and transportation has been affected. A railway line from Whitefield to Chittoor via Mulabagale will help in the development and transportation in Kolar area.

मैं आज दोबारा याद दिलाना चाहता हूं कि हमने महाराष्ट्र में नाणार प्रोजेक्ट लाने की कोशिश की थी । कभी सोचा था कि नाणार प्रोजेक्ट से क्या साइड इफेक्ट होने वाले थे? वे कौन लोग हैं, जिन्होंने रत्नागिरी में जाकर जमीन खरीद ली? वे वहां के लोग नहीं हैं, सब बाहर के लोग हैं और उनको मालूम था कि यहां प्रोजेक्ट आने वाला है । गरीब किसानों की जमीन सस्ते में खरीद ली । उन किसानों को क्या पता, वहां क्या होने वाला है? 1700-1800 हेक्टेयर जमीन कौड़ियों के भाव में, अगर मैं नाम लूं तो बुरा नहीं लगना चाहिए, रत्नागिरी की जमीन खरीदने वाले गुजरात स्टेट के लोग थे । ये सारी चीजें बाद में लोगों को समझ में आती हैं, लेकिन अच्छा हुआ हमारी सरकार ने सही समय पर निर्णय लिया और नाणार प्रोजेक्ट वापस लिया गया, जैतापुर प्रोजेक्ट वापस लिया गया । उसका सोशल इम्पैक्ट क्या होता, इसके बारे में सोचा नहीं गया था । अभी भारत पेट्रोलियम बेचने की बात हो रही है । भारत पेट्रोलियम, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल कम्पनी बनी थीं, जिसमें से भारत पेट्रोलियम को हम बेच रहे हैं । आगे इस कम्पनी का क्या होगा, मुझे नहीं पता है? जब

हम उसको कर रहे थे तब हमने उसके सोशल इम्पैक्ट को नहीं देखा था । हमारी मुम्बई में मेट्रो प्रोजेक्ट लेकर आए, उससे प्रदूषण भी कम होने वाला है । हम गोरेगांव की आरे कालोनी में गए । मुम्बई शहर में संजय गांधी उद्यान और गोरेगांव है । उसकी 1700 हेक्टेयर जमीन में से 30 हेक्टेयर जमीन ले ली । पेड़ काटने की शुरूआत हुई तो लोगों ने इसकी भर्त्सना की और आंदोलन किया । हमें कोर्ट का पता नहीं, क्योंकि हम इसे फॉरेस्ट नहीं कहते हैं तो उन्होंने भी इसे फॉरेस्ट मान लिया । आप फॉरेस्ट को छोड़िए, आपने एक रात में 2700 पेड़ काट दिए और हम प्रदूषण पर चर्चा कर रहे हैं, हम पर्यावरण की चर्चा कर रहे हैं । मैं इसलिए कह रहा हूं कि सरकार को भी आत्मचिंतन करना चाहिए । ऐसा नहीं है कि उसके लिए और कहीं जगह उपलब्ध नहीं थी । थोड़ा खर्च ज्यादा होता और वह चलता, लेकिन मुम्बई जैसी घनी आबादी वाला शहर, जहां डेढ़-दो करोड़ लोग रहते हैं, उसमें दो ही जगह ऑक्सीजन देने वाली हैं, एक संजय गांधी उद्यान और दूसरा गोरेगांव आरे कॉलोनी । मुम्बई शहर को यहीं से ऑक्सीजन मिलती है । इसलिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं कि आप यहां अच्छी चर्चा लेकर आए हैं ।

मैं केमिकल कम्पनीज़ के बारे में बताना चाहता हूं । मैं एस्टिमेट कमेटी में था और गंगा रिज्यूविनेशन का प्लान आया था । मैंने उस समय कहा था कि इसको जोनवाइज़ कीजिए । गंगा के उद्‌गम से लेकर 25-50 किलोमीटर तक पूरा प्रदूषण मुक्त कीजिए । हमने पूरा प्रदूषण मुक्त किया है । एक ही साथ इधर भी और उधर भी, लेकिन फिर पीछे कानपुर से आ रहे हैं । इनको दिल्ली का दिखा कानपुर का नहीं दिखा । यह भी तो गलत है । कानपुर में भी तो चमड़े की कम्पनी का पानी गंगा में जाता है जो नदी को प्रदूषित कर रहा है । हमने रिवर कनेक्टिविटी की बात की थी, जिसको आधे रास्ते में छोड़ दिया है । अब बाढ़ आयी है । प्रकाश जी, आपको उसको छोड़ना नहीं है क्योंकि सरकार अपनी है, आगे भी चलेगी और चलती रहेगी । लेकिन एक काम जो रिवर कनेक्टिविटी का था,

हम देख रहे हैं कि सूखा भी है, ओले भी गिर रहे हैं और बाढ़ भी आ रही है । लोगों को पीने का पानी नहीं है और बाढ़ आ रही है । पटना में बाढ़ आयी है । इन सारी चीजों को ध्यान में रखना है ।

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड हर राज्य में है । मैं इस बात को दोहराना नहीं चाहता हूं, केन्द्र सरकार ने उस बारे में बहुत बड़ा कदम उठाया है और राज्यों को भी उसमें शामिल किया हुआ है । लेकिन आज भी केमिकल कम्पनियों का प्रदूषित पानी हमारी नदियों को प्रदूषित कर रहा है । उनके एफल्यूएंट्स नदी में जा रहे हैं । अब उसी पानी को हम खेती के लिए इस्तेमाल करते हैं, वही पानी पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं । चाहे यह गंगा नदी की बात हो या कोलकाता के नजदीक आप जाएंगे तो आपको गंदा पानी मिलेगा । उसी से खेती होती है और उससे भी बीमारियां होने वाली हैं । इसलिए मैं आपसे विनती करता हूं ।

मैं इम्पैक्ट की बात करता हूं । थोड़ा सा हटकर बताना चाहता हूं कि जब इलेक्ट्रोनिक्स आने लगा तो बैंक्स में लोग आंदोलन करने लगे कि कर्मचारी हटाए जाएंगे क्योंकि कम्प्यूटर आ गया है । सही बात है, तो कम्प्यूटर मैन्युफ्रैक्चर होगा । हम तो सारी चीजें चाइना से लेते हैं । क्या करते हैं, यह पता नहीं है । लेकिन कम्प्यूटर आ गया । अब उस वक्त कभी सोचा नहीं कि इलैक्ट्रॉनिक्स वेस्ट का क्या होगा । अब पता चल रहा है कि इलैक्ट्रानिक्स वेस्ट के लिए हमारे पास पॉलिसी क्या है? इलैक्ट्रॉनिक्स वेस्ट्स को हम कैसे निपटाएंगे? आज-कल चल रहा है कि बैट्री वाली गाड़ियां लानी चाहिए । अच्छी बात है, जरूर लानी चाहिए । …(व्यवधान) मैं बस दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूँ । …(व्यवधान) Have you ever thought of battery wastes? Do you know it is Lithium? हम कह रहे हैं फ्यूल फॉसिल, हमारा पैसा बचने वाला है, तो बैट्री कहां से आने वाली है? बैट्री में भी डॉलर जाने वाला है । क्या हमारे पास लीथियम है? वह भी हम खरीदने वाले हैं । जो बैट्री कल इस्तेमाल में नहीं रह जाएगी तो उसको कहां फेंकेंगे? It is more hazardous. Lithium battery is more hazardous to health. Do we have any plan? हम गाड़ियों की बात कर

रहे हैं । Do you have any plan for scrappage policy? पुरानी-पुरानी गाड़ियां इस्तेमाल कर रहे हैं, प्रदूषण कर रहे हैं, दिल्ली की सरकार करे, एक-दूसरे पर कीचड़ उछालने से काम नहीं होगा । इसमें ठोस कदम उठाने होंगे ।

मैं आखिर में एक मिनट में अपनी बात खत्म करता हूँ । सर, ओज़ोन लेयर, have we ever thought of it? ओज़ोन लेयर को छिद्र गिरा है । सूर्य की किरणें जब ओज़ोन लेयर छेद कर के नीचे आएंगी तो बीमारी पैदा करेगी । अब ओज़ोन को मेंटेन करते समय, हम प्रकृति के ऊपर अत्याचार कर रहे हैं । आप फायरवर्क्स की बात करते हैं, हम तो बहुत अत्याचार कर रहे हैं । पहले हम प्रकृति के ऊपर अत्याचार करना कम करें और जो हमारे संत-ज्ञानी तुकाराम जी कथनी है

" वृक्षवल्ली आम्हा सोयरी वनचरे, पक्षीही सुस्वरे आडविती"

मतलब कि बर्ड्स भी सिंग करते हैं कि यह जो पेड़ है, वही बड़ा हो कर जंगल बनेगा । अब सबसे बड़ा और पुराना, ओरिजिनल जो हमने जीरो बजट कहा था किसान पर, एग्रीकल्चर पर हमने जीरो बजट कहा, इसका मतलब क्या है? ट्रेडिशनल खेती करो । गोबर कहां मिलता है? क्या किसान के पास आज है? गाय-भैंस आज कहां हैं? बहुत कम हो गए हैं, सब ट्रैक्टर से करते हैं । जब गोबर था तो डांस नहीं थे, मक्खी-मच्छर नहीं थे । अब ये सारी चीजें उल्टी हो रही हैं, तो प्रकृति की तरफ जाने की आवश्यकता है । मैं फिर से कहना चाहता हूँ कि इस विषय को चर्चा के लिए लाया गया और आपने मुझे अपनी बात रखने का समय दिया इसके लिए मैं आपका धन्यवाद कहता हूँ । "If you do not go green, we are going to ruin".

**श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल):** सभापति महोदय, मुझे बोलने के लिए आपने मौका दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूँ ।

महोदय, नियम-193 के अंतर्गत जो विषय माननीय सदस्य के द्वारा सदन में लाया गया है, वह अत्यंत ही गंभीर और संवेदनशील है । इसका महत्व मानव जीवन पर अत्यधिक प्रभावकारी है और इसके दूरगामी परिणाम भी होने वाले हैं ।

माननीय **सभापति** महोदय, हम सभी जानते हैं कि हमारे देश की आबादी लगभग 130 करोड़ है, जिसमें आधे से अधिक बच्चे और युवा हैं, अत: यह सोचना बहुत ही आवश्यक है कि ग्लोबल वार्मिंग के साथ-साथ वायु प्रदूषण क्यों हो रहा है एवं उसे कैसे रोका जा सकता है । पर्यावरण प्रदूषण के मुख्य कारण हैं प्रकृति से छेड़खानी । वृक्ष काटे जा रहे हैं । जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, भूमि प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण वगैरह इसके कारण हैं, जिससे सभी अवगत हैं ।

आज हमने इस विषय पर ध्यान नहीं दिया तो हमारी आने वाली पीढ़ी को गंभीर परिणाम भुगतना होगा । यह पूरे विश्व के लिए चुनौती भरा कार्य है ।

मैं माननीय **सभापति** महोदय के माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि विश्व के साथ भारत भी एक कदम आगे बढ़ कर इस चिन्ता को ध्यान में रखे ।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसका सबसे अधिक असर बच्चों पर देखा गया है । इसलिए हमें यह कोशिश करनी है कि देश के भविष्य को बचाएं, बच्चों पर ध्यान केन्द्रित करें । जलवायु परिवर्तन, वायु प्रदूषण और बढ़ते तापमान का सबसे अधिक असर भारत के बच्चों पर पड़ रहा है । खासतौर पर नवजात शिशु कुपोषण और सांस से होने वाली बीमारियों के शिकार हो जाते हैं ।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में से एक है । इसके 14 शहर दुनिया के सबसे प्रदूषित 20 शहरों की सूची में अव्वल हैं । दिल्ली में वायु प्रदूषण की हालत ऐसी हो गई है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय को हेल्थ इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी है । यह हमारे देश की राजधानी की हालत है । अन्य शहरों में भी कमोबेश यही हालत है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सभी माननीय सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूँ कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आम लोगों के साथ मिलकर, बच्चों, बुजुर्गों के साथ मिलकर वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण ध्वनि प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन से बचने एवं प्रकृति की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कदम उठायें । समाज में जागरूकता लाने के उपायों पर चर्चा करें एवं इसके सार्थक परिणाम के बारे में लोगों को अवगत करायें ।

महोदय, इस संबंध में मैं बिहार के मुख्यमंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने मौसमी हालात को बदलने के लिए जल-जीवन, हरियाली अभियान की शुरुआत की है । इसके तहत सरकार पाँच मोर्चों पर एक साथ काम करेगी । ये पाँच मोर्चे निम्न प्रकार हैं । इसमें तालाबों, आहर-पाइन की उड़ाही, पौधे लगाना, रेनवाटर हार्वेस्टिंग तथा उन इलाकों तक नदियों का पानी पहुँचाना, जहाँ सूखा पड़ता है, इसके अलावा सोलर लाइट को भी बढ़ावा दिया जा रहा है । माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार का कहना है कि जल और हरियाली रहेगी तभी जीवन सुरक्षित रह सकता है । इसके लिए उन्होंने कहा कि जागरूकता के साथ-साथ सड़कों के किनारे पेड़ लगाना, बाकी सार्वजनिक जगहों और निजी जगहों पर भी वृक्षारोपण किया जाएगा । यह एक ऐतिहासिक पहल है । अगर जल-जीवन हरियाली अभियान को सही तरीके से जमीन पर उतारा जाएगा तो हमारा आने वाला कल सुरक्षित और खुशहाल हो जाएगा ।

महोदय, जल-जीवन-हरियाली अभियान से बिहार में करीब 24 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसे तीन वर्षों में पूरा कर लिया जाएगा । अभी तक 19 करोड़ वृक्षारोपण हो चुका है ।

इससे राज्य में ग्रीन बेल्ट में बढ़ोतरी होगी और यह पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम होगा । इसी प्रकार जल संचय से भू-जल स्तर को मैन्टेन करने में सहायता मिलेगी और गर्मी के दिनों में जो पीने के पानी की किल्लत होती है, उससे भी निजात मिल सकती है । नदियों की सफाई और उसके विस्तार से उन इलाकों में भी पानी पहुँचाया जा सकता है, जहाँ सूखे की स्थिति बनी रहती है । अतिवृष्टि के समय एक जगह से दूसरी जगह पानी का बहाव भी किया जा सकता है और किसानों को सिंचाई की समस्या से भी बचाया जा सकता है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहता हूँ कि हमारे नेता और बिहार के माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी की दूरगामी सोच जल-जीवन-हरियाली अभियान की तर्ज पर पूरे देश में इस योजना को अविलम्ब लागू किया जाए । इसकी मानीटरिंग के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी जाए । इसके लिए जो उचित धनराशि की जरूरत हो, उसे केन्द्र सरकार पूर्णरूपेण वहन करे और राज्य सरकार का पूरा सहयोग भी ले ।

अत: बिहार ने विश्व की वर्तमान समस्या ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाने तथा सम्पूर्ण जीव-जगत के रक्षार्थ जल-जीवन-हरियाली जैसे अभियान की जो शुरूआत की है, वह भविष्य में "सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:" के सूत्र वाक्य को चरितार्थ करेगा ।

इन्हीं शब्दों के साथ बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**कुंवर दानिश अली (अमरोहा):** महोदय, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । मैंने भी नियम 193 के अंतर्गत नोटिस लगाया था । यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि पिछले हफ्ते देश के अखबारों की सुर्खियाँ थी कि हम दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर में रह रहे हैं । दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर में हमारे देश की पार्लियामेंट है । मैं बिल्कुल भी डिनायल मोड में नहीं जीना चाहता, मैं साफगोई से बात करना चाहता हूं । स्टैण्डिंग कमेटी ऑन अर्बन डेवलपमेंट की मीटिंग थी । यह सच्चाई है कि उस दिन दिल्ली में उस मीटिंग को अटेन्ड करने कई सांसद इसलिए नहीं आए, क्योंकि वे डर रहे थे कि दिल्ली में प्रदूषण बहुत है । तीस में से केवल चार मेम्बर्स आए । यह हम लोगों के लिए शर्म की बात है । जिस देश की राजधानी में, जिस शहर में हर तीसरे मिनट एक बच्चे की मौत हो रही हो, जिस देश की राजधानी को गैस चैम्बर कहा जा रहा हो, आज हम वहां बैठ करके, पार्टी पॉलिटिक्स से ऊपर उठ कर इसके बारे में चर्चा करना चाहते हैं । सरकार ने इसी साल शुरू में 'नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम' लॉन्च किया और सरकार ने कहा कि हम अगले 5 सालों में 100 शहरों में 20 से 30 प्रतिशत प्रदूषण कम करेंगे । हम पूरे तरीके से उसका समर्थन करते हैं । लेकिन, धरातल पर सच्चाई कुछ और है । किसी भी पार्टी की सरकार हो, जो राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड्स हैं, माफ कीजिएगा, वे क्या करते हैं, क्या जिम्मेदारी निभाते हैं, यह किसी से छिपा नहीं है । मैं वह अल्फाज़ और वह सच्चाई यहां बयां करना नहीं चाहता । आज जो स्थिति हो गयी है, यह सवाल केवल दिल्ली का ही नहीं है, बल्कि यह पूरे देश का सवाल है । मेरा लोक सभा क्षेत्र दिल्ली, एन.सी.आर. से लगा हुआ है । हमारे पास इंटेग्रेटेड पॉलिसीज की कमी है । यह सच्चाई है ।

अभी शिव सेना के हमारे माननीय सांसद कह रहे थे । पिछले हफ्ते तक वे केन्द्र सरकार में इंडस्ट्रीज मिनिस्टर थे । हम पॉलिसीज तो ले आए, एलान कर दिया कि इलेक्ट्रिक व्हीकल्स लॉन्च होंगे, लेकिन हमारे ऑटोमोबाइल इंडस्ट्रीज वाले रो रहे हैं और कह रहे हैं कि साहब, हमारे व्हीकल्स

इसलिए नहीं बिक रहे हैं कि एलान कर दिया गया कि अब इलेक्ट्रिक व्हीकल्स आ रहे हैं और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स आ ही नहीं रहे हैं ।

मैं सिर्फ यही कहना चाहता हूं कि एक बहुत बड़ा प्रचार चल रहा है कि दिल्ली के आस-पास जो प्रदूषण है, उसके लिए किसान जिम्मेदार हैं । किसानों के पास कोई लॉबी नहीं है । वे अपनी बात सही तरीके से नहीं रख सकते, वे मीडिया में अपनी पी.आर. एक्सरसाइज नहीं कर सकते तो केवल किसानों को इस बात के लिए दोषी ठहरा दिया जाए कि वे पराली जला रहे हैं, इसलिए प्रदूषण हो रहा है । मेरे ख्याल से कई ऐसी रिपोर्ट्स हैं । यह बात ठीक है कि वह भी एक पॉइंट है । इसमें कोई शक नहीं है कि उसकी वजह से भी प्रदूषण हो रहा है, लेकिन केवल किसानों की वजह से ही प्रदूषण नहीं हो रहा है ।

यहां पर किस तरह से कंस्ट्रक्शन हो रहा है । मैं आपको बताऊं कि मेरे क्षेत्र में अभी नेशनल हाईवे का एक्सपैन्शन हो रहा है । क्या वह किसी मानक के तहत दिल्ली के अन्दर, दिल्ली के आस-पास या पूरे देश में जो प्रोजेक्ट्स चलते हैं, चाहे वे केन्द्र सरकार के चलें या प्रदेश सरकार के चलें, क्या उन प्रोजेक्ट्स में मानकों का पालन किया जाता है? कहीं उसे ढक करके जो गाइडलाइंस हैं, क्या उनको इम्प्लीमेंट किया जाता है? यह नहीं किया जाता है ।

मान्यवर, मैं इतना ही कहूंगा कि हमारी सरकार की एक ऐम्बिशन है, इसलिए हम उनका समर्थन करते हैं । हम उम्मीद करते हैं कि हमारी इकोनॉमी जल्द से जल्द फाइव ट्रीलियन की हो जाए । इसी के साथ क्या यह सच्चाई नहीं है कि प्रदूषण की वजह से जीडीपी ग्रोथ 8.5 परसेंट के टोटल में कमी आती है, क्या यह एक अहम मुद्दा नहीं है? हम लोग यहां बैठकर चर्चा करते हैं । मैं जानता हूं कि किस तरीके से इस देश में जो लॉबिज़ हैं, हर कॉरपोरेट लॉबी अपना फायदा उठाती है । दिल्ली में पॉल्यूशन हो रहा है, लेकिन कुछ लोग बहुत बड़े ब्रांड ऐम्बैसडर बन कर कह रहे हैं कि फलां

कंपनी की एयर प्यूरीफायर लगाइएगा, तो पॉल्यूशन कम हो जाएगा । मैं यह नहीं कहना चाहता हूं कि हमारे इस सदन के कोई सदस्य भी उसके ब्रांड एम्बैसडर होंगे या होंगी, लेकिन सच्चाई यही है ।

मान्वयर, मैं उन टेक्निकैलटिज़ में नहीं जाना चाहता हूं । मेरे से पहले कई सदस्यों ने इसके बारे में बोला है । साइंटिफिक प्वाइंट ऑफ व्यू से जो चीजें हैं, जिस प्रकार से लंग्स कैंसर होता है, उससे कितनी मौतें होती हैं । यह बात सच है कि हम यहां एयर कंडीशन चैम्बर में बैठकर चर्चा कर रहे हैं, लेकिन जरा उनके बारे में भी सोचिए, जो गरीब लोग हैं । जो लोग झोपड़ी में रहते हैं, जब सर्दी होती है, तो वे लोग आग जलाकर हाथ तापते हैं । जब गर्मी होती है, तो आप एयर कंडीशन चैम्बर में बैठकर आराम करते हैं या भाषण करते हैं, लेकिन वे लोग इन्हीं एयर कंडीशनर द्वारा छोड़ी गई प्रदूषित हवा में सांस लेते हैं ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार तथा माननीय मंत्री जी से निवेदन करता हूं । मैं अपने पर्यावरण मंत्री जी को जानता हूं कि वह इस कॉज के लिए बहुत सीरियस हैं । मुझे उम्मीद है कि हमारे मंत्री जी इंटीग्रेटेड पॉलिसी के बारे में सभी मिनिस्ट्रीज तथा डिपार्टमेंट्स को लेकर कुछ ऐसा लाँग टर्म प्लान बनाए कि हमारे आने वाली नस्ल एवं बच्चे प्रदूषण से निजात पा सकें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI NAMA NAGESWARA RAO (KHAMMAM):** Thank you Chairman Sir for giving me an opportunity to speak on this important discussion on pollution and climate change.

चेयरमैन सर, अभी तक हमारे बहुत साथियों ने पिछले तीन घंटों से इस इश्यू पर बात की है । उस टेक्निकैलटिज़ तथा मेडिकल इश्यू पर मैं नहीं जाना चाहता हूं । अगर हम मुख्य रूप से देखें, तो अभी वर्ल्ड के टॉप टेन मोस्ट पॉल्यूटेड सिटीज़ में हमारी कौन सी सिटी है? इस आउट ऑफ टेन सिटीज़ में नाइन सिटीज़ हमारे कंट्री की हैं । अगर हम टॉप ट्वेन्टी में देखें, तो बीस में से पन्द्रह सिटीज़ इंडिया की हैं । We are Indians. चाहे दिल्ली, यू.पी., गुजरात या हरियाणा हो, लेकिन जो सबसे महत्वपूर्ण फैक्टर है, उसमें पॉल्यूशन एंड क्लाइमेट चेंज के लिए गवर्नमेंट को काफी सीरियसली सोचना पड़ेगा । यह बात हम इसलिए बोल रहे हैं, क्योंकि वाटर पॉल्यूशन, एयर पॉल्यूशन, व्हिकल का पॉल्यूशन तथा इस तरह के डिफरेंट पॉल्यूशन से हमारा जीवन प्रभावित हो रहा है । इसका इफैक्ट कंट्री की इकोनॉमी के ऊपर भी पड़ रहा है ।

अभी इससे पहले प्राइम मिनिस्टर काउंसिल ऑफ क्लाइमेट चेंज के बारे में भी चर्चा हुई । हमारे ऑनरेबल मिनिस्टर यहां पर हैं । उनके रिप्लाई में डिटेल में बताया जाएगा । इस काउंसिल को फॉर्म होने के बाद काफी इश्यूज को आप लोगों ने आडेंटिफाई किया है । उन इश्यूज़ में वाटर के बारे में, एग्रीकल्चर के बारे में, ग्रीन इंडिया के बारे में, सस्टेनेबिलिटी ऑफ एग्रीकल्चर, ये सब आइटम्स आपने लिस्ट आउट कर दिये । यह एक अच्छी चीज है । एक पॉलिसी के रूप में, नेशनल लेवल पर प्राइम मिनिस्टर की काउंसिल ऑफ दि क्लाइमेट चेंज में उतने हाई लेवल पर टेक अप कर रहे हैं, तो हम इसे क्यों कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं? इसके क्या कारण हैं? अभी कंट्री में एक इमरजेंसी जैसी हालत हो गई है । पोल्यूशन के बारे में नॉट ओनली इंडियंस, फॉरेनर्स भी बात कर रहे हैं ।

मलेशिया में हमारी जान-पहचान का कोई व्यक्ति है । हमने उनसे कहा कि हम अभी दिल्ली में हैं, अगर आपको आना है, तो आप दिल्ली में आइए । वह बोला कि दिल्ली में नहीं आएंगे, आप हैदराबाद में कब पहुंचेंगे, हम हैदराबाद में आएंगे । हम बोले क्यों भाई? वह बोला कि हम लोग मीडिया में, पेपर्स में सब देख रहे हैं । दिल्ली में पोल्यूशन काफी ज्यादा है, इसकी वजह से वहां नहीं आएंगे । इवेन फॉरेनर भी हमें कमेंट कर रहा है ।

हाउस में इस पर चर्चा के लिए लीडर्स मीटिंग में हम सब एग्री हुए । जो भी कंट्री का मेन इश्यू रहता है, बिल्स के साथ-साथ उन इश्यूज़ के ऊपर डिसकस करने के लिए सभी लीडर्स की बात हुई थी । ऑनरेबल प्राइम मिनिस्टर ने लीडर्स मीटिंग में एक बात कही कि अपोजीशन के जो भी सदस्य हैं, वे लोग कांस्ट्रक्टिव सजेशंस दे दें, गवर्नमेंट उसे जरूर टेक अप करेगी । यह बहुत बड़ी चीज है, बहुत बड़ी बात है । उसके बाद स्पीकर साहब ने भी यही कहा है । क्लाइमेट चेंज के बारे में, पोल्यूशन के बारे में बात करनी है, तो एक-एक पार्टी से बात करने के बाद आज हमें इस पर चर्चा करने का मौका मिला है ।

हम इसके बारे में कुछ सजेशंस देना चाहते हैं । तेलंगाना के ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर केसीआर साहब ने लास्ट 5 ईयर से हरितहारम चला रखा है । इसका मतलब पेड़ उगाने से है । पूरे हाउस और कंट्री के लोग भी इसे जानें । एक बहुत इंपोर्टेंट फैक्टर, जो हम अपने स्टेट में चला रहे हैं, उसे हम यहां लेकर आना चाहते हैं । पिछले 5 साल में 176 करोड़ रुपये का प्लांटेशन हमने डाला है । कंट्री की पॉपुलेशन 130 करोड़ है । केवल तेलंगाना में 176 करोड़ रुपये का प्लांटेशन हमने किया है ।

ग्राम पंचायत के एक्ट में हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने चेंज करके उसमें यह प्रोविजन रखा है कि हर एक ग्राम पंचायत में एक नर्सरी होनी चाहिए । अभी 12,751 हमारे यहां ग्राम पंचायत हैं और

12,751 नर्सरीज़ भी हमारे यहां बनाई गई हैं । हमने अर्बन पार्क्स डेवलप किए हैं । सिटीज के बगल में गवर्नमेंट की लैंड हो, फॉरेस्ट लैंड हो, वहां हम लोगों ने अर्बन पार्क्स डेवलप करना शुरू कर दिये । कंट्री में अभी तक किसी स्टेट ने ऐसा नहीं किया होगा । हम लोगों ने 77 अर्बन पार्क्स क्रिएट करके पब्लिक को दिए हैं । ईवेन मेरी कांस्टीट्युएंसी खम्माम में हमारे टाउन के बगल में बहुत लैंड पड़ी हुई थी, वहां हमने अर्बन पार्क डेवलप कर दिया ।

हमारे यहां मंकी की प्राब्लम बहुत ज्यादा थी । हमारे चीफ मिनिस्टर ने सोचा है कि मंकी के लिए पार्क बनाया जाए, जो वह खाता है, उसके लिए हम लोगों ने पार्क बना दिया । इस तरह से चेंजेज लाना चाहिए । इसके साथ-साथ हम लोगों ने एक्ट में एक प्रोविजन किया है । हम जो पेड़ लगाते हैं, उसको बचाने की जिम्मेदारी सरपंच को दी है । अगर 100 पेड़ लगाए हैं, 85 पर्सेंट पेड़ नहीं बचने पर एक्ट में यह प्रोविजन रखा है कि उस सरपंच को हम लोग निकाल सकते हैं । सरपंच को यह भी पॉवर दी है कि वह सरपंच किसी गांव में जाकर, जो गंदगी करता है, पोल्यूशन करता है, छोटी-छोटी दुकानें हैं, उनको फाइन करने का भी प्रोविजन दिया है । वह पांच हजार, पचास हजार और एक लाख तक की पैनल्टी लगा सकता है । उस तरह से हम लोगों ने काफी चेंज किया है । म्युनिसिपैलिटी एक्ट में भी चेंज कर रहे हैं, म्युनिसिपैलिटी में एक्ट चेंज करके उसमें भी हम लोग ऐसा प्रोविजन करना चाहते हैं । जिस तरह अर्बन पार्क का किया है उसी तरह म्युनिसिपैलिटी एक्ट में भी चेंज करना चाहते हैं ।

इंडिया में किसी भी स्टेट में फॉरेस्ट को डेवलप करने का काम पिछले पांच सालों में नहीं किया गया, जबकि हम लोगों ने तीन परसेंट फॉरेस्ट डेवलप कर दिया है । पहले 33 परसेंट का फारेस्ट था, जो अब 23 परसेंट हो गया है । करीब-करीब पिछले 60-70 वर्षों से दस परसेंट फॉरेस्ट खत्म हो गया था । हम लोगों ने तीन परसेंट फॉरेस्ट डेवलप किया है । इसे करने की वजह से फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया की रिपोर्ट 2018-19 में तेलंगाना स्टेट को फॉरेस्ट डेवलपमेंट के लिए बेस्ट स्टेट बताया गया है । मैं सभी लोगों को अपने स्टेट में आने का निमंत्रण देना चाहता हूं । Seeing is believing.

Please visit Telangana to see yourself our contribution to Mother Nature. इसी बात के साथ आपने जो भी टाइम दिया, मैं कुछ और बात कहना चाहता था, आपने जो भी टाइम दिया उसके लिए आपका धन्यवाद ।

**डॉ. अमर सिंह (फतेहगढ़ साहिब):** सभापति महोदय, आपने मुझे इतने इम्पॉर्टेंट टॉपिक क्लाइमेट चेंज और एयर पॉल्यूशन पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । फॉरेस्ट एंड एनवायरमेंट मंत्रालय के माननीय मंत्री जी बैठे हैं और हम लोगों की बातें सुन रहे हैं । क्लाईमेट चेंज पर बोलने के लिए ज्यादा वक्त नहीं लूंगा । जो क्लाईमेंट चेंज की रिपोर्ट आ रही है वह बहुत डरावनी है । रेन का पैटर्न चेंज हो रहा है । अब बारिश कम पड़ती है । दूसरी डिस्ट्रबिंग रिपोर्ट ग्लेशियर के बारे में है । मैंने पहले भी इस विषय को उठाने की कोशिश की थी । नार्थ इंडिया की सारी की सारी नदियां, जिसमें गंगा भी शामिल है, सभी ग्लेशियर फेड रिवर्स हैं । जो स्टडी आ रही है उसमें यह बताया जा रहा है कि ग्लेशियर का साइज बहुत स्पीड से कम हो रहा है । हम सोच नहीं सकते कि जो पहले फ्लड होने वाला है, मैं पंजाब के लिए वरिड हूं, हमारी पांचों की पांचों नदियां रेन फेड हैं । उनका क्या होगा? जब उसमें पानी नहीं आएगा, इरिगेशन नहीं होगा, बिजली नहीं बनेगी ।

**<u>17.57 hrs</u>** (Hon. Speaker <u>*in the Chair*</u>)

मैं यह इश्यू आपको फ्लैग कर रहा हूं । आज मैं इस विषय पर ज्यादा नहीं बोलना चाहता हूं । इस पर बहुत गहराई से देखने की जरूरत है । इससे सभी को अफैक्ट होना है लेकिन एग्रीकल्चर और फामर्स सबसे ज्यादा अफैक्ट होंगे । जब भी मेरी अपनी कंस्टीट्यूएंशी में बेमौसम बारिश होती है, इस बार पैडी मंडियों में पड़ी थी, सारा पैडी भीग गयी, किसको बताए कि मेरी पैडी भीग गयी । सबसे ज्यादा मार किसानों को पड़ती है । दानिश अली जी ने भी इस बारे में सही बोला । यहां अभी ज्यादा एयर पोल्यूशन और खासकर दिल्ली के संदर्भ में डिसकशन चल रही है । अगर यहां की सरकार इसे गैस चैंबर कह रही है और हम सभी मानते हैं कि बहुत बुरी हालत है ।

**<u>18.00 hrs</u>**

**माननीय अध्यक्ष:** अगर सदन की इजाजत हो तो आधा घंटा समय बढ़ा दिया जाए ।

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** What is the emergency?

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEAVY INDUSTRIES AND PUBLIC ENTERPRISES (SHRI ARJUN RAM MEGHWAL):** Mr. Baalu, I am not telling anyone to extend the House.

**माननीय अध्यक्ष:** आप साढ़े छ: तक तो सदन चलने दीजिए, कम से कम छ: बजे की परंपरा तो बदलने दीजिए । आप सबकी सहमति हो तो साढ़े छ: बजे तक सदन की कार्यवाही बढ़ाई जाए ।

**कुछ माननीय सदस्य:** जी हां, सहमति है ।

**माननीय अध्यक्ष:** सदन की कार्यवाही साढ़े छ: बजे तक बढ़ाई जाती है ।

**डॉ. अमर सिंह:** बहुत-बहुत शुक्रिया ।

**माननीय अध्यक्ष:** आपके लिए समय बढ़ाया है ।

**डॉ. अमर सिंह:** माननीय अध्यक्ष जी, आपकी बहुत मेहरबानी कि आपने समय दिया । मैं तो पहले ही सरकार का धन्यवाद कर चुका हूं कि इतने महत्वपूर्ण विषय पर डिसकशन रखा है ।

जहां तक दिल्ली को स्पेशल रैफरेंस में रखकर वायु प्रदूषण की बात हो रही है, इसमें रीज़न सबको पता हैं, मेरे से पहले बहुत वक्ताओं ने कारण बोल दिए हैं । डस्ट है, व्हिकल पाल्युशन है, इंडस्ट्री का पाल्युशन है जो पावर से आ रहा है, यहां सब कुछ बोल दिया गया है, मैं उसे रिपीट नहीं करना चाहता हूं ।

मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आप फोरेस्ट एन्वायर्नमेंट मिनिस्टर हैं । मैं कई बार आपके रोल के बारे में सोचता भी हूं, आपका रोल बहुत कन्फलिक्टिंग है । आप एक ओर इंडस्ट्री को परमिशन पर परमिशन दे रहे हैं और दूसरी ओर हम कह रहे हैं कि एन्वायर्नमेंट को प्रोटेक्ट कीजिए । हम सबको विश्वास है कि आप बैलेंस बनाएंगे क्योंकि आपको तरीके सब मालूम हैं । आपकी मिनिस्ट्री बहुत महत्वपूर्ण है । जब खबर पढ़ते हैं कि आपने सब इंडस्ट्रीज़ को परमिशन दे दी तब फिक्र भी होता है । आपने वाइल्ड लाइफ की तो बहुत परमिशन्स दी हैं, यह आपको देखना है, मैं इस पर कोई कमेंट नहीं कर रहा हूं । I am nobody to comment on your functioning and your decision making. आपको इंडस्ट्री और एन्वायर्नमेंट में बैलेंस बनाना होगा । इनके रीज़न्स पर भी आपको एक्शन प्लान भी बनाना है । एनडीए का छठा साल शुरू हो गया है । मैं अपने मुंह से कोई नेगेटिव कमेंट नहीं देना चाहता हूं । आप छठे साल में कोई प्रॉपर एक्शन प्लान तो क्लाइमेट चेंज और दिल्ली के एयर पाल्युशन पर लेकर आइए । आपको सारे रीज़न्स पता हैं, मैं इन रीज़न्स के बारे में नहीं बोलूंगा ।

मैं किसानों के बारे में जरूर बोलना चाहता हूं । मैं पंजाब से आता हूं और मेरी कांस्टीटुएंसी भी रूरल है । मैं माननीय सुप्रीम कोर्ट के बारे में कोई कमेंट नहीं दे सकता हूं । किसानों पर क्रिमिनल केस दर्ज हो रहे हैं । किसान पराली जलाता क्यों है? हमें इसका कारण समझना होगा । उसे गेहूं दो हफ्ते

के अंदर बीजना होता है, यह कारण है । वह शौक से नहीं जलाता है । हम जिन मशीनों के बारे में कह रहे हैं, इससे उसका पांच से दस हजार प्रति एकड़ खर्च बढ़ रहा है । क्या स्माल फार्मर इसे कर लेगा? हम चीजें सजैस्ट कर देते हैं कि यह मशीन ले आओ, वह मशीन ले आओ, वह कहां से लाएगा? स्माल और मार्जनल फार्मर तो पहले ही इकोनामी में डिस्ट्रैस है । देश का 70-80 परसेंट किसान डिस्ट्रैस में है । वह कहां से मशीनें लेकर आएगा? उसके ऊपर जो भार डाला जा रहा है, केंद्र सरकार अपने ऊपर जिम्मेदारी ले, कम से कम पंजाब सरकार की तो कोई जिम्मेदारी की हालत नहीं है । सुप्रीम कोर्ट के प्रैशर में सरकार ने कह दिया कि ढाई हजार रुपये प्रति एकड़ देंगे, लेकिन मुझे मालूम है कि क्या हालत होने वाली है । वहां पैसे कितने हैं, यह हम सबको मालूम है ।

मेरा दूसरा सुझाव है । पहले हम पल्सेज़ इम्पोर्ट करते थे, अब एडिबल ऑयल कितना कर रहे हैं, सरकार को फिगर्स का पता है । पंजाब, हरियाणा और यूपी के किसान के लिए अल्टरनेटिव क्रॉप कर दीजिए, प्रोक्योरमेंट एनाउंस कर दीजिए कि 100 परसेंट प्रोक्योरमेंट करेंगे तो कोई पराली नहीं जलेगी, न कोई पैडी बीजेगा, न ऐसा होगा । यह फैसला तो आपको ही लेना पड़ेगा ।

हम तो आपसे ही विनती करेंगे कि यह फैसला लीजिए । पंजाब की हालत यह है, जब मैं 1953 में पैदा हुआ था, मुझे याद है जब देश में फूड्स की स्कारसिटी हुई थी, तब हम लोगों ने पंजाब के किसानों से कहा कि फसल उगाओ और कंट्री को सरप्लस करो और आज हम उन पर क्रिमिनल केस कर रहे हैं । पेस्टिसाइड्स और फर्टिलाइजर की वजह से पंजाब के किसानों को कैंसर हो रहा है । हमारे पास ऐसी कोई स्कीम नहीं है, जिससे यह पता चल सके कि उनको कैंसर क्यों हो रहा है । आप इसकी भी एक स्टडी कराइए कि पंजाब में इतना कैंसर क्यों हो रहा है और पराली क्यों जलाई जा रही है? इसका भी सोलूशन कीजिए । I know you are capable of finding the solution. You are a very educated Minister. हम लोगों की ओर से पिनाकी मिश्रा जी ने कहा था, हम सब लोगों की ओर से आप प्रधान मंत्री जी को बोलिए कि वे कोई टास्क फोर्स हेड करें । It is

because climate change and air pollution are very big issues. Let him head a Task Force. जहां आप सब लोग रहे और कोई बड़े फैसले लीजिए । हम सभी पॉजीटिव फैसले का समर्थन करेंगे । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**SHRI GAUTAM GAMBHIR (EAST DELHI):** Hon. Speaker, Sir, the topic of discussion is something that affects each and every one of us, irrespective of our caste, creed, age and religion.

In fact, it is affecting us while we stand and talk about it here in the Parliament. It is high time we stop politicising over these grave issues. The public is smart and the current state is that of a climate emergency. Delhi is our Capital and it is worst affected. It is a fact that cannot be ignored. The State can no longer get away with these gimmicks like odd-even, shutting construction sites, etc. What have they to do so that they do not reach this situation? We need long-term sustainable solutions. We need to stop stealing the future from our kids and stop playing the blame game. It is time to own up and act responsible.

When I talk about the change on the ground, I would like to highlight the biggest source of pollution in my constituency which is the Ghazipur landfill. It is Asia’s largest garbage mountain. Whoever is in Delhi should go there and try to stand within 200 metres of that place. They will definitely experience what it is to be in hell. Solving this has been my biggest priority.

We have started working at the grassroots level. We have brought ballistic separators and compost machines for every Assembly. To fight pollution, we have bought sprinklers, road cleaners and industrial size vacuum cleaning machines worth Rs.90 crore so that we can at least reduce large pollution particles.

I am working on a plan to install 30 feet air purifiers. The idea is to give our public a better place to live.

Another major pressing issue is stubble burning. We have to devise a strategy for representatives of various States to work together to solve this crisis. Merely penalizing farmers for burning their crops will not be enough. We have to start exploring innovative ways like moving the sowing and harvest seasons so that they do not coincide with the advent of winter. For this, we would also have to provide the farmers with incentives to grow other crops.

मैं अपनी बात इस बात से खत्म करना चाहता हूं कि एक-दूसरे को ब्लेम करने से या फिर इस मुद्दे को इलेक्शन की नजरों से देखने का अंजाम बहुत ही बुरा होगा । हमारे देश के लोगों ने अपना कीमती वोट एक-दूसरे के ऊपर कीचड़ उछालने के लिए नहीं बल्कि एक बढ़िया काम करने के लिए दिया है । हम सभी को डिस्कशन और क्रिटिसिज्म लेना आना चाहिए । एयर पॉलूशन्स से इंडिया में हर तीन मिनट में एक बच्चे की मौत होती है । यह कोई मजाक की बात नहीं है । हम सभी को शार्टकट मारने की बजाए लांग टर्म सोलूशन्स के बारे में सोचना चाहिए, नहीं तो हमारे बच्चों को इसकी एक बड़ी कीमत चुकानी होगी । धन्यवाद ।

**ADV. A.M. ARIFF (ALAPPUZHA):** Thank you, Speaker Sir, for giving me the opportunity to speak on this serious issue.

Before starting my speech, I have to clarify one thing regarding the allegation raised by hon. Member, Kunwar Danish Ali. In his speech, the hon. Member Kunwar Danish Ali alleged that most of the Members of the Standing Committee on Urban Development did not attend the Committee meeting for the discussion on air pollution. He accused that it is because they were scared of air pollution in Delhi and he added that it is a shame for all. Sir, I am a Member of this Committee and I could not attend that meeting not because of scaring air pollution but I got the notice of the Committee meeting only before 48 hours. So, I could not come within this short span of time. Most of the Members could not come to attend the Committee only because of this short notice. I have been engaged in many other programmes in accordance with the date of State Ministers. So, I request him to correct his views and withdraw his allegations.

Sir, we are passing through the worst history of environment pollution in India. But even among countries notorious for pollution, India stands out for air that is consistently and epically terrible. Drawing on measurements and calculations as of 2016 from air monitoring stations in 4300 cities, the WHO reported in March that cities of India suffer the most. Both surface and groundwater in the country is under stress. Around 86 per cent of water bodies

are critically polluted. Indian cities are reeling under multiple problems, including environmental issues that they must contend with.

Most pressing of them all is the issue of air pollution. In 2016, a World Health Organisation study found that 14 of the 20 world's most polluted cities belonged to India. It is estimated that in 2016, over nine lakh deaths were caused due to air pollution in India. Over 100,000 children below the age of five die due to bad air in the country. Delhi, India's capital region, home to nearly 19 million people, is notorious for choking air. We cannot breathe in Delhi. It is a public health emergency as pollutants in the air have spiked to extremely toxic levels.

Sir, under the leadership of the hon. Prime Minister, a National Action Plan on Climate Change (NAPCC) was released. Eight National Missions were framed by the Council on Climate Change. Unfortunately, the Council could not achieve the desired goals. I would urge the Government that these measures should be taken in a time-bound manner for achieving these goals. We should also try to find out new techniques against the stubble burning.

The recent environment studies reveal that many districts of Kerala including Alappuzha, which is my constituency and Ernakulam will sink in sea within 25 years. Due to global warming, the sea level of Arabian Sea will increase up to two metres. We have to anticipate the terrible situation and find out a solution for the same at the earliest. Therefore, I urge the Government to take

earnest steps to curb the menace of environmental pollution and climate changes as early as possible.

**कुंवर दानिश अली:** अध्यक्ष महोदय, मैं एक क्लैरिफिकेशन देना चाहता हूं । माननीय सदस्य ने कहा कि मैंने ऐसा कहा है कि स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग अटेंड करने एमपीज इसलिए नहीं आए कि दिल्ली में पोल्यूशन ज्यादा था । मैं ऑन रिकॉर्ड कहना चाहता हूं कि 30 सदस्यों में से केवल चार सदस्य आए थे, मैं उनमें से किसी का नाम नहीं बताना चाहता हूं कि किसने मुझसे कहा, क्योंकि यह ठीक नहीं है, लेकिन एक संसद सदस्य ने मुझसे कहा था कि इतने पोल्यूशन में कैसे आएं । उसके बाद भी माननीय सदस्य कह रहे हैं कि शॉर्ट नोटिस मिला, इसलिए नहीं आए । यह बात ठीक है कि शॉर्ट नोटिस मिला, लेकिन उस मीटिंग की गंभीरता को माननीय सदस्यों को देखना चाहिए था कि वह मीटिंग किस मुद्दे पर थी । कितना भी शॉर्ट नोटिस था, उनको आना चाहिए था ।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, सदन की समितियों पर सदन में चर्चा नहीं होती है ।

**کنور دانش علی (امروہہ):جناب اسپیکر صاحب، میں ایک وضاحت کرنا چاہتا ہوں۔ معزّز ممبر نے کہا کہ میں نے ایسا کہا ہے کہ اسٹینڈنگ کمیٹی کی میٹنگ اٹینڈ کرنے ایم۔پیز۔ اس لئے نہیں آئے کہ دہلی میں پالیوشن زیادہ تھا ۔ میں آن ریکارڈ کہنا چاہتا ہوں کہ 30 ممبران میں سے صرف 4 ممبران ہی آئے تھے۔ میں ان میں سے کسی کا نام نہیں بتانا چاہتا ہوں کہ کس نے مجھہ سے کہا، کیونکہ یہ ٹھیک نہیں ہے، لیکن ایک معزّز ممبر نے مجھ سے کہا تھا کہ اتنے پالیوشن میں کیسے آئیں۔ اس کے بعد بھی معزّز ممبر کہہ رہے ہیں کہ شارٹ نوٹس ملا، اس لئے نہیں**

**آئے۔ یہ بات ٹھیک ہے کہ شارٹ نوٹس ملا، لیکن اس میٹنگ کی سنجیدگی کو معزّز ممبران کو دیکھنا چاہئیے تھا کہ وہ میٹنگ کس مُدعے پر تھی۔ کتنا بھی شارٹ نوٹس تھا، ان کو آنا چاہئیے تھا۔**

**SHRI P. RAVEENDRANATH KUMAR (THENI):** Thank you very much, Sir, for giving me this opportunity to speak on the issue of air pollution and climate change.

Sir, the National Clean Air Programme (NCAP) was launched in key sectors like transportation, household energy and waste management during the month of January 2019 with ultimate actions to prevent and reduce air pollution and improve air quality across the country, aiming to reduce air pollution by 20 per cent to 30 per cent by the year 2024.

I would like to appreciate the Government on behalf of my party and term this timely action as a comprehensive strategy of our hon. Minster for Environment, Forest and Climate Change, Shri Prakash Javadekar under the auspicious guidance of our hon. Prime Minister, Shri Narendra Modi.

Sir, I would like to bring to your notice that my State, Tamil Nadu, is the first State to become plastic-pollution free State in India due to the incentives/ steps taken by the Chief Minister and Deputy Chief Minister of Tamil Nadu.

Massive consumption of fossil fuel is also one of the major reasons hampering the atmosphere. The Government has already announced various incentive schemes to increase the usage of electric vehicles. However, the average usage of electric vehicles is very less because of the cost of those vehicles, limited number of service facilities, spare parts etc. Therefore, steps should be taken to increase the number of electric vehicles across the country.

Even though the impact of climate change is at an alarming level, there is no awareness among people. Therefore, there is a need to take initiatives at the grass-roots level. I would like to request the hon. Minister to start awareness programmes at all levels and particularly, the importance of healthy atmosphere should be made known at the primary school level. Accordingly, the subject of climate change should be included in the schools and necessary instructions should be given to the States for inclusion of climate change in the syllabus at their board level examinations. I hope that by taking such effective measures, we can reduce the impact of climate change significantly.

Thank you.

**श्री मनोज तिवारी (उत्तर पूर्व दिल्ली):** अध्यक्ष जी, आपने मुझे इस गंभीर मुद्दे पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं । मैं दिल्ली का सांसद हूं और दिल्ली का सांसद होने के नाते पूरे देश में एयर पॉल्यूशन, पॉल्यूशन पर जो स्थिति बनी हुई है, उस पर लगातार हमारे पास कई जानकारियां आती हैं, जो चिंताजनक हैं । आपने इस इश्यू पर इतनी बड़ी डिबेट करने का मौका दिया, इसके लिए हम आपका धन्यवाद करते हैं । हम आपसे यह प्रार्थना करना चाहते हैं कि पॉल्यूशन, एयर पॉल्यूशन स्टेट सब्जेक्ट है । जब यह स्टेट सब्जेक्ट है, तो क्या हम ऐसा कुछ नहीं कर सकते कि कोई स्टेट जानबूझ कर इस बारे में बहानेबाजी करता रहे, तो उसके लिए कुछ पनिशमेंट तय की जाए । उसके लिए ऐसी कुछ कार्रवाई हो और जनता के बीच बताया जा सके कि आप अपनी रिस्पोंसेबिल्टी से भाग रहे हो ।

अध्यक्ष जी, दिल्ली के बारे में दो-तीन बातें आपकी जानकारी में लाना चाहता हूं । दिल्ली में एयर पॉल्यूशन के लिए जैसा मेरे साथी गौतम गंभीर जी ने कहा, दिल्ली के एयर पॉल्यूशन को दूर करने के लिए यहां लोकल बॉडीज के पास राज्य से लगभग 9 हजार करोड़ रुपये के फंड्स आते हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार ने जानबूझ कर रोक दिया है । जैसा मेरे साथी ने कहा कि स्प्रिंकलर मशीन, जो गाड़ी चलती है और धूल पर पानी का छिड़काव किया जाता है । उस मशीन को खरीदने के लिए जो फंड दिल्ली गवर्नमेंट द्वारा आना चाहिए था, उसे हमें सैंट्रल गवर्नमेंट से लाना पड़ा । हम देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करते हैं कि उन्होंने इसके लिए हमें सौ करोड़ रुपये का अलग से बजट दिया । हमारे सांसद साथी कहीं भी देख सकते हैं कि एक गाड़ी पानी का छिड़काव करती हुई चलती है ।

अध्यक्ष जी, दिल्ली में कूड़े के पहाड़ को हटाने के लिए एमसीडी के, लोकल बॉडीज के जो फंड्स आने चाहिए थे, उनके लिए भी हमें सैंट्रल गवर्नमेंट के पास जाना पड़ा, क्योंकि पूरी दिल्ली त्राहि-त्राहि कर रही है । मैं एक और विषय आपके सामने लाना चाहता हूं । आज हम सदन में यह कह

सकते हैं कि नरेन्द्र मोदी जी द्वारा एयर पॉल्यूशन को दूर करने के लिए हमें समय-समय पर सहायता दी जा रही है, उसी की वजह से अलग से 125 करोड़ रुपये का बजट दिल्ली में लोकल बॉडीज को मिला है और आज हम सदन में कह सकते हैं कि डेढ़ साल में दिल्ली में कूड़े के तीन पहाड़ों को समाप्त कर देंगे और एयर पॉल्यूशन पर हमें बहुत बड़ी सफलता मिलेगी ।

महोदय, हम भी इस बात को मानते हैं, क्योंकि हम भी किसान के बेटे हैं । अगर पराली से किसी को समस्या है, तो क्यों न पराली को खरीदने के लिए राज्य सरकार कोई योजना बनाए । हम भी अपने कई साथियों से सहमत हैं, क्योंकि कोई किसान शौक से पराली नही जलाता है । लेकिन हमारी दिल्ली में प्रदूषण से बचने के लिए जो ऐड किया गया, उसका बजट 200 करोड़ रुपये का है और मात्र 50 करोड़ रुपये में हम एनसीआर की पराली खरीद सकते थे, जो हमारी दिल्ली की सरकार ने नहीं किया । इस पर भी यहां से कुछ न कुछ निर्देश जाना चाहिए । इस विषय को उठाने के लिए आपने हमें मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं ।

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** अध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं आपका बहुत आभार प्रकट करूंगा कि वायु प्रदूषण और क्लाइमेट चेंज, दोनों बहुत महत्वपूर्ण और बड़े मुद्दे हैं, जिनके लिए पूरा विश्व परेशान है, पर भारत सबसे ज्यादा परेशान है, क्योंकि हमारे यहां मानसून और किसानी का बहुत बड़ा हिस्सा प्रकृति पर निर्भर करता है । किस तरह से प्रकृति अपना रूप बदल रही है, उससे बहुत सारी दिक्कतें शुरू हो रही हैं ।

अध्यक्ष जी, मैं अपनी बात शुरू करने से पहले दो वाक्य पढ़ना चाहूंगा : -

“खिड़की की सलाखों से जब झांक कर देखा
तो किसी को कीचड़ में कमल
तो किसी को चांद पर दाग नजर आया ।”

वायु प्रदूषण एक ऐसा मुद्दा है, जिसमें एक तरफ विकास है और दूसरी तरफ हम आने वाली संततियों को क्या दे कर जाएंगे, उसकी भी जिम्मेवारी है । इन दोनों के बीच में हम लोगों को एक धारा चलानी है, ताकि भारत का विकास हो सके और हम आने वाले जेनरेशन को इस बात की शिकायत का भी मौका न दें कि जो हमारे पूर्वजों ने हमें धरती दी है, उस धरती को हमने सही सलामत आने वाले जेनरेशन को नहीं दे पाएं ।

अध्यक्ष जी, यह भारत की खूबसूरती है । वेदों के एग्जैक्ट डेटिंग के बारे में किसी को पता नहीं है, लेकिन हमारे यजुर्वेद में यह लिखा गया है कि हे! धरती मां, आप हमें कामधेनु की तरह निरंतर जीवन यापन करने की सारी सुविधाएं प्रदान करो, पर इसका भी हम ध्यान रखें कि आपको कोई कष्ट नहीं हो । इतनी बड़ी बात, आज से दस हजार वर्ष पहले कही गई थी, आज हम उसका पालन उस तरह से नहीं कर पाते हैं । हमारे पूर्वजों की परंपरा थी कि हमारे लिए हिमालय पूजनीय है, नदियां

पूजनीय हैं, पेड़ पूजनीय हैं । यह एक सांस्कृतिक विरासत थी कि हमें अपने पहाड़ों, नदियों और जंगलों की रक्षा करनी है । भारत की पूरी संस्कृति नदियों के साथ चली है, हिमालय के साथ चली है, लेकिन आज के समय में एक बहुत ही दु:खद पहलू हो गया है । मैं किसी को दोष नहीं देना चाहता हूं, लेकिन दिल्ली सरकार ने इस मुद्दे को उठा दिया है, जो एक द्वंद बन गया है, इंडिया वर्सेज भारत । आप किसानों को दोष देने का प्रयास कर रहे हैं, आप पराली को दोष देने का प्रयास कर रहे हैं । आज मैं पिनाकी मिश्रा जी, मनीष तिवारी जी, सभी का आभारी हूं कि उन्होंने बिल्कुल साफ-साफ डेटा दिया है कि किसानों को दोष दिया जाता है, वह सरासर गलत है और जो आप बोलते हैं कि पराली से प्रदूषण होता है, लेकिन टिहरी का एक डाटा है कि दिल्ली की गाड़ियों से निकलता धुआं, ट्रोपोस्फेरिक ओजोन के निर्माण का मुख्य कारण है । इस ओजोन के कारण गेहूं की फसल में बीस से तीस प्रतिशत कमी होने का अनुमान लगाया जाता है । कल अगर सभी किसान यह कहना शुरू कर दें कि आप अपनी सभी गाड़ियां बंद कर दें, क्योंकि इससे हमारा गेहूं उत्पादन प्रभावित होता है, तब दिल्ली का क्या होगा? यह सभी चीजों के बीच में बैलेंस बनाना है । इसके लिए यह बहुत आवश्यक है । हम अपनी गलतियां नहीं देखते हैं । इसी दिल्ली की सरकार ने फरवरी में हलफनामा दिया था कि हम आठ महीनों में तीन हजार बस देंगे, एक हजार इलेक्ट्रिक बस देंगे । आज क्या हुआ है, यह पूरी दिल्ली जानती है और देश भी जानता है ।

अध्यक्ष महोदय, 10 सालों में डीजल गाड़ियों को खत्म करना था, उसका क्या हुआ, किसी को पता नहीं है । यहां तक कि 1500 करोड़ रुपये का एक एम्बियंट एयर फंड 15 साल पहले बना था । मणिक्कम जी ऐतराज करेंगे कि मैं शीला दीक्षित जी का नाम क्यों ले रहा हूं, यह कांग्रेस की सरकार में बना था । उस 1,500 करोड़ रुपये का आज की सरकार ने क्या किया, यह किसी को नहीं पता है । उस समय का जो एम्बिएंट एयर फंड है या तो उसमें से कुछ लूट लिया गया या उसका उपयोग ही नहीं किया गया । उसके बाद अब किसानों को दोष देना शुरू करते हैं ।

इसी तरह से आज दिल्ली मेट्रो का जो फेज़-4 का प्रोजेक्ट है, उसको जान-बूझकर रोका जा रहा है । आज दिल्ली मेट्रो के कारण कितना प्रदूषण रुका है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है । भारत सरकार फेज-4 का जो प्रोजेक्ट कर रही है, उसको भी रोकने का प्रयास किया जा रहा है । यहाँ तक कि इतनी लंबी-चौड़ी बातें कही गईं कि हम सभी स्थानों पर इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के सब-स्टेशंस बनाएंगे । ऐसा लगता है कि पूरी दिल्ली का मतलब कनॉट प्लेस के अगल-बगल के दो-चार स्टेशंस ही हैं । इस तरह की चीजों पर कहीं-न-कहीं विचार करना पड़ेगा ।

मैं माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत आभारी हूँ । उनकी आत्मा में पर्यावरण बसा हुआ है । गुजरात के मुख्य मंत्री के तौर पर उन्होंने रीन्यूएबल एनर्जी के लिए, सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए जिस तरह के इनिशिएटिव लिए थे, वे अपने आप में ऐतिहासिक हैं । माननीय प्रधान मंत्री जी ने गुजरात में सोलर एनर्जी और विंड एनर्जी के लिए जो कुछ किया, हमने उसी को बाद में जेएनएनयूआरएम में लिया । यह अलग बात है कि उसमें भी कुछ राजनीति कर ली गई ।

मुझे श्री प्रकाश जावड़ेकर जी के साथ पेरिस एग्रीमेन्ट में जाने का सौभाग्य मिला है । पूरा विश्व अगर पेरिस एग्रीमेन्ट में किसी देश की बात कर रहा था तो वह केवल और केवल भारत की बात कर रहा था । उन सभी को लगता था कि भारत इस कमिटमेंट में साथ नहीं देगा, जबकि भारत ने बहुत जोर-शोर से पेरिस एग्रीमेंट में साथ दिया, सेल्फ डेक्लेरेशन किया और पर्यावरण संरक्षण पर जो माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में आज एनडीए की सरकार कार्य कर रही है, उसका एक-एक प्रयास ऐतिहासिक है । कितने वर्षों तक कैम्पा फंड पड़ा रहा, कोई उसे देखने वाला नहीं था, लेकिन जब हमारी सरकार आई, हमने इसी संसद में पिछली बार कानून बनाया और कैम्पा फंड के चलते कई प्रोग्राम हुए । बिहार सरकार भी जल-जीवन-हरियाली मिशन कर रही है । इस तरह की बहुत सारी प्लांटेशन की योजनाएं, नए पेड़ों को लगाने की योजनाएं, सबको देखने को मिलीं ।

अध्यक्ष जी, इसके अलावा भारत सरकार ने यह कदम भी उठाया है कि हम सीधे भारत स्टेज–4 से भारत स्टेज– 6 पर जाएंगे । इसके लिए भी मैं भारत सरकार को, जावड़ेकर जी को, धर्मेन्द्र प्रधान जी को और प्रधान मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

उसी तरह से, इन्होंने फेम-2.0 में ई-व्हीकल्स के लिए 10 हजार करोड़ रुपये दिए हैं ताकि ज्यादा-से-ज्यादा विद्युत-चलित कारें लाई जा सकें । आज सुबह मुझे पहली बार माननीय प्रकाश जावड़ेकर जी की विद्युत-चलित कार देखने का मौका मिला । इसके लिए भी मैं भारत सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ ।

इसके अलावा, जो बायो-फ्यूल से संबंधित नई पॉलिसी बनी, जिसमें **10** प्रतिशत इथेनॉल को जोड़ने का प्रबंध किया गया, यह एक बड़ा कदम है, क्योंकि किसानों को चीनी के सही दाम नहीं मिल पा रहे थे । इसलिए यह नैशनल बायो-फ्यूल पॉलिसी आने के बाद ज्यादा-से-ज्यादा चीनी मिलें इथेनॉल बनाने के प्रति अपनी रुचि दिखाएंगी । केवल इथेनॉल में ज्यादा पैसे देने के कारण किसानों को भी बहुत बड़ा लाभ होगा । इसके साथ ही, देश के पर्यावरण में जो प्रदूषण हो रहा है, उसमें भी कमी आएगी ।

इसके अलावा, जो नये मेट्रो प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं, वे बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं । मैं भारत सरकार का इसके लिए भी आभार प्रकट करता हूँ । श्री गडकरी जी को मैं बधाई देना चाहूँगा, उन्होंने एक सौ नदियों को जोड़कर जो इनलैंड वाटरवेज़ का निर्माण किया है, उससे नदियों की एक निश्चित गहराई भी बनेगी । यह सभी जानते हैं कि नदियों के द्वारा कम पैसे और कम इंधन खर्च करके अधिक मात्रा में सामान ले जाए जा सकते हैं । इसके लिए भी मैं अपनी सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ ।

सौभाग्य योजना के कारण हर घर में लकड़ी जलाना कम हुआ । …(व्यवधान)

सर, अभी मेरी बात समाप्त नहीं हुई है ।

**माननीय अध्यक्ष:** नहीं, अब आपकी बात समाप्त हुई ।

**डॉ. संजय जायसवाल:** सर, अगर आप आदेश करें, तो मैं परसों बोल सकता हूँ ।

अभी मैंने अपनी एडवाइस भी नहीं दी है ।

**माननीय अध्यक्ष:** आप अपनी एडवाइस लिखित रूप में दे सकते हैं ।

**डॉ. संजय जायसवाल:** सर, परसों बोलने के लिए मुझे समय दे दीजिए ।

इसी तरह उज्ज्वला योजना का काम हुआ । हम लोगों को पराली के लिए भी एक स्कीम बनानी होगी । इन लोगों ने जो किया है, मैं अमर सिंह जी के साथ इत्तेफाक रखता हूं । पंजाब ने जो एक सब-सॉयल वॉटर पॉलिसी बनाई, उसके चलते भी ये सारी दिक्कतें हो रही हैं कि इससे पहले आप गेहूं नहीं बो सकते हैं । इस पर भी सरकार को सोचना चाहिए, जैसे गुजरात सरकार एमिशन ट्रेडिंग स्कीम लाई है । …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सभा की कार्यवाही बुधवार**,** दिनांक 20 नवंबर**,** 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है ।

**18.31 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till eleven of the Clock on Wednesday, November 20, 2019/Kartika, 29, 1941 (Saka)*